स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित
कानपुर, मंगलवार
24 जून, 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 14
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 302 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

## ईरान के समर्थन में खुलकर आया रूस



**मॉस्को।** इजरायल और ईरान के बीच 10 दिनों से चल रहे संघर्ष के चलते आज दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ गया है। वहीं ईरान पर

### पुतिन बोले- तेहरान को देंगे हरसंभव मदद

### अमेरिकी हमलों की निंदा की

अमेरिकी हमले के बाद रूस ने सोमवार को ईरान को हरसंभव मदद देने का वादा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को कहा है कि रूस ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है। पेसकोव ने कहा कि हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की है। यह हमारी तरफ से एक ठोस मदद है। ईरान को जो भी जरूरत होगी, हम उसके अनुसार मदद करने को तैयार हैं। रूस ने ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे तनाव को लेकर भी अपना पक्ष साफ किया है। पेसकोव ने कहा कि रूस का यह रुख भी ईरान के लिए समर्थन का एक अहम तरीका है। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा है। यह भी ईरान के प्रति हमारे समर्थन का संकेत है। पेसकोव ने यह भी बताया कि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत में ईरान का मुद्दा कई बार उठा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और ट्रंप की हाल की बातचीत में ईरान का जिक्र कई बार हुआ है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को मॉस्को में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के दौरान इन हमलों को बेवजह बताया।

### ईरान ने कतर के बाद इराक और सीरिया में भी दागी मिसाइलें

ईरान ने कतर के अल उदीद एयरबेस पर अमेरिकी सेनाओं पर मिसाइल हमला किया। अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु केंद्रों पर बमबारी के जवाब में यह कार्रवाई की गई है। ईरान ने सरकारी टेलीविजन पर इस हमले की घोषणा की। टेलीविजन पर इसे अमेरिका की आक्रामकता के खिलाफ एक शक्तिशाली और कामयाब जवाब बताया गया। यह हमला उसी समय किया गया, जब कतर ने अपने हवाई क्षेत्र को बंद किया। उधर, इराकी मीडिया ने सोमवार रात जानकारी दी कि ईरान ने इराक में अमेरिकी एयरबेस ऐन अल-अस पर छह मिसाइलें दागीं, जबकि कतर की राजधानी दोहा में भी धमाके सुनाई दिए।

## लखनऊ में फिर ट्रेन पलटाने की साजिश!

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मल्हौर रेलवे स्टेशन के पास एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन लोहे की एक होर्डिंग टकरा गई। जो एक बड़े हादसे का रूप ले सकता था, लेकिन लोको पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। इसके बाद उसने इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। फिर उसे ट्रैक से हटाया गया और आगे के लिए गाड़ी ने प्रस्थान किया। बता दें कि आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस (12572) लखनऊ में दिलकुशा और मल्हौर के बीच रेलवे ट्रैक पर जानबूझकर लगाई गई लोहे की ग्रिल से टकरा गई। यह ट्रेन दिल्ली के आनंद विहार से गोरखपुर जा रही थी। घटना रविवार सुबह करीबन 3 बजे की है। हालांकि ट्रेन के ड्राइवर ने पटरी पर लोहे की ग्रिल को देख लिया और ट्रेन की स्पीड कम कर दी। जिससे ट्रेन पटरी से उतरने से बच गया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। रेलवे पुलिस ने इस मामले में गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कर दी है और इस साजिश की जांच शुरू कर दी है।

## ऋषभ पंत ने रचा इतिहास



### लगातार दो पारी में जड़ा शतक, इंग्लैंड में ऐसा करने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत ने लगातार दूसरी पारी में शतक लगाकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपनी जबरदस्त फॉर्म का मुजायरा पेश करते हुए महज 130 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का आठवां शतक पूरा किया। इसी के साथ पंत ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। पंत ने पहली पारी में 146 गेंदों में अपना सातवां टेस्ट शतक पूरा किया था। अब इसमें सुधार करते हुए उन्होंने 130 गेंदों में अपना आठवां टेस्ट शतक पूरा किया। इसी के साथ पंत पहले भारतीय बन गए जिन्होंने इंग्लैंड में टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है। इसके अलावा वह सातवें भारतीय हैं जिन्होंने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया है।

**भारत के लिए टेस्ट की हर एक पारी में शतक लगाने वाले बल्लेबाज**
विजय हजारे, सुनील गावस्कर (3 बार किया ऐसा)
राहुल द्रविड़ (2 बार किया ऐसा), विराट कोहली
अजिंक्य रहाणे, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत

## सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाला



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने तीन विधायकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### राकेश प्रताप, अभय सिंह और मनोज पांडेय पर बड़ा एक्शन

करते हुए उनको पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने विधायक राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और मनोज कुमार पांडेय पर कार्रवाई की है।
सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी ने जानकारी दी है कि विधायक अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता और किसान विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी, कारोबारी विरोधी , नौकरीपेशा विरोधी और 'पीडीए विरोधी' विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित कर दिया। गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, गौरीगंज सीट से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज कुमार पाण्डेय पर समाजवादी पार्टी ने एक्शन लिया है।

## इजरायल में 40 मिनट तक ईरानी मिसाइलों का तांडव

**तेल अवीव।** ईरान-इजरायल संघर्ष हर बीते वक्त के साथ और भी भयानक मोड़ पर पहुंचती जा रही है। रविवार सुबह अमेरिका ने ईरान के तीन अहम परमाणु ठिकाने (फोर्डो, नतांज और इस्फहान) को तबाह कर दिया था।
इसके बाद ईरान ने खुले तौर पर अमेरिका को धमकी दी है। ईरान का कहना है कि परमाणु ठिकाने पर हमले का मतलब है कि ईरान की सेना पर हमला करना।
सोमवार को दोनों देशों की ओर से एक-दूसरे पर मिसाइलें दागी गई है। उत्तरी इजरायल में भी ईरान की ओर से कई मिसाइलें दागी गई है। मिसाइल हमलों के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।
एक वीडियो में देखा जा सकता है कि इजरायल की एश्होद सिटी पर ईरान के मिसाइल हमले के पल रिकॉर्ड हुए।



एक डैशकैम फुटेज में देखा जा सकता है कि एक गाड़ी के करीब मिसाइल ब्लास्ट के बाद कैसे पत्थर और मलबा आसमान में उड़ने लगते हैं। कुछ ही पहलों के बाद कार की विंडशील्ड पूरी तरह से धूल से ढंक जाती है। जानकारी के मुताबिक, यह मिसाइल एश्होड के करीब एक पावर स्टेशन पर ब्लास्ट हुई है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार इस हमले में फिलहाल किसी के घायल होने की कोई भी खबर नहीं है, लेकिन शहर के दूसरे हिस्सों पर इसका प्रभाव देखा जा सकता है।

## पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा

### प्रवेश काउंसलिंग 27 जून से 14 अगस्त तक होगी

(यूपीजेईई-पी) - 2025 का परीक्षा परिणाम आज 23 जून को जारी कर दिया गया है। परिषद द्वारा वर्ष 2025 के लिए आयोजित यह परीक्षा 5 से 13 जून के मध्य कम्प्यूटर आधारित पद्धति से सम्पन्न करायी गयी थी। इस परीक्षा के लिए कुल 19 ग्रुपों में आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसके सापेक्ष कुल 4,25,993 आवेदन प्राप्त हुए। प्रवेश परीक्षा में कुल 3,31,193 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 3,31,174 अभ्यर्थी काउन्सिलिंग हेतु अर्ह पाए गए हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम में ग्रुप ए में झांसी के शुभ दीक्षित, ग्रुप बी में संत रविदास नगर के अनुज प्रताप, ग्रुप सी में जौनपुर के दशरथ यादव, ग्रुप डी में अयोध्या के आशीष तिवारी, ग्रुप ई में आगरा के तेजवीर सिंह, ग्रुप एफ में गोरखपुर की अंजिली शर्मा, ग्रुप जी में बस्ती के हर्ष श्रीवास्तव, ग्रुप एच में आजमगढ़ के सत्यपाल पाण्डेय, ग्रुप आई में गाजीपुर के अभिनव चौहान, ग्रुप के-1 में बलिया के शैलेश कुमार चौहान, ग्रुप के-2 में बिहार के जय प्रताप, ग्रुप के-3 में कन्नौज के अक्षय कुमार, ग्रुप के-4 में बलिया के सोनू कुमार वर्मा, ग्रुप के-5 में देवरिया के अतीक मंसूरी, ग्रुप के-6 में वाराणसी की अवंतिका, ग्रुप के-8 में गाजीपुर के हिमांशु कुमार तथा ग्रुप एल में अलीगढ़ के अशिष जाधव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सचिव ने बताया कि काउन्सिलिंग प्रक्रिया 27 जून से प्रारंभ होकर 14 अगस्त तक कुल पांच चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें मुख्य एवं विशेष दोनों चरण सम्मिलित हैं।

## अगले तीन दिनों में रिकार्ड बारिश : आईएमडी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ में कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। दिन में कई बार बादलों की आवाजाही के बीच देर रात तक बारिश होती रही।
दिनभर ठंडी पूर्वी हवाओं का असर बना रहा।
मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में रिकॉर्ड बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले तीन दिनों तक लखनऊ में अच्छी बारिश हो सकती है। यह इस सीजन की सबसे अधिक रिकॉर्ड स्तर की बारिश होगी। 30-50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चलेगी।
बादलों की गरज चमक भी बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 25 जून से तापमान में धीरे-धीरे बढ़त होना शुरू हो जाएगा। हालांकि, हल्की बारिश के बीच धूप छांव की स्थिति बनी रहेगी।

## उपचुनाव : गुजरात में आप और भाजपा को एक-एक सीट




**नई दिल्ली।** गुजरात, पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल की की पांच सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सोमवार को जारी किए गए। गुजरात की दो सीटों में एक पर आम आदमी और एक पर भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। वहीं पंजाब में आप, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और केरल कांग्रेस उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। ये उपचुनाव 19 जून को कराए

### केरल में कांग्रेस, बंगाल में टीएमसी ने मारी बाजी

गए थे। केरल में पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार को बड़ा झटका देते हुए कांग्रेस के यूडीएफ उम्मीदवार आर्यदान शौकत ने नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में एलडीएफ के सीपीआई(एम) के एम स्वराज को 11,077 मतों के बड़े अंतर से हराया। पंजाब के लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आम आदमी पार्टी जीत गई है। आप के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने पहले राउंड से बढ़त बनाए रखी जो आखिरी राउंड तक कायम रही। गुजरात की कडी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर भाजपा के राजेंद्र चावड़ा ने उपचुनाव में जीत दर्ज कर ली है। राज्य की दूसरी विसावदर सीट पर आम आदमी पार्टी के पूर्व राज्य अध्यक्ष गोपाल इटालिया ने जीत दर्ज कर ली है। पश्चिम बंगाल की सीट पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अलीफा अहमद ने 1,02,759 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के आशिष घोष को 50,049 वोटों से हरा दिया।

## 'पीएम मोदी की वैश्विक सक्रियता भारत की प्रमुख ताकत'



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक स्तर पर भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, सक्रियता और संवाद करने की इच्छाशक्ति भारत के लिए एक प्रमुख संपत्ति है। हालांकि शशि थरूर की ये टिप्पणी कांग्रेस पार्टी की

### थरूर ने फिर पढ़े प्रधानमंत्री की तारीफ में कसीदे

आधिकारिक लाइन से मेल नहीं खाती, जो लगातार मोदी सरकार की विदेश नीति की आलोचना कर रही है। कांग्रेस नेता का यह लेख एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कूटनीतिक पहल को राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संप्रेषण का उदाहरण बताया। शशि थरूर ने अपने लेख में लिखा, प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, सक्रियता और वैश्विक स्तर पर संवाद की तत्परता भारत की एक बड़ी ताकत है, जिसे और अधिक समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कूटनीतिक सक्रियता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया।

## 'विपक्ष को नीचा दिखाने की कोशिश नहीं होगी बर्दाश्त'

**रायचूर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पीएम पर विपक्ष को हल्के में लेने और पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठकों से दूरी बनाए रखने का आरोप

### पीएम मोदी पर खरगे ने साधा निशाना



लगाया। कर्नाटक के रायचूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश इस समय एक कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बताया, हाल ही में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की जान ले ली। इसके जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर उन्हें मार गिराया। इस दौरान खरगे ने कहा कि जब पूरा देश और सेना एकजुट होकर देश की रक्षा कर रहे थे, तब कुछ लोग इसका व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, अगर वे सेना में कप्तान, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल रहे होते और देश के लिए लड़े होते, तो हम उनकी तारीफ करते। लेकिन ऐसा तो हुआ ही नहीं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद सर्वदलीय बैठक की सबसे पहले मांग कांग्रेस ने की थी। खरगे ने सवाल उठाया कि, दो बार बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री एक बार भी नहीं आए। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वह क्यों नहीं आए? उन्होंने बताया कि देशभर के नेता कश्मीर से कन्याकुमारी तक अपनी व्यस्तताएं छोड़कर बैठक में शामिल हुए, लेकिन प्रधानमंत्री देश में मौजूद होने के बावजूद नहीं आए। खरगे ने कहा, वह उस समय बिहार चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। जब देश के जवान और जनता एक तरफ लड़ाई लड़ रहे थे, तब प्रधानमंत्री दूसरी तरफ प्रचार में लगे थे। यह सही नहीं है। इसके साथ ही खरगे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार विपक्ष को नीचा दिखाने की कोशिश करेगी, तो देश की जनता, खासकर युवा वर्ग इसे सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा, अगर आप विपक्ष और उसके नेताओं को छोटा समझेंगे, तो यह रवैया देश के लिए ठीक नहीं है।

## इंडिगो कर्मचारी ने अफसरों पर लगाया जातिवादी बर्ताव का आरोप




**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो के एक कर्मचारी ने अपने तीन वरिष्ठें पर जातिवादी बर्ताव करने का आरोप लगाया है। कर्मचारी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि कंपनी की एक बैठक के दौरान सीनियर्स ने उसको जातिवादी गालियां दीं। मामले में गुरुग्राम पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर

### विमानन कंपनी ने दी सफाई

ली है। एफआईआर दर्ज होने के बाद विमानन कंपनी ने इंडिगो ने सफाई दी। कंपनी ने कहा कि शिकायत में किए गए दावे निराधार हैं और वह जरूरत पड़ने पर जांच में पुलिस का सहयोग करेगी। इंडिगो के कर्मचारी बंगलूरू के शरण ए (35) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आदि द्रविड़ समुदाय से है। यह एक अनुसूचित जाति है। कार्यस्थल पर उसे कई बार जाति-आधारित टिप्पणियां झेलनी पड़ीं। बंगलूरू पुलिस को दी शिकायत में कर्मचारी ने कहा कि 28 अप्रैल को गुरुग्राम में बैठक के दौरान इंडिगो के अधिकारी तपस डे, मनीष साहनी और कैप्टन राहुल पाटिल ने उसके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। कर्मचारी ने कहा कि उसके साथ जाति-आधारित मौखिक दुर्व्यवहार और भेदभाव किया गया। साथ ही धमकियां दी गईं। मुझे सबके सामने अपमानित किया गया।

## स्कूल जाना चाहती हूं, मेरा एडमिशन करा दीजिए...

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में संत की भूमिका, मुख्यमंत्री के रूप में सख्त प्रशासक का दायित्व, लेकिन इन सबसे इतर प्रकृति से लगाव और बच्चों से घुलने-मिलने की प्रवृत्ति के कारण योगी आदित्यनाथ की छवि हर दिल

### 'जनता दर्शन' में नन्ही बच्ची का अंदाज देख मुस्कुरा उठे सीएम योगी

में बसी है। यूं तो हर दौरे, निरीक्षण, कार्यक्रम में बच्चों को देख योगी आदित्यनाथ उनसे मिलते, हालचाल जानते, पढ़ाई के बारे में पूछते, फिर चॉकलेट देते, लेकिन सोमवार को एक अलग ही वाक्या हुआ। बच्ची से मुख्यमंत्री के संवाद को देख सभी ने योगी के बालमन की तारीफ की तो बच्ची की हाजिर जवाबी पर मुस्कुरा उठे।
सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान मुरादाबाद से वाची नाम की नन्ही बच्ची अपनी बात लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंची। हर एक फरियादी के पास पहुंच रहे मुख्यमंत्री जब इस बच्ची के पास पहुंचे तो उसे देख सबसे पहले हालचाल पूछा, फिर उसका भी प्रार्थना पत्र लिया और पढ़ा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाची से पूछा कि तू, स्कूल नहीं जाना चाहती है। इस पर बच्ची बोली-नहीं, मैं स्कूल जाना चाहती हूं। मैं यह कह रही थी कि आप स्कूल में मेरा एडमिशन करा दो। मुख्यमंत्री ने पूछा, किस क्लास में। 10वीं या 11वीं में, बच्ची ने तपाक से उत्तर दिया-अरे, मुझे नाम नहीं पता। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद को प्रार्थना पत्र सौंपा और कहा कि इस बच्ची का एडमिशन हरहाल में कराओ। मुख्यमंत्री का यह रूप देख जनता दर्शन में आए फरियादी भी एक मिनट के लिए अपनी पीड़ा भूल मुस्कुरा उठे।

### योगी जी ने मुझे बिस्कुट और चॉकलेट भी दी

मुरादाबाद से आई वाची से पूछा गया कि किससे मिलकर आई हैं, उन्होंने कहा कि मैं योगी जी से मिलकर आई। मैंने उनसे कहा कि मेरा स्कूल में एडमिशन करवा दें। जिस पर उन्होंने कहा कि मैं करवा दूंगा। मुख्यमंत्री से मिलकर प्रफुल्लित वाची ने बताया कि योगी जी ने मुझे बिस्कुट और चॉकलेट भी दी।



## मणिपुर : दिव्यांग की हत्या में मैतेई नेता गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में दिव्यांग व्यक्ति की हत्या में कथित संलिप्तता के आरोप में मैतेई संगठन अरम्बई टेंगोल (एटी) के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार एटी नेता की पहचान युमनाम हुइड्रोम थियाम लीशांगखोंग निवासी लोंगजाम खाबा सिंह (35) के रूप में हुई है। वे पाओबिटेक मयाई लेइकाई के एमडी चेसम अब्दुल कादिर की हत्या के मुख्य आरोपी हैं। उन्हें रविवार को पुथिबा लाइबुंग कॉम्प्लेक्स के पास मोंगसांगेई माखा लेइकाई अरुबाम लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। हत्या के सिलसिले में अब तक एटी के सात सदस्यों सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चेसम 11 जून की आधी रात को लापता हो गए थे और बाद में उनका शव इंफाल पश्चिम जिले के समूरो नाओरेम में दफन पाया गया था। 17 जून को कार्यकारी मजिस्ट्रेट, फोरेंसिक टीम और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने कहा था कि एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। हत्या के बाद इंफाल घाटी में कई मुस्लिम संगठनों ने विरोध प्रदर्शन और निंदा की।

## विद्युत व्यवस्था चरमराई



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** गत दो दिनों से क्षेत्र में हो रही बरसात ने विद्युत विभाग की पोल खोल कर रख दी हैमौसम के शुरुआती दो दिनों में हुई औसत बरसात में ही क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। क्षेत्र में रोस्टर के अनुरूप विद्युत सप्लाई न मिलने से परेशान लोगों को बीती रात भीषण गर्मी में ध्वस्त हो गई विद्युत व्यवस्था ने बेहाल कर दिया। ग्रामीणों के साथ मिलकर जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए अथक प्रयासों के बाद देर रात बहाल हुई विद्युत व्यवस्था के बाद लोगों ने राहत के सांस ली। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में विगत दो दिनों से हो रही बरसात ने विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को लेकर किये जा रहे दावों की पोल खोल दी है। बताते चले कि सरकार द्वारा तहसील एवं नगर क्षेत्र में साढ़े 21 घंटे विद्युत आपूर्ति देने का रोस्टर जारी किया गया है। किन्तु नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में महज 15 से 16 घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। जबकि विद्युत विभाग 20 घंटे से अधिक विद्युत आपूर्ति करने का दावा करता रहता है। क्षेत्र में गत 19 जून से हो रही औसत बरसात ने विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध विद्युत सप्लाई के लिए चुस्त दुरुस्त व्यवस्था होने के किया जा रहे दावों की कलई खोल कर रख दी है। रविवार 22 जून की शाम आधे घंटे से अधिक हुई बरसात में कस्बा फतेहपुर चौरासी की विद्युत सप्लाई के लिए फतेहपुर चौरासी ग्रामीण की तरफ से आई हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर जमींदोज हो गया।जिससे कस्बे की विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई। जबकि बरसात शुरू होने से पहले विद्युत कर्मी हाई टेंशन लाइनों को छू रहे हरे पेड़ों की कटाई छंटाई कर एवं तारो को कस कर इस बार बरसात में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था निर्बाध चालू रखने का दावा करते थे। किंतु विद्युत कर्मियों द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए चाक चौबंद की गई व्यवस्था महज 2 दिनो में ही दम तोड़ गई। रविवार को भीषण गर्मी में कस्बे की विद्युत व्यवस्था ठप्प हो जाने से नगर वासी बेहाल हो गए। नगर पंचायत के इंदिरा नगर सभासद कुलदीप शुक्ला एवं शास्त्री नगर सभासद के प्रतिनिधि एवं समाजसेवी शिवानुज पांडेय तथा फतेहपुर चौरासी ग्रामीण प्रधान पति आजाद आदि जन प्रतिनिधियों ने तमाम ग्रामीणों के साथ विद्युत कर्मियों का सहयोग कर अथक प्रयासों के बाद रात 12 बजे के बाद कस्बे की विद्युत आपूर्ति सुचारू कराई। समाजसेवियो के अथक प्रयासों के बाद कस्बे की विद्युत व्यवस्था बहाल तो हुई किंतु बिजली आंख मिचौली कर रोस्टिंग की भेट चढ़ गई।जिससे एक बार फिर नगरवासियों को भीषण उबाल देने वाली गर्मी को झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।देर रात ढाई बजे के बाद रोस्टिंग खत्म होने पर कस्बे की विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। रात ढायी बजे के बाद कस्बे की विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस संबंध में एक्सईएन बांगरमऊ राजनाथ यादव का कहना है कि मौसम और बारिश के चलते बिजली व्यवस्था खराब है

## तेज रफ्तार डम्फर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत एक घायल

**उन्नाव** अचलगंज थाना क्षेत्र में कानपुर लखनऊ नेशनल हाईवे पर हादसा हो गया । तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी । हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई । वहीं हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया । वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । आपको बता दें की उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ नेशनल हाईवे पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है । कानपुर लखनऊ नेशनल हाईवे के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार 2 युवकों को जोरदार टक्कर मार दी । हादसे में कानपुर के रहने वाले हसीब नाम के युवक की मौके पर ही मौत हो गई । वहीं बाइक सवार दूसरा युवक आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया । वहीं हादसे की सूचना पर पहुंची अचलगंज थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया की मृतक हसीब ढकनापुरवा कानपुर का रहने वाला है । वहीं घायल युवक आदित्य कानपुर के बारादेवी का रहने वाला है ।

## मिट्टी खनन में लगे डंपरों ने सड़कों को बनाया गलियारा

उन्नाव। भारी वाहनों को दही चौकी मोड़ से पुरवा होकर जाने के पूर्व में किए गए डाइवर्जन से चक्कर बचाने के लिए भारी वाहनों ने मद्दीखेड़ा से लहिया चौराहा होते हुए नवाबगंज का नया विकल्प बना लिया था। जिसके चलते उक्त मार्ग की सड़कें बुरी तरह से टूट फूट गई थी। अभी वह सड़के बनी भी नहीं थीं कि मिट्टी के खनन ने कोढ़ में खाज का काम किया। शारदा नहर की शाखा से निकली डकौली माइनर से लहिया चौराहे तक का की रोड को गलियारे में ही बदल दिया। अब युक्त मार्ग तो चलने लायक भी नहीं रह गया है। मददी खेड़ा का शारदा नहर पर बना पुल तो चलने लायक नहीं रह गया है। विभाग द्वारा भी उसे जर्जर घोषित किया जा चुका है।

यहां प्रश्न ये उठता है कि जो सड़के हल्के वाहनों के लिए बनती हैं उन पर जब डमफर चलेंगे तो उनकी हालत क्या होगी। अब उक्त सड़के राम भरोसे पर हैं नहीं पता कब बनेंगी और चलने योग्य हो पाएंगी।

# टायर फटने से अनियंत्रित हुआ डम्फर डिवाइडर से टकराया



**उन्नाव** लखनऊ.कानपुर हाईवे पर एक सड़क हादसा हो गया जहां डंपर का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इसी दौरान पीछे से आ रहा केले से भरा ट्रक भी डंपर से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और जिसमें डफर चालक केबिन में फंस गया जिससे अफरा तफरी मच गई चीख पुकार सुन आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा की मदद से चालक को बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है अचलगंज थाना के अंतर्गत बदरका चौकी क्षेत्र के लखनऊ कानपुर हाईवे पर सीएनजी पेट्रोल पंप के पास सोमवार लगभग 4 बजे डंफर चालक आकाश पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी भोकल खेड़ा कानपुर से लखनऊ की तरफ जा रहा था तभी सीएनजी टंकी के पास डफर के आगे अचानक टायर फट गया और चालक स्टेयरिंग संभाल नहीं पाया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया पीछे से आ रहे केला से भरा ट्रक डफर में जा भिड़ा और केला सड़क पर बिखर गया जिससे अफरा तफ़री मच गई वही डफर के आगे का हिस्सा क्षतिगस्त होने से डंफर चालक केबिन में फंस गया आसपास के लोगों ने चालक की चीख.पुकार सुन घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला आनन फानन में घायल चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां प्राथमिक उपचार जारी है। धीरे धीरे करके कई घंटे तक जाम लग गया जिससे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा वही कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस जाम को खुलवा सकी और सुचारू रूप यातायात चालू हो सका वही बदरका चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने बताया कि हादसे में ट्रक से केले सड़क पर बिखर गए। इससे हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है।

## गंगा के बढ़ते जलस्तर और कटान का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**उन्नाव** गंगा नदी का जलस्तर घटने और बढ़ने से पश्चिमी क्षेत्र की चंपापुरवा बस्ती के सामने पिछले कई सालों से लगातार कटान हो रही है जिसकी वजह से कई बीघे जमीन नदी में कटान से समा चुकी है अब धीरे धीरे गंगा किनारे बसे मकान भी कटान की जद में आने शुरु हो गये हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय सभासद ने जिला प्रशासन को अवगत कराया थाए जिसके बाद सोमवार को सदर तहसीलदारए नायब तहसीलदार परियर और लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। हाल ही में पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हुई बारिश के कारण गंगा के जलस्तर में धीरे.धीरे वृद्धि ही होनी है । इसी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय सभासद ने जिलाधिकारी को चंपापुरवा बस्ती के सामने हो रही कटान के बारे में सूचित किया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर सदर तहसीलदार अरसला नाजए नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारीए और क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी ने सोमवार को चंपापुरवा के कटान स्थल का दौरा किया। निरीक्षण के दौरानए अधिकारियों ने तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों से बाढ़ की स्थिति और उससे निपटने की तैयारियों के बारे में भी बातचीत की। तहसीलदार अरसला नाज ने बताया कि वे जिलाधिकारी के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण करने आई थीं। उन्होंने स्थानीय लोगों से बाढ़ को लेकर चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया। कटान की समस्या के संबंध में तहसीलदार ने बताया कि सिंचाई विभाग के जेई पहले ही मौके का निरीक्षण कर चुके हैं। कटान रोकने के लिए पत्राचार किया जा रहा हैए और जैसे ही कोई निर्देश प्राप्त होते हैंए कटान रोकने के उपाय किए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कटान को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन इस मामले में पूरी तरह से सक्रिय है और जल्द ही ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद है।





## उन्नाव जिला सहकारी बैंक कार्यालय में 2 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उन्नाव** उन्नाव जिला सहकारी बैंक कार्यालय में 2 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय राय ने शिरकत की । इस दौरान प्रेसवार्ता कर जिला सहकारी बैंक के द्वारा 2 साल में पूरे किए गए कार्यों और नई योजनाओं को बताया गया । वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने प्रेसवार्ता कर अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला । बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय राय ने एक सवाल के जवाब में कहा की अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे तो अपने ही कैबिनेट के मिनिस्टर और अपने ही चाचा को पार्टी से निकाले थे । प्रदेश महामंत्री ने आरोप लगाया की अखिलेश यादव अपने लोगों को पार्टी से निकालते रहते हैं और झगड़ा करते रहते हैं । वहीं बड़ा बयान देते हुए उन्होंने कहा की अखिलेश यादव का अपनी पार्टी के ऊपर पकड़ नहीं है और पूरी तरह कंट्रोल नहीं है । वहीं बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा की किसी भी विषय में किसी भी दो लोगों में मतभेद हो सकता हैए उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल हो गए । यूपी सरकार पर 8 सालों में कोई आरोप नहीं लगा । उन्होंने समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा की अखिलेश यादवए समाजवादी पार्टी को अगर हिम्मत है तो सुप्रीम कोर्टए हाईकोर्ट से जांच की मांग करिए । उन्होंने दावा करते हुए कहा की किसी भी हमारे मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है । कोई भी साक्ष्य लाकर के दे हमारे किसी भी मंत्री पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है । हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ईमानदारी और परिश्रम की चर्चा पूरे देश में है ।

## दिल दहला देने वाली घटना करंट से बेटे की मौत और फिर पिता की सड़क हादसे मे मौत

**उन्नाव** रसूलाबाद गांव में सोमवार का दिन ऐसा हादसा लेकर आयाए जिसने पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया। एक ही दिन में पिता और बेटे की मौत ने पूरे गांव को गम के सागर में डूबो दिया। जहां मासूम बेटे की करंट लगने से मौत हुईए वहीं घटना की जानकारी पर बेटे को देखने आ रहे पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। घर में एक साथ दो अर्थियां उठती देख पूरे गांव में मातम पसर गया। हर चेहरा ग़म में डूबा हुआए हर आंख नमए और घर में पसरा सिर्फ सन्नाटा। घटना आसीवन थाना क्षेत्र रसूलाबाद की है। इसी गांव में रहने वाला विष्णु जयसवाल का 5 वर्षीय बेटा अयांश घर के आंगन में खेल रहा थाए तभी वह दीवार पर लगे एक खुले बिजली बोर्ड के पास पहुंच गया। जैसे ही उसने अनजाने में बोर्ड में उंगली डाली। उसे एक तेज झटका लगा और वह वहीं गिर पड़ा। करंट इतना जबरदस्त था कि बिजली बोर्ड भी टूटकर उसके ऊपर गिर गया। परिजन तत्काल उसे मियागंज स्थित सीएचसी ले गएए लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर जैसे ही यह खबर मासूम के पिता विष्णु जायसवाल को मिलीॉ जो उन्नाव में एक शराब की दुकान पर ड्यूटी पर थेॉ वे घबराहट में तुरंत बाइक से घर के लिए निकले। लेकिन रास्ते में माखी थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। ये हादसा इतना भीषण था कि विष्णु जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई। अब इस घर में न मासूम की मुस्कान हैए न पिता का साया। मां शिवानी जायसवाल का रो.रोकर बुरा हाल है। वे बार.बार बेसुध हो जा रही हैं। बड़ा बेटा वेदांशए कभी छोटे भाई को पुकारता हैए तो कभी अपने पिता को ढूंढता है। गांव के लोग भी इस गहरे शोक से उबर नहीं पा रहे।

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**उन्नाव** जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में पन्नालाल सभागार कलेक्ट्रेट उन्नाव में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति उन्नावए श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश् योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स तथा जनपद में बाल विवाह की रोकथाम हेतु गठित जिला टास्क फोर्स एवं वन स्टाप सेन्टर की जिला संचालन समिति के नामित सदस्यों के साथ त्रैमासिक बैठक आहूत की गयी। बैठक में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाईए बाल कल्याण समितिए किशोर न्याय बोर्डए चाईल्ड लाइनए वन स्टाप सेन्टरए विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ;कोविड एवं सामान्यद्ध एवं स्पॉन्सरशिप योजना का वृहद रूप से प्रचार.प्रसार किये जाने एवं पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने के साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनाए चाईल्ड हेल्पलाइन योजनान्तर्गत वृहद रूप से अभियान चलाकर आमजनमानस को जागरूक किये जानेए नियमित रूप से बाल भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम रोके जाने हेतु सम्बन्धित विभागों के मध्य आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाये जाने हेतु समस्त थानों को अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। उपरोक्त बैठक में श्री गौरांग राठी जिलाधिकारीए श्री अमिताभ यादव अपर जिलाधिकारी ;न्यायिकद्धए डा0 जे0आर0 सिंह अपर मुख्य चिकित्साधिकारीए श्री प्रेमचन्द्र अपर पुलिस अधीक्षकए श्री देव कुमार चतुर्वेदी जिला विकास अधिकारीए श्री सुनील दत्त जिला विद्यालय निरीक्षकए श्रीमती संगीता सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए श्री मनोज कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी ;विकासद्धए श्री क्षमानाथ राय जिला बाल संरक्षण अधिकारीए एस0एन0 नागेश सहायक श्रमायुक्तए प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारीए श्रीमती प्रीती सिंह अध्यक्ष एवं सदस्य बाल कल्याण समितिए सदस्य किशोर न्याय बोर्डए प्रभारी डी0सी0आर0बी0ए प्रभारी एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाई के अधिकारीए समस्त बाल विकास परियोजनाधिकारीए श्री संजय कुमार मिश्र बाल संरक्षण अधिकारीए श्री अवधेश कुमार विधि.सह परिवीक्षा अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के समस्त कर्मचारीए सुश्री एकता श्रीवास्तव सेन्टर मैनेजरए श्री दिवाकर ओझा जिला समन्यक चाईल्ड हेल्पलाइन एवं जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## नवीन मंडी स्थल पर सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा छापेमारी से मचा हड़कंप

**उन्नाव** लखनऊ.कानपुर हाईवे पर लखनऊ बाईपास के पास स्थित नवीन मंडी स्थल जहां पर जनपद का किसान अपनी उपज बेचने आता है । इस मंडी में थोक व फुटकर क्रय विक्रय किया जाता है । किसानों से मंडी परिसर में अवैध वसूली शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट ध्मंडी सचिव राजीव राज ने सुबह करीब 11ण्30 बजे भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी की । प्रशासन की छापेमारी से व्यापारियों में मचा हड़कंपए कई व्यापारी मौके से भाग खड़े हुए । वहीं सिटी मजिस्ट्रेट ने किसानों से बातचीत कर समस्याओं को सुना और तत्काल मंडी समिति कर्मियों को निस्तारण के आदेश दिए है । मंडी परिसर में किसानों के लिए बनवाये गए चबूतरों पर व्यापारियों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट ने 24 घंटे में खाली करने का अल्टीमेटम दिया है । वही अवैध कब्जा न हटाने पर एफआईआर की चेतावनी दी है। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि नवीन मंडी स्थल का आज निरीक्षण किया गया है । किसानों की समस्याओं को सुनकर उन्हें तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं । इसके अलावा चबूतरो पर व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है । उन्हें 24 घंटे के अंदर खाली कर किसानों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# कानपुर देहात समाचार

## मृतक पत्रकार के परिजन अब सीएम से लगाएंगे न्याय की गुहार



**माती कानपुर देहात** पत्रकार की पीट पीट कर हुई निर्मम हत्या के मामले में भले ही आज एक महीना क्यों ना पूरा हो गया हो लेकिन पुलिस 30 दिनों में तीन कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई हैए नतीजा हत्यारे एक ओर जहां खुलेआम घूम कर व्यवस्थाओं को सीधी चुनौती देते हुए मृतक के परिजनों को धमकाने का प्रयास क्यों न कर रहे हो लेकिन हत्यारों की गिरफ्तारी करना को दूर पुलिस अब तक यही फैसला नहीं कर पाई है कि उसे किस दिशा में कदम आगे बढ़ाना हैए रविवार को मृतक पत्रकार के पुत्र द्वारा बताया गया कि पुलिस से साठ गांठ कर हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं जब उनका मन आता है वह अपने घर आते हैं और जब मन आता है वह गायब हो जाते हैं मृतक के पुत्र द्वारा बताया गया कि स्थानीय स्तर से लेकर जिला प्रशासन की चौखट तक पर कई बार वह न्याय की आज में जा चुके हैं लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। गौरतलब रहे कि एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता रणवीर सिंह डेरापुर थाना क्षेत्र के भडपुरा मोड़ के निवासी थेए मृतक की पुत्री साक्षी के अनुसार 22 मई 20 25 की शाम उनके पिता रणबीर अपनी छत पर भरे बरसात के पानी को बाहर निकाल रहे थे साक्षी के अनुसार छत से पानी निकालने के दौरान पानी की बूंदों की छिटकी वहा सड़क से निकल रही अंजनी पत्नी राजेश पर पड़ गईए जिस पर आग बबूला होकर अंजनी ने मौके पर ही गाली गलौज करते हुए जान से मार दिए जाने की धमकी दी और अपने घर जाकर शिवम पुत्र राजेश आर्यन पुत्र शरद प्रजापति शरद पुत्र सियाराम प्रजापति व अंजनी पत्नी राजेश रोहित पुत्र राम आसरे आदि को लाठी डंडों से लैस कराकर ले आई तथा उसके पिता पर हमला कर दियाए साक्षी ने बताया कि उसके पिता चीख चीखकर मदद की गुहार लगाते रहे लेकिन किसी ने उनकी एक ना सुनी नतीजा गम्भीर रूप से धायल उसके पिता न्याय की आस में पहले चौकी मुगीसापुर गए लेकिन वहां चौंकी प्रभारी उन्हें काफी समय तक बिठाएं रहे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की इसके बाद उसके पिता डेरापुर थाने गए वहां पर भी कुछ नहीं किया गया इधर मारपीट में चोट ज्यादा आ जाने पर पिता की हालत गंभीर हो गई जिन्हें पैहले सीएचसी फिर जिला अस्पताल और बाद में कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 24 मई की सुबह चिकित्सकों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दियाए अंतिम संस्कार के बाद से परिवार न्याय के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहा है लेकिन परिवार को न्याय उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैए परिजनों ने बताया कि अब वह प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाएंगे।

## परिवहन मंत्री ने भव्य समारोह के बीच किया नमस्ते चौराहे का उद्घाटन



**माती कानपुर देहात** लगभग हर दिन विकास के नए आयामों को छूता चला आ रहा अपना अकबरपुर शहर आज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन के प्रयासों से उस मंजिल को पाने में सफल हो गया जिसकी उसे लंबे समय से दरकार थीए आज अकबरपुर शहर के पास अपना खुद का नमस्ते चौराहा हैए लोकतंत्र सेनानी पंडित संतोष शुक्ला बस स्टैंड है अब अपने अकबरपुर को किसी पहचान की आवश्यकता नहीं रही हैए सोमवार को भव्य समारोह और हजारों की संख्या में मौजूद लोगों की उपस्थिति में प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा नमस्ते चौराहा एवं बस स्टैंड का उद्घाटन किया गयाएइस दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा समस्त बसो के ठहराव की मांग परिवहन मंत्री के समक्ष रखी गई जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए शीघ्र ही आदेश पारित किए जाने का आश्वासन दिया कार्यक्रम के दौरान चारों तरफ गुड्डन भइया जिंदाबाद के गगन भेदी नारे सुनाई देते रहेए वहीं स्थानीय जनप्रिय भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले द्वारा कहा गया कि कल तक अकबरपुर नगर पंचायत की कमान भ्रष्टाचारियों और बेईमानों के हाथ में थी लेकिन गुड्डन के रूप में अकबरपुर शहर की जनता को एक ईमानदार और सच्चा सेवक प्राप्त हुआ है इसलिए इस नगर पंचायत के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी वह कभी आने नहीं देंगे। अकबरपुर नगर पंचायत में विकास की गंगा बहने का कार्य समर्पण भाव से करते चले आ रहे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा लंबे समय से इस बात के प्रयास किया जा रहे थे कि अपनी अकबरपुर शहर को विशेष पहचान प्राप्त हो सके यहां खुद का बस स्टैंड हो और एक चौराहा तो कम से काम ऐसा हो जिसके नाम से जिले की पहचान होए कहा जाता है कि व्यक्ति यदि ईमानदारी पूर्वक अच्छी सोच के साथ अपने कदमों को आगे बढ़ाता है तो ईश्वर भी उसका सहयोग करने के मामले में पीछे नहीं रहते हैं कुछ ऐसा ही गुड्डन भइया के साथ हुआ जिन्होंने तमाम परेशानियों का सामना करने के बावजूद अकबरपुर शहर को नमस्ते चौराहा देने का सफल कार्य कर दिखायाए निश्चित समय पर चौराहे का उद्घाटन करने पहुंचे प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा फीता काटकर चौराहे का उद्घाटन किया गया इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की अनेकों कल्याणकारी योजनाओं से भी अकबरपुर नगर पंचायत को लाभान्वित किया उन्होंने कहा कि विश्वास भरा सेवक जनता को प्राप्त हो जाए आज के दौर में यह बड़ी बात है उन्होंने कहा कि गुड्डन सिंह तो जीवन और मौत के बीच पहुंच गए थे लेकिन यह जनता का स्नेह था जो उन्हें वापस आकर जनता की सेवा में समर्पित होना पड़ा उन्होंने साफ तौर से कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार में गुड्डन द्वारा विकास के जो प्रस्ताव उनके समक्ष रखे जाएंगे उनका पूरी ईमानदारी के साथ अनुपालन करते हुए अकबरपुर को विकास से लाभान्वित करने का कार्य किया जाएगाए जनप्रिय भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले द्वारा कहा गया कि वह अपने प्रयासों से अकबरपुर शहर को विकास की बुलंदियां दिलाने का काम करेंगे क्योंकि आज अकबरपुर शहर के पास गुड्डन के रूप में एक ईमानदार सच्चा सेवक मौजूद है उन्होंने कहा कि अकबरपुर के विकास में धान की कमी वह कभी नहीं आने देंगे उन्होंने आम जनमानस से सीधा संवाद स्थापित करते हुए कहा कि विकास का प्रस्ताव लेकर कोई भी व्यक्ति किसी भी वक्त सीधे गुड्डन सिंह के पास जाकर संपर्क कर सकता है उसके प्रस्ताव को स्वीकृति दिलाना उनका नैतिक दायित्व होगाए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा कहा गया उन्होंने जितना बन सका अकबरपुर की जनता को अपनी सेवाएं देने का काम किया है उन्होंने साफ तौर से कहा कि भ्रष्टाचार और बेईमानी से उनका कोई लेना.देना नहीं है शासन और सरकार से विकास के लिए आने वाले एक.एक पैसे का हिसाब जनता जब चाहे तब उनसे मांग सकती है वह केवल सेवा करने के लिए राजनीति के क्षेत्र में मौजूद है स्वार्थ प्राप्त करने के लिए नहीं उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर किसी भी वक्त सेवा के लिए सीधे याद करने का सभी से आवाहन करते हुए आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त कियाउन्होंने कहा कि आप सभी के आगमन से ही कोई कार्यक्रम सफल हो पता है इसलिए हम आपके सदैव आभारी रहेंगे उन्होंने कहा कि अभी 3 वर्ष का कार्यकाल उनके पास बाकी है और इन तीन वर्षों में अकबरपुर नगर पंचायत को उत्तर प्रदेश की सबसे अधिक विकासशील नगर पंचायत बनाने का कार्य वह पूरी ईमानदारी के साथ करेंगेए उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर किसी भी वक्त सीधे जाकर संपर्क करने का सभी से आवाहन किया उन्होंने कहा कि विकास के मामले में अपना अकबरपुर शहर अब कटाई पीछे नहीं रहेगा बस जनता उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान करती रहे फिर अकबरपुर के विकास को कोई रोक नहीं पाएगा कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार वरिष्ठ लिपिक राजेश बाबू अंकित गोयल रिंकू यादव जहान सिंह प्रशांत ओमर गोपाल सैनीए अशोक मिश्रा सभासद पति पप्पू त्रिवेदी युवा समाजसेवी राज चौहान संतोष गुप्ता सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



## लायर्स एसोसिएसन अध्यक्ष अरविंद ने पत्रकारों को अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित

**लायर्स एसोसिएसन के महामंत्री धीरेन्द प्रताप सिंह ने कहा पत्रकारों के सम्मान के लिए हमारा संगठन हर स्तर पर साथ रहेगा**

**रसूलाबाद कानपुर देहात ।** लायर्स एसोसिएसन रसूलाबाद के नव निर्वाचित अध्यक्ष अरविंद राठौर ने अपने पद की गरिमा को बढ़ाते हुए अपने पदाधिकारियों के साथ पत्रकारों को उनके काम और योगदान के लिए उनकी सराहना कर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया । लायर्स एसोसिएसन अध्यक्ष अरविंद कुमार राठौर ने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज मे पत्रकारों का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है और भ्रस्टाचारियो में एक भय बना रहता है । उन्होंने कहा कि देश के चौथे स्तम्भ पत्रकार समाज मे सम्मान के हकदार है । पत्रकारिता लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है जो समाज को जानकारी प्रदान करने सरकार और सत्ता में बैठे लोगों को जबाबदेह ठहराने और सार्वजनिक हित के मुद्दों पर बहस को बढ़ावा देने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाती हैं। लायर्स एसोसिएसन के महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा पत्रकारों के मान सम्मान के लिए हमारा संगठन हर स्तर पर साथ खड़ा रहेगा । पत्रकारों में पत्रकार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता हरिश्चंद्र राज कुमार तिवारी हरिकिशन कश्यप मधुर द्विवेदी राम कुमार आफताब वारिसी अभिषेक श्रीवास्तव पंकज शुक्ला को लायर्स एसोसिएसन के अध्यक्ष अरविंद कुमार राठौर जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र राठौर हरी अवस्थी महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष सर्वेश पाल महेश चंद्र बर्मा गोविंद नारायण दयाराम पाल द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया ।

# दीक्षांत समारोह में 2,848 छात्रों को मिली उपाधी, मेडल पाते ही खिल उठे चहेर

**कानपुर।** सोमवार को आईआईटी कानपुर का 58वां दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में आईआईटी के पूर्व छात्र व आरबीआई गर्वनर संजय मल्होत्रा शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता आईआईटी के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल की। दीक्षांत में 2848 स्नातक, परास्नातक और पीएचडी धारकों को उपाधियां दी गईं। पहली बार दीक्षांत में 310 पीएचडी डिग्रियां दी गईं। यह अभी तक सर्वाधिक संख्या है, इससे पहले तक 250 के भीतर ही डिग्रियां दी जाती थीं। करीब 3000 विद्यार्थी संस्थान से पीएचडी कर रहे हैं। मेडल मिलते ही छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर मुख्य अतिथि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि यह पल सभी पेरेंट्स का है। आज आपके त्याग, आपके प्यार की वजह से ही आपके बच्चे यहां पर मौजूद हैं। मैं भी आपके इमोशंस को इस वक्त महसूस कर सकता हूं, क्योंकि जब मेरे बच्चे आईआईटी गुवाहाटी और आईआईटी मुंबई से ग्रेजुएट हुए थे, तो मैं भी इमोशनल हो गया था। उन्होंने कहा कि मुझे यहां बिताए सभी लम्हे याद हैं। यह मूमेंट मेरे लिए भी बहुत स्पेशल है, क्योंकि हमारे बैच को फॉर्मल फेयरवेल नहीं मिला था। आज 36 साल बाद मैं यहां आया हूं। आज आईआईटी में बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन स्टूडेंट से मिलते हुए लगता है, आज भी उनमें वही पैशन और जील है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि यहां मुझे प्रॉब्लम सॉल्विंग और प्रिंसिपल को समझने के लिए टूल मिले, अच्छे प्रोफेसर्स मिले और मुझे लगता है आपको भी मिल रहे हैं। यह मेरी पहली लर्निंग थी। दूसरी लर्निंग मैं यूनाइटेड नेशन में हासिल की, जहां मैंने सीखा हमेशा इंप्रुव करने का स्कोप होता है। उन्होंने कहा कि आप हमेशा अपने आप को और बेहतर बना सकते हैं और सबसे जरूरी है क्वेश्चन पूछना। अगर आप क्वेश्चन पूछते रहेंगे तो उससे नई आईडिया क्रिएट होंगे, नए सॉल्यूशंस मिलेंगे। मेरी तीसरी लर्निंग 2008 में मुझे मिली, जहां मैंने सीखा सफलता चाहे कितनी देर से मिले, इसके बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि आपके कर्मों के हिसाब से आने वाले समय में भगवान आपको उससे भी बेहतर देते हैं और मेरी चौथी लर्निंग मुझे आईआईटी के कैंपस से ही मिली, जहां मेस का खाना उतना टेस्टी नहीं होता था। इसलिए हम कैंटीन जाया करते थे। आप सभी में से बहुत लोगों को ड्रीम जॉब मिल गई होगी और कई जो करना चाहते हैं वह कर रहे होंगे, लेकिन यह आपके जीवन की पहली सीढ़ी है और आपको यहां से सीखना होगा। टेक्नोलॉजी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है, लेकिन आईआईटी सिर्फ आपको टेक्नोलॉजी नहीं पढ़ रहा आपको आगे बढ़ने की दिशा भी दे रहा है।





### दो सत्रों में आयोजित किया गया कार्यक्रम

संस्थान के डायरेक्टर प्रो मणीन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष स्नातक करने वाले 2,848 छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह दो सत्रों में आयोजित किया गयाए जिसमें पहला सत्र आईआईटीके के मुख्य सभागार में आयोजित किया गया, जिसकी क्षमता 1250 थी, जिसमें उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। दूसरे सत्र में सीनेट पोस्ट-ग्रेजुएट कमेटी के अध्यक्ष और सीनेट अंडर-ग्रेजुएट कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में अलग-अलग व्याख्यान कक्षों में छात्रों को अलग-अलग विभागों द्वारा डिग्री प्रदान की गई।

### इन छात्रों को मिला मेडल

इस बार प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल पर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के तलीन गुप्ता ने कब्जा किया है। वहीं, डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल फिजिक्स डिपार्टमेंट के कलश तलाटी और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के ध्रुव मिश्रा को दिया गया। रतन स्वरूप मेमोरियल प्राइस कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के वरुण प्रकाश को मिला। डॉ शंकर दयाल शर्मा मेडल पुरस्कार केमिस्ट्री के अभिषेक कुमार यादव को दिया गया। डॉक्टर रुक्मणी सरस्वती गोल्ड मेडल, मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की अनुष्का गुप्ता ने अपने नाम किया। भगवती देवी माहेश्वरी गोल्ड मेडल का पुरस्कार अर्थ साइंस की श्रुति सिंह को दिया गया, तो वही संगीता प्रधान मेमोरियल मेडल केमिस्ट्री के अनिल कुमार कुमावत के नाम रहा। त्रिलोक चंद्र गोयल मेमोरियल गोल्ड मेडल, मैटेरियल साइंस की फ्लेमिना को दिया गया। बेस्ट ऑलराउंडर गर्ल स्टूडेंट ऑफ 2 ईयर मास्टर प्रोग्राम गोल्ड मेडल, सिविल इंजीनियरिंग की टोटमाल श्रेया अतुल अंजलि को मिला। डॉक्टर एलिजाबेथ और डॉक्टर वरकी चेरियन अवार्ड इलेक्ट्रिक इंजीनियर विभाग के शोभित शर्मा को दिया गया। वहींए विनय कुमार सिंह अवॉर्ड केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रांजल भारद्वाज ने अपने नाम किया। एसआईआईसी स्टूडेंट इनोवेशन अवार्ड बायोलॉजिकल साइंस की नेहा यादव और इलेक्ट्रिकल विभाग के मनीष कुमार गुप्ता को मिला। बेस्ट सॉफ्टवेयर अवार्ड कंप्यूटर साइंस के हिमांशु कर्नाटक को और रंजन कुमार मेमोरियल अवार्ड सिविल इंजीनियरिंग विभाग के ओम जी को तो वहीं, विभा गोल्ड मेडल एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग की दिव्यांशी बंसल को दिया गया।

## दबंगों में सुलभ शौचालय कर्मी को बेरहमी से पीटा

कानपुर। बीबीपुर अहिरवां चकेरी निवासी रेनू देवी वहीं मोहल्ले में एक प्राइवेट सुलभ शौचालय में कार्यरत हैं। रेनू का आरोप है कि इलाके के दो से तीन दबंग लगभग रोज सुलभ शौचालय का प्रयोग करते है मगर जब उनसे पैसे की मांग की जाए तो वो गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। रेनू का आरोप है कि 21 जून को भी आरोपी दबंग सुलभ शौचालय का प्रयोग करने पहुंचे। जब पीड़िता ने पैसे मांगे तो उन लोगों ने फिर से गाली गलौज की।

इस बार पीड़िता ने इसका विरोध किया। आरोप है कि दबंगों ने बेरहमी से पीटा और उसे कीचड़ में गिरा दिया। इसके बाद कीचड़ में गिरा गिरा कर पीटा। जिसके कारण उनके शरीर में मौजूद जेवर कहीं गिर गए।

चकेरी इंस्पेक्टर चकेरी संतोष कुमार शुक्ला के मुताबिक मारपीट के दो वीडियो मिले हैं। पीड़िता ने तहरीर दी है।

## अपराधी को भगाने वाले दरोगा व सिपाही पर हुई एफआईआर



**कानपुर।** दबिश से पहले अपराधी अनूप शुक्ला को भगाने वाले दरोगा आदित्य बाजपेई और कांस्टेबल विजयराज के खिलाफ नवाबगंज थाना प्रभारी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई है। सीसीटीवी कैमरे में पूरा मामला कैद हो गया था। दरोगा और कांस्टेबल के पास सफाई देने का कोई विकल्प नहीं बचा है। इसी के चलते तत्काल प्रभाव दरोगा और कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के बाद पुलिस कमिश्नर ने दोनों पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। नवाबगंज थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि अपहरण और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दीनू का भाई नवाबगंज निवासी संजय उपाध्याय, रेनू उपाध्याय और मनु उपाध्याय के अनूप शुक्ला के घर में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसी के चलते अमरूद मंडी जागेश्वर मंदिर नवाबगंज स्थित अनूप के घर पर पुलिस ने दबिश दी थी। दरोगा आदित्य और कांस्टेबल विजय राज को बाइक से अनूप के घर पहुंचे और अनूप के साथ ही अन्य आरोपियों को वहां से भगा दिया। यह पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। दरोगा और कांस्टेबल अनूप से बात करते और फिर हाथ हिलाकर इशारा करते हुए कैद हुए हैं। इसके साथ ही अनूप शुक्ला भी ट्रॉली बैग लेकर भागते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ है। आदित्य बाजपेई द्वारा गाड़ी धीमा कर उस व्यक्ति की ओर देखना व रुकना प्रतीत हो रहा है। इससे एक बात तो साफहै कि आदित्य ने दबिश से पहले अरोपियों को मौके से फरार करवा दिया। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है। एसीपी कर्नलगंज आदित्य चौरसिया ने बताया कि थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी की तहरीर पर दरोगा आदित्य बाजपेई और कांस्टेबल विजय राज के खिलाफ अपराधी को फरार कराने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। दबिश के दौरान थाने की जीडी में जो रवानगी लिखी थी इसी आधार पर एफआईआर लिखी गई है।

# रिश्वत मांगने पर जिलाधिकारी ने चकबंदी लेखपाल को किया निलम्बित

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों ने की थी शिकायत
- जांच में दोषी पाए जाने के बाद की गई कार्रवाई



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने चकबंदी लेखपाल कमलाकांत मौर्य को निलंबित कर दिया। लेखपाल के खिलाफ संपूर्ण समाधान दिवस में अवैध वसूली की शिकायतें आई थी। जिसकी जांच कराने के बाद डीएम ने निलबंन की कार्रवाई की। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, मोहम्मद असलम ने बताया कि शिकायतकर्ता राकेश प्रजापति द्वारा आरोप लगाया गया कि दो भूखण्डों की पैमाइश के एवज में चकबंदी लेखपाल द्वारा 90 हजार की अवैध धनराशि ली गई। एक भूखण्ड की पैमाइश की जा चुकी थी, जबकि दूसरे के लिए 20 हजार की अतिरिक्त मांग की जा रही थी। इसी प्रकार दूसरे शिकायत मनीष सिंह चौहान ने की। उन्होंने कहा कि वरासत दर्ज कराने हेतु उक्त लेखपाल द्वारा 20 हजार की मांग की गई। प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को सम्यक जांच कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि जोत चकबंदी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित ग्रामों में धारा-24 से पूर्व किसी भूमि की नाप व कब्जा परिवर्तन का कोई प्रावधान नहीं है, इसके बावजूद चकबंदी लेखपाल द्वारा मनमाने ढंग से भूमि की नाप कर अवैध रूप से कब्जा दिलाया गया। इसके अतिरिक्त एक निर्विवाद वरासत प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित रखा गया। जांच में दोषी पाए जाने पर चकबंदी लेखपाल कमलाकांत मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। भ्रष्ट आचरण में लिप्त एवं न्यायसंगत मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नजर

### अधिवक्ता पर मुकदमा होने के विरोध में कांग्रेसियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**-अद्योषित बिजली कटौती के विरोध में सोशल मीडिया पर की अभद्र टिप्पणी**

**कानपुर।** अद्योषित बिजली कटौती ने नाराज दो युवकों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ऊर्जा मंत्री और केस्को पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिस पर अधिशासी अभियंता ने दोनो के खिलाफ एफआईंआर दर्ज करा दी। इसके विरोध में सोमवार को कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को ज्ञापन को सौंपा। सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण संदीप शुक्ला ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि केस्को के लापरवाह रवैये के चलते बिजली कटौती ने पुराने सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। केस्को प्रशासन ने बिजली कटौती का सोशल मीडिया पर विरोध करने वालों के खिलाफ मुकदमा लिखाना शुरू कर दिया है। जबकि कानपुर की जनता धैर्य का परिचय दे रही है। कांग्रेसियों ने मुकदमा खत्म कराने की मांग उठाते हुए कहा कि केस्को एमडी का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर किया जाए। अन्यथा में कांग्रेसी आम जनमानस के साथ मिलकर केस्को के खिलाफबड़ा प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।


### इस्कॉन मंदिन की टोली ने जगन्नाथ यात्रा में शामिल होने का दिया आमंत्रण

कानपुर। भगवान जगन्नाथ की यात्रा का शहरवासियों को आमंत्रण देने के लिए इस्कॉन मंदिर की टोली नगर भ्रमण को निकली। ढोल मंजीरा हाथों में लेकर जय जगन्नाथ... जय जगन्नाथ... के भजनों के साथ टोली ने झूमते हुए लोगों को यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मंदिर अध्यक्ष प्रेम हरिनाम प्रभु ने कहा कि यह आमंत्रण नहीं भगवान का बुलावा है। इस्कॉन मंदिर कानपुर की ओर से 29 जून को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जा रही है। मंदिर के मीडिया हेड प्रशांत त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर इस्कॉन की ओर से यात्रा 27 जून को लखनऊ, 29 को कानपुर से, 30 को उरई से, 1 जुलाई को अकबरपुर से व 3 जुलाई को लखीमपुर से निकाली जाएगी। इस दिन भगवान अपने रथ पर सवार होकर स्वयं नगरवासियों से मिलने निकलेंगे। गोविंद नगर सीटीआई चौराहे से यात्रा निकलेगी, जो चावला मार्केट, सचान चौराहा होते हुए बर्रा बाईपास में समापन होगा। जगन्नाथ यात्रा में श्रीधाम पुरी की तरह इस बार कानपुर की गलियां भी तीर्थ बनेंगी। उन्होंने बताया कि इस पर्व में भक्त रथ को रस्सियों से खींचते है, रथ खींचने मात्र से मनुष्य के दुखों का नाश होता है। रथ यात्रा में हरे कृष्ण महामंत्र की गूंज, पुष्पवर्षा, झांकियां देखने को मिलेंगी। मंदिर अध्यक्ष प्रेम हरिनाम प्रभु जी ने इस दिव्य अवसर पर सभी कानपुरवासियों से शामिल होने की अपील की।

### सोलर को 210 करोड रुपयों का मल्टी-स्टेट ऑर्डर

**कानपुर।** सीआरआई पंप्स का एक प्रमुख प्रभाग और नवीकरणीय ऊर्जा संचालित जल समाधानों में अग्रणी, सीआरआई सोलर को हाल ही में एक बड़ा ऑर्डर मिला है। उन्हें महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी, हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी और पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी से कुल 6,894 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य मिला है। सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन जी सौंदराराजन ने कहा यह समेकित उपलब्धि भारत के ग्रामीण और कृषि परिदृश्य में स्वच्छए विश्वसनीय और टिकाऊ जल पहुंच को सक्षम बनाने के लिए सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये परियोजनाएं केवल अवसंरचना से कहीं अधिक हैं-ये ग्रामीण समृद्धि, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के सक्षमकर्ता हैं।

### मोहर्रम की तैयारियों को लेकर जीसीपी ने की पीस कमेटी की बैठक



कानपुर। आगामी त्यौहार मोहर्रम की लेकर सोमवार को ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आशुतोष कुमार ने रागेन्द्र स्वरूप ऑडिटोरियम में पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में समाजसेवी, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि व जुलूस आयोजक मौजूद रहे। जेसीपी ने मोहर्रम के सभी जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की अपील की। उन्होंने जुलूस आयोजको से अनुरोध किया गया कि अलम के झंडो को निर्धारित लम्बाई से ऊंचे न रखे जाए, सभी झंडो की ऊंचाई सीमा से अधिक न हो व बेहतर समन्वय स्थापित करे। इसके साथ ही पुलिस अफसरों को निर्देश दिए कि त्योहारों में आराजकता फैलाने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में चारो जोनों के डीसीपी, एडीएम सिटी मौजूद रहे।

# बुधवार को भाजपा मॉक पार्लियामेंट का होगा आयोजन

**-27 को मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअली कार्यक्रम का शुभारंभ**




**कानपुर।** आपातकाल पर हर जिले में भाजपा 25 जून को मॉक पार्लियामेंट का आयोजन करने जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन प्रमिला सभागार में किया जाएगा। 27 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ भी मौजूद रहेंगे। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 जून को आपातकाल की 50वीं बरसी पर अपने सभी 17 संगठनात्मक जिलों में संगोष्ठियों एवं प्रदर्शनी के माध्यम से जनता को आपातकाल के काले अध्याय की जानकारी देगी। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए पूरे देश में आपातकाल थोप दिया था। संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कुचलने वाली इस घटना को आज भी भारतीय राजनीति का सबसे काला दिन माना जाता है। भाजपा इन संगोष्ठियों के माध्यम से उस समय के अत्याचारोंए मीडिया सेंसरशिपए और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी जैसे मुद्दों को सामने लाएगी। 27 जून को कानपुर महानगर व झांसी महानगर में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के तत्वावधान में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। कार्यक्रम से प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी सीधे तौर पर जुड़े रहेंगे। मॉक पार्लियामेंट का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा। जिसमें युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ता पक्ष-विपक्ष की भूमिका निभाते हुए लोकतांत्रिक संवाद प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में 18 से 35 वर्ष तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगेए जिनका चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है।

## एतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा मार्ग का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



कानपुर। एतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने एमएलसी सलिल विश्नोई के साथ जायजा लिया। नगर आयुक्त ने नयागंज चौराहे से तीनो जगन्नाथ मन्दिर से बादशाही नाका तक का निरीक्षण कर अधिकारियों को गलियों और सड़कों की सफाई व पैचवर्क कराकर मार्ग के समतलीकरण कराने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलियों में लटकते बिजली के तारों को कसने और मार्ग प्रकाश-व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। रथयात्रा मार्ग जनरलगंज स्थित जगन्नाथ गली से रथयात्रा प्रारम्भ होकर काहूकोठी, नयागंज चौराहा, हूलागंज, भूसाटोली, नागेश्वर मन्दिर, नयागंज चौराहा, जनरलगंज, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक सर्राफा, कोतवाली चौराहा, शिवाला, संगम लाल मन्दिर, कमला टावर, लाठी मोहाल होकर जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मन्दिर पर समाप्त होगी। वहीं नगर आयुक्त ने गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क की पानी टंकी को शीघ्र सप्लाई शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ पार्षद अमित गुप्ता, आदर्श गुप्ता, अभिषेक गुप्ता मोनू, दीपक शर्मा, रथयात्रा सहयोगी ज्ञानेन्द्र विश्नोई, नवाब सिंह, चन्द्रकान्त द्विवेदी, दीपक शुक्ला, रोहित जायसवाल, सलीस बेग, वन्दे मातरम, एनडी तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बाढ़ आपदा पर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन 26 से

-जनपद में तीन स्तरों पर किया जाएगा मॉक ड्रिल



कानपुर। मानसून की शुरूआत हो चुकी है। इससे पहले बाढ़ रहित क्षेत्रों में इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। शहर में तीन स्तरों पर मॉक ड्रिल की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व राहत आयुक्त भानू चंद गोस्वामी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद की दोनों तहसीलों में बाढ़ से सम्बन्धित मॉकड्रिल का आयोजन 26 जून को सुबह 9 बजे से करने के निर्देश दिए हैं। एडीएम फाइनेंस विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि मॉकड्रिल समन्वय एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए स्थलों पर तीन प्रकार की मॉकड्रिल का आयोजन किया जाना है। इसमें सदर तहसील में सरसैया घाट सिविल लाइन में मॉकड्रिल सिचुयेशन सरसैया घाट पर गंगा नदी में डूबते हुए व्यक्तियों को बचाना हैं। सदर तहसील में ग्राम कटरी शंकरपुर संराय में गंगा नदी में जल स्तर बढ़ने पर प्रभावित इलाकों के बाढ़ पीडितों को निकालकर बाढ़ शरणालय में ले जाना है। इसके अलावा राहत एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हैं। इसी प्रकार सदर तहसील में कलेक्ट्रेट नई बिल्डिंग में जिला मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जहां पर रामानुज सहायक प्रभारी अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई हैं। कन्ट्रोल रूम नम्बर- 05122985077 एवं टोलफ्री हेल्पलाइन नम्बर 1077 पर प्राप्त सूचना को सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराएंगे। इस सम्बन्ध में राहत आयुक्त ने निर्देश दिए कि सिविल डिफेन्सए एनसीसी, एनएसएस युवा केन्द्र से 25-25 सदस्यों को मॉकड्रिल स्थल पर बुलाकर उन्हें भी इस मॉकड्रिल में सम्मिलित करें, जिससे उनका भी प्रशिक्षण हो सके।

# अगर क्षेत्र में जलभराव हुआ तो अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**-जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए महापौर ने की बैठक**



**कानपुर।** जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए सोमवार को महापौर प्रमिला पाण्डेय ने नगर निगम मुख्यालय में जोन-6 के अधिकारियों व पार्षदों के साथ बैठक की। महापौर ने कहा कि पिछली वर्ष की अपेक्षा इस बार शहर में काफी कम जलभराव हो रहा है। पहले रोजाना 100-100 फोन आते थे, लेकिन अब कुछ ही जगह से समस्याएं सामने आ रही हैं। बैठक में इंजीनियरिंग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 80 फीसदी नाला सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। बैठक में महापौर ने पार्षदों से सीधा सवाल करते हुए कहा कि क्या आपके क्षेत्र में कहीं भी पानी की समस्या है। अगर है तो तुरंत निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई समय से होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर किसी इलाके में पानी भरा मिला, तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। महापौर ने कहा कि जो काम अधूरे हैं, उन्हें अगले 15 दिनों में हर हाल में पूरा कर लिया जाए। वार्ड-35 कल्याणपुर उत्तरी के पार्षद आनन्द शुक्ला ने कहा कि अभियन्त्रण विभाग के 70 प्रतिशत नाले साफहो गये है। एक बड़ा नाला साफ होने से रह गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कर्मचारियों की स्वीकृति न होने के कारण कर्मचारी हटा लिये हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग की कुछ नालियॉ सफाई हेतु शेष है। अधिशाषी अभियन्ता आरके सिंह ने बताया कि एक गली में जनता नाला खोलने नहीं दे रही है, एवं कुछ अतिकक्रमण की समस्या के कारण अभियन्त्रण विभाग के नाले साफ नही हो पा रहे हैं। जिस महापौर ने निर्देश दिए कि अगर इलाके में पानी भरा मिला तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई तय मानें। महापौर ने बताया कि इस बार पिछले साल की तुलना में कम समस्याएं आ रही हैं। बैठक में पार्षद आनन्द शुक्ला, राज किशोर, कौशल मिश्रा, घनश्याम गुप्ता, कमलेश त्रिवेदी, नीरज वाजपेयी, अरविन्द यादव, विनोद गुप्ता, मंजू कुशवाहा, सुनील कुमार, अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, नगर स्वाास्थ्य अधिकारी डॉ अजय संख्वार, जोनल अधिकारी रविशंकर यादव, अधिशाषी अभियन्ता आरके सिंह, जेडएसओ विजय शुक्ला इत्यादि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### पैसों के विवाद में चटकी लाठियां रिटायर्ड दरोगा सहित पांच घायल



**पालपुर के मील गांव में पूर्व में हुई चोरी की घटना को लेकर चल रहे विवाद ने पकड़ा तूल**

**भीतरगांव।** पैसों के विवाद को लेकर साढ़ थाना क्षेत्र के मील मजरा पालपुर गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया बताया जाता है कि करीब आधा दर्जन लोगों ने रिटायर्ड दरोगा को अकेला देख लाठियां चटका दी पिता को पिटता देख बीच बचाव करने पहुंचे पुत्रों को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों पक्ष के परिजन घायलों को लेकर थाना साढ़ पहुंचे पुलिस ने घायलों को सीएचसी भीतरगांव भेजा। जानकारी के मुताबिक मील मजरा पालपुर गांव में रिटायर्ड दरोगा प्रेमबाबू यादव तथा शिवसती शरण यादव के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर पूर्व में हुई चोरी की घटना का विवाद गहरा गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठियां चटकने लगी जिसमें दोनों पक्षों से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा सीएचसी भीतरगांव भेजा गया।रिटायर्ड दरोगा प्रेमबाबू ने बताया कि उसका शिवसती शरण से पैसों के लेनदेन का विवाद है जिसको लेकर देर शाम शिवसती शरण धीरेन्द्र पुत्र महेंद्र तन्मय पुत्र उपेंद्र सिंह यदुनाथ पुत्र रामकिशोर के साथ पहुंचा और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया बीच बचाव करने पहुंचे राघवेंद्र तथा दीपू पुत्र प्रेमबाबू को भी लहूलुहान कर दिया।मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष से यदुनाथ पुत्र रामकिशोर तथा रानी पत्नी यदुनाथ भी घायल हो गए जिन्हें परिजन लेकर थाना साढ़ पहुंचे घायलों को पुलिस द्वारा सीएचसी भीतरगांव भेजा गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि पैसों का आपसी विवाद है घायलों को उपचार हेतु भेजा गया है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### सलेमपुर में आयोजित हुई पीडीए चौपाल

**बिल्हौर** आज सपा बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में ककवन ब्लॉक के ग्राम सलेम पुर करौली में पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कहा हम सभी कार्यकर्ता मिलकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और पीडीए का लक्ष्य 2027 में हम सब के नेता पीडीए के महानायक अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना है। हमारी सरकार आने पर हर महिला को 3000 रुपए मिलेंगे। इस मौके पर अनिरुद्ध बोधि भंते जी विनय यादव रामकुमार कठेरिया प्रमोद कठेरिया पवन कठेरिया दिनेश कठेरिया जसवंत राम कठेरिया गुड़ वसंत कठेरिया सुरेश कठेरिया विजय संकर कठेरिया अमित कठेरिया कमलेश कठेरिया राम गुलाम कठेरिया राकेश कठेरिया राम बहादुर कठेरिया धर्मेंद्र गौतम सपना कठेरिया अंकित चक्रवर्ती अनुज यादव सुमित यादव शादाब खान आदि समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की खेतों में मौत

घाटमपुर। सजेती क्षेत्र के कुंआ खेड़ा चौकी के गांव चन्दापुर में खेतो में गए एक किसान की अचानक तबियत बिगड़ गई।आस पास खेतों में काम कर रहे परिजन जब तक मौके पर पहुंच कर इलाज के लिए ले जाते मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक चंदापुर निवासी राजेन्द्र कुमार 55 पुत्र सैलानी रविवार की शाम रोज की तरह अपने खेतों की देख रेख करने गए थे। जिनके खेतों से घर वापस न आने पर परिजनों ने खोज बीन शुरू की। तो पता चला उसका शव खेतो में पडा है।कुंआखेड़ा चौकी प्रभारी कुशल राठी ने बताया कि ग्राम प्रधान संदीप पाल ने घटना कि सूचना दी है। मृतक किसान के बेटे बाहर कही नौकरी करते हैं। जिनको भी खबर कि दी गई है।परिजनों ने बताया किसान के हार्ट का मरीज होने के चलते दवाएं चल रही थीं।

### एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

**घाटमपुर।** संचारी रोगों की रोक थाम के लिए सोमवार को सीएमओ ने वर्चुअल ऑन लाइन मोड बैठक कर संबंधित विभागों को शासन की मंशा बताने के साथ टास्क फोर्स बैठक कर रोक थाम के लिए रुप रेखा तय करने को कहा है। ऑन लाइन हुई बैठक में संचारी रोगों के नियंत्रण एवं दस्तक अभियान शुरू करने का खाका तैयार करने को कहा गया है। जिसमें संबंधित विभागो की अलग अलग जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। एक जुलाई से 31जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ 11 से 31 तक दस्तक अभियान चलाया जाना है। जिसमें स्थानीय निकाय यानी पालिका सीमा के प्रत्येक वार्डों में सभासदों के साथ संवेदीकरण बैठक 25 जुलाई तक अधिशाषी अधिकारी की अध्यक्षता में कराया जाना है।

## एसडीएम ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों का किया निरीक्षण

**बाढ़ आने की स्थित में बनाई जाने वाली बाढ़ चौकियां को एक्टिव करने के दिए निर्देश**



घाटमपुर। बारिश में यमुना पट्टी क्षेत्र के गांव में आने वाली बाढ़ को देखते हुए तहसील प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। सोमवार को एसडीएम रितु प्रिया ने बाढ़ प्रभावित गावों का दौरा किया। साथ ही नायब तहसीलदार राजेश कुमार तिवारी व राजस्व निरीक्षकों की टीम से बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने को कहा। उन्होंने बारिश में यमुना का जलस्तर बढ़ने पर एहतियाती कदम उठाए जाने संबंधी भी आवश्यक निर्देश दिए। यमुना नदी में बाढ़ आने की स्थिति में कई गांव प्रभावित होते हैं। जिसमें यमुना नदी के किनारे बसे कटारी गड़ाथाए अकबरपुर बीरबलए काटरए हरदौली रामपुर कोटरा व मऊनखत आदि में बाढ़ चौकी बनाई जाती रही हैं। उधर नोन नदी के उफनाने पर इसके किनारे बसे बेंदाए निमधाए हरबसपुर, बरीपाल व नंदना में भी बाढ़ चौकी बनाई जाती रही हैं। जरूरत पड़ने पर रिंद नदी किनारे बसे बरनांव तरगांव जगदीशपुर ककरहिया व पड़रीलाल पुर गांवों में भी बाढ़ राहत चौकी स्थापित की जाती रही हैं। जिसे देखते हुए एसडीएम ने गड़ाथाए अमिरतेपुरए कटरी स्थित बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान नायब तहसीलदार राजेश तिवारी भी मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि उन्होंने बाढ़ से प्रभावित होने वाले गावों के राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों से फीड बैक भी लिया। जहां यमुना व अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ने की आशंका रहती है।

## डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लहू से समाप्त हुई जम्मू-कश्मीर की परमिट व्यवस्था

**कानपुर** भाजपा जिला कानपुर ग्रामीण द्वारा बलिदान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने डाक्टर मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। आज 23 जून को भारतीय जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षाविद देशभक्त और अद्वितीय संगठनकर्ता डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कानपुर ग्रामीण जिला मुख्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपेंद्र पासवान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में फर्रुखाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी राधेश्याम पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डाक्टर मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। फर्रुखाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता जी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रारंभिक जीवन राजनीतिक योगदान और राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी कोई साधारण नेता नहीं थे वे राष्ट्र के ध्येय और धर्म के लिए जीने और मरने वाले संकल्प पुरुष थे। विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी राधेश्याम पाण्डेय ने कहा कि डाक्टर मुखर्जी का संपूर्ण जीवन त्याग सिद्धांत और राष्ट्र सेवा का पर्याय है और आज जब हम भारत में एक विधान एक निशान और एक प्रधान की बात करते हैं तो वह डॉण् मुखर्जी के बलिदान का ही प्रतिफल है उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनुच्छेद 370 हटाने को मुखर्जी जी के सपनों की पूर्ति बताया। वहीं जिलाध्यक्ष श्री उपेंद्र पासवान ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो राष्ट्र के लिए किया वह हम सबके लिए एक प्रेरणा है। हमें उनके जीवन से सीखकर संगठन को मज़बूत करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना है और देश के लिए जीना है देश के लिए मरना है। जब तक भारत को आत्मनिर्भर और विश्वगुरु नहीं बना लेते तब तक चैन से नहीं बैठना है। श्री पासवान ने कार्यकर्ताओं के अनुशासन निष्ठा और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें मुखर्जी जी के विचारों को जन.जन तक पहुँचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। गोष्ठी में संयोजक जिले के महामंत्री वेदव्रत सचान थे जबकि संचालन मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से घाटमपुर विधायक सरोज कुरील जी धीरेन्द्र सिंह राजेंद्र कटियार गया प्रसाद सिंह संतोष बाजपेई सर्वेश यादव दलजीत सिंह समर जीत सिंह सौरभ त्रिवेदी श्याम सिंह संदीप बाजपेई एम पी सलोनिया मीरा सिंह भदौरिया दीप्ति सिंह सूर्य ब्रह्म देव नरेंद्र मिश्रा नवले सौरभ शर्मा आवेश सोनकर नरेंद्र प्रताप सिंह अनुराग कश्यप ओम जी तिवारी पुष्कर शुक्ला आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे।



### समाजसेवी ने अमर शहीद श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**ककवन** एक देश एक विधान एक निशान के संकल्प को लेकर अपना जीवन समर्पित करने वाले राष्ट्रभक्त भारतीय जनसंघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर समाजसेवी अमितेश कुमार स्वर्णकार अंटू भैया एवं भाजपा कार्यकर्ता नंदन ठाकुर मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक व स्कूटी सवार तीन लोग घायल

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के मूसानगर रोड पर चिल्ली मोड़ के पास अनियंत्रित हुई कार की टक्कर से बाइक के बाद स्कूटी सवार तीन लोग घायल हो गए महादसा देख पहुंचे लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां से एक की हालत गंभीर होने को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से भाग गया।हादसे में बाइक सवार व काटर के रहने वाले सर्वेश कुमार 60 व श्याम त्रिपाठी 40 तथा स्कूटी सवार कस्बे के जवाहर नगर पूर्वी निवासी अमन सचान 40 घायल हो गए।


## कार्यालय जिला पंचायत फर्रुखाबाद

पत्रॉक–350 / ई–निविदा / निर्माण / जि0पं0 / 2025–26 दिनंक–23.06.2025

**ई–निविदा सूचना**

जिला परिषद निर्माण कार्य नियमावली 1984 की धारा–18 संशोधन विषयक अधिसूचना संख्या–1425 / 33 –2–2020–जी0 / 2020 दिनांक 14 जुलाई, 2020 के अनुपालन में जिला पंचायत, लो०नि०वि० व सिंचाई विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत जिला पंचायत, फर्रुखाबाद को वर्ष 2025–26 में प्राप्त धनराशि एवं पूर्व वर्ष की अवशेष धनराशि के सापेक्ष जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में कुल 73 निर्माण कार्य परियोजनाओं की निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 14.07.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सूचना ऑनलाईन दिनांक 27.06.2025 अपरान्ह 01.00 बजे से दिनांक 14.07.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे तक ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जो ऑनलाइन http://e-tender.up.nic.in पर ही Upload/ Download/ Submit की जा सकेंगी। आमन्त्रित निविदायें दिनांक 14.07.2025 को ही अपरान्ह 02.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ पृथक–पृथक अनुमानित लागत का 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि (EMD) इण्टरनेट बैंकिंग / नेफ्ट / आर०टी०जी०एस० के माध्यम से जिला पंचायत, फर्रुखाबाद के यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद के जिला निधि खाता सं० "519902011001888" आई.एफ.एस.सी. कोड UBIN0563111 में जमा कराना होगा तथा टेण्डर फार्म शुल्क मूल्य 1180 /– रुपये (जी०एस०टी० सहित) इण्टरनेट बैंकिंग / नेफ्ट / आर०टी०जी०एस० के माध्यम से उपरोक्त जिला निधि के खाता संख्या में जमा कराना होगा। जिसकी जमा रसीद या ट्रांजेक्शन नम्बर की प्रति स्कैन कर निविदा बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार को टी–6, जी०एस०टी०एन०, पेन कार्ड, आधार कार्ड, तीन वर्ष के आई०टी०आर०, तीन वर्ष की बैलेन्स सीट, मान्य चरित्र प्रमाण–पत्र, मान्य हैसियत प्रमाण पत्र, जिला पंचायत / लो०नि०वि० / सिंचाई विभाग का पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा मान्य अनुभव प्रमाण–पत्र की स्कैन प्रति निविदा के साथ ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर अपलोड करना होगा तथा मूल प्रति तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के उपरान्त दो कार्य दिवस में स्वयं उपस्थित होकर अनिवार्य रुप में कार्यालय जिला पंचायत, फर्रुखाबाद में जमा कराना होगा, अन्यथा कि स्थिति में ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उसका पंजीयन व निविदा निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी। समस्त कार्यों का विवरण http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है। बिना धरोहर धनराशि, निविदा मूल्य तथा मान्य चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा मान्य अनुभव प्रमाण पत्र के निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। समस्त ठेकेदार अपने पंजीकरण की श्रेणी के अनुरुप बिड् कैपेसिटी की सीमा तक ही निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। किसी / सभी निविदा बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार मा० अध्यक्ष, जिला पंचायत, फर्रुखाबाद में निहित है। निविदा सम्बन्धी कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, फर्रुखाबाद से प्राप्त की जा सकती है। जी०एस०टी० व सैस के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेश उपरोक्त निविदाओं पर प्रभावी रहेंगे। कार्य को पूर्ण करने का अधिकतम समय 03 माह का होगा। समस्त परियोजनाओं का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड दो वर्ष तक रहेगा।

नोटः– उक्त कार्यों के अनुबन्धं गठन की कार्यवाही शासन से योजना के सापेक्ष धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त की जायेगी।

(अनिल कुमार शुक्ला) अभियन्ता जिला पंचायत, फर्रुखाबाद
(राम गोपाल) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, फर्रुखाबाद।
(मोनिका यादव) अध्यक्ष जिला पंचायत, फर्रुखाबाद



## कानपुर विकास प्राधिकरण — आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड संख्या-एल-2/19, एल0आई0जी0 योजना-चन्द्र नगरी क्षेत्रफल 48.00 वर्ग0मी0 आवासीय कानपुर नगर की फ्री-होल्ड डीड दिनांक 10.09.2013 को कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री वीरेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 राम नारायण शुक्ला के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। कार्यालय में प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार उक्त भूखण्ड के फ्रीहोल्डधारक श्री वीरेन्द्र कुमार शुक्ला की मृत्यु दिनांक 30.01.2025 को हो गयी है। कार्यालय उप-जिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रसं0-2025040626 806001 दिनांक 05.05.2025 के अनुसार मृतक के परिवार में निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य हैं:-1.श्रीमती ज्योति शुक्ला मृतक का पुत्री (विवा0) उम्र 40 वर्ष उपरोक्त के आलावा मृतक के परिवार में अन्य कोई पारिवारिक सदस्य नहीं है। श्रीमती ज्योति शुक्ला पुत्री स्व0 वीरेन्द्र कुमार शुक्ला के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही विचाराधीन है। उक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिवसों के भीतर साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय (जोन-4) अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता है। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में आवेदक के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही करा दी जायेगी, तदोपरांत कोई आपत्ति/क्लेम मान्य नहीं होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-4)



## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद–फर्रुखाबाद

पत्रांकः–260 / न०पं०–नि० का०आगणन सू० / 2025–26 / शमसाबाद दिनांक– 23 जून, 2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत शमसाबाद द्वारा समस्त संविदाकार / सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि निकाय को पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्न कार्य हेतु सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदा दिनांक 23.06.2025 से 01.07.2025 तक कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद में प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक बिकी की जायेगी। तथा दिनांक 01.07.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। कार्य के आगणन एवं शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी किसी भी दिन निविदा दिनांक से पूर्व कार्यालय दिवस एवं कार्य के घंटों में प्राप्त की जा सकती है। बाद मियाद प्राप्त निविदा पर विचार करना सम्भव न होगा।

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | आंगणन की धनराशि | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत शमसाबाद में मो० तराई में अरूज के घर से नायाब के घर तक सी.सी. रोड़ व नाली निर्माण कार्य। | 175938.00 | 3519.00 | 200.00 | 1 माह |
| 2. | नगर पंचायत शमसाबाद में मो० अलेपुर पीत धौलेश्वर में जगदीश पाल के घर से सुनील के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 92461.00 | 1850.00 | 100.00 | 1 माह |
| 3. | नगर पंचायत शमसाबाद फैजबाग मुख्य रोड़ से बनारसी बाल्मीकि के घर तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य। | 424989.00 | 8500,00 | 400.00 | 1 माह |
| 4. | मोहल्ला गढ़ी जलकल परिसर में व बस अड्डा के बीच की सी०सी० सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 283170.00 | 5663.00 | 300.00 | 1 माह |
| 5. | नगर पंचायत शमसाबाद फैजबाग मुख्य रोड़ से गौतम के घर तक इण्टरलाकिग रोड़ एवं नाली का निर्माण कार्य। | 359697.00 | 7194.00 | 400.00 | 1 माह |
| 6. | नगर पंचायत शमसाबाद भुलभुलागंज में रामसरन के खेत से इरशाद के घर तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली का निर्माण कार्य। | 508094.00 | 10162.00 | 500.00 | 1 माह |
| 7. | नगर पंचायत शमसाबाद मो० गढ़ी में नजीब राजमिस्त्री वाली गली एवं मोहल्ला राजोंटोला में राशिद लाइट मिस्त्री वाली गली, मरहूम फैय्याज वाली गली में इण्टरलाकिंग एवं नाली मरम्मत का कार्य। | 255237.00 | 5105.00 | 300.00 | 1 माह |
| 8. | नगर पंचायत शमसाबाद मो० गोदाम में जमशेद अब्बास के घर से नाहीद मैडम के घर तक इण्टरलाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य । | 702659.00 | 14053.00 | 700.00 | 1 माह |

**नियम एवं शर्तेः–**

1–निविदा प्रपत्र निविदा दिनांक से एक दिन पूर्व अथवा उसी दिन नियत शुल्क जमाकर कार्यालय से प्राप्त किये जावेगें।
2–निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ०डी०आर, एन०एस०सी अथवा नगद जमा करना अनिवार्य होगा। एफ०डी०आर अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक होना अनिवार्य होगा।
3–निर्माण कार्य के भुगतान बिल की धनराशि पर 2.24 प्रतिशत आयकर अदा करना होगा। जो बिल की धनराशि से काट ली जायेगी।
4–निविदा स्वीकृत उपरान्त 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि कमांक 2 के अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा।
5–निर्माण कार्य आगणन के अनुरूप एंव नियत अवधि में करना अनिवार्य होगा।
6–भुगतान शासनादेश के अनुरूप देय होगा एवं धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।
7–नियत स्टाम्प पर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
8–एक अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करनें का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।
9– विवादित बिन्दुओं का न्यायिक क्षेत्र जनपद फर्रुखाबाद होगा।
10–जमा की गई धरोहर धनराशि अन्तिम बिल भुगतान तिथि के 02 वर्ष बाद कार्य संतोषजनक रहनें की दशा में वापस की जावेगी।
11–संविदाकार को चरित्र प्रमाण (टी–4), हैसियत प्रमाण पत्र (टी–5), शपथ पत्र (टी–6) निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।
12–निविदा प्रपत्रों पर निविदादाता के हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत शमसाबाद जनपद–फर्रुखाबाद
**अध्यक्ष** नगर पंचायत शमसाबाद जनपद–फर्रुखाबाद



## कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुर नर्वल वि. ख. भीतरगांव, कानपुर नगर

पत्रांक– मेमो / निविदा / केन्द्रीय वित्त / पंचम वित्त / मनरेगा / एसबी एम निधि–2025–26 दिनांक– 23 / 06 / 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दौलतपुर नर्वल भीतरगांव, कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त आयोग / राज्यवित्त आयोग / पंचम वित्त / मनरेगा / एसबी एम निधि के अन्तर्गत 2025–26 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु आइटम रेट / निर्माण सामग्री आपूर्ति पर मुहरबंद निविदा दिनांक 01 / 07 / 25 को अपरान्ह 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ इसी तिथि को 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा के साथ 100 के नान जूडिशियल स्टेम्प व 1/– का रसीदी टिकट हस्ताक्षरयुक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री विवरण | आपूर्ति हेतु समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमेश शुक्ला के घर से ओमप्रकाश तिवारी के घर तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 2. | छोटेलाल के घर से रामपाल के घर तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 3. | गोविंद सिह के घर से नाला तक नाली निर्माण। | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 4. | मुन्ना पाल के घर से इन्द्रराज के घर तक नाली निर्माण। | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 5. | शैलेन्द्र के घर से देशराज के घर तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 6. | गोरेलाल के घर से देशराज के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 7. | डामर रोड से विनय गुप्ता के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 8. | अनिल के दरवाजे से जय सिंह के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग / खण्डंजा | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 9. | ग्राम पंचायत में सफाई कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 10. | गौशाला अनुरक्षण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 11. | आर.आर.सी. सेण्टर साइट डेवलपमेंट कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |
| 12. | प्राथमिक एंव उच्चप्राथमिक विद्यालय कायाकल्प कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | | 01 माह |

अन्य शर्तें–
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार / आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
3. नियमानुसार जीएसटी इत्यादि की कटौती की जाएगी।
4. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा एवं न्यायालय के वाद योग्य भी नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होंगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

**सचिव** ग्राम पंचायत दौलतपुर नर्वल विकास खण्ड भीतरगांव कानपुर नगर
**गीतादेवी (ग्राम प्रधान)** ग्राम पंचायत दौलतपुर नर्वल विकास खण्ड भीतरगांव, कानपुर नगर

# फतेहपुर समाचार

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अस्ती कालोनी में रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में 38 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार अस्ती कालोनी निवासी रामविशाल का पुत्र राजेश ने रविवार की रात उस वक्त घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली और कमरे में राजेश का फांसी पर लटका शव देख कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक काफी दिनों से मानसिक तनाव में था।

## डा. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण



फतेहपुर। वन विभाग की ओर से डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरण सिम्पल एवं प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी रामानुज त्रिपाठी ने पौधरोपण किया।

विभिन्न वन्य प्रजातियों के पचास पौधे रोपित किए गए। जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने कहा कि वृक्ष हमारी धरोहर हैं। इनको संजोने का काम हर व्यक्ति को करना होगा। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यधिक जरूरी है। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रूप सिंह, भाजपा के प्रांतीय सदस्य राम प्रताप सिंह गौतम, महाविद्यालय के वरिष्ठ लिपिक शिवाकांत तिवारी, उपक्षेत्रीय वन अधिकारी अभिनव सिंह, रामराज, शिवमंगल सिंह, अवधेश यादव, सुभाष यादव, सीमा सिंह, सृष्टि साहू वनरक्षक सहित रेंज का समस्त स्टाफउपस्थित रहा।

## सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से रहें दूर : एसडीएम

- एक-दूसरे के धर्म व परंपराओं का करना चाहिए सम्मान: सीओ
- खागा कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक



खागा, (फतेहपुर)। कोतवाली सभागार में सोमवार को पीस कमेटी की एक अहम बैठक उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों के मद्देनज़र कानून व्यवस्था बनाए रखना, विभिन्न समुदायों के बीच आपसी सौहार्द को प्रोत्साहित करना, और प्रशासन व आम जनता के बीच समन्वय को बेहतर बनाना था।

बैठक में क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन राय, खागा कोतवाल राजेश सिंह, कंठल गुट के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल समेत नगर के प्रमुख व्यापारी, धर्मगुरु, सामाजिक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने मिलकर खागा क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। एसडीएम ने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सावधान रहें और किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं और पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी।

सीओ ब्रजमोहन राय ने कहा कि सभी समुदायों को एक-दूसरे के धर्म और परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रशासन हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने भी लोगों से सहयोग की अपील की और कहा कि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या समस्या को बातचीत से सुलझाया जाए। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने एकजुटता का संदेश देते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की शपथ ली। बैठक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

इस मौके पर से अपराध निरीक्षक दिनेश शुक्ल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यदेव गौतम, उपनिरीक्षक अनीश सिंह, सौरभ सरोज, महिचा मंदिर चौकी प्रभारी राहुल पाण्डेय, मझिलगांव चौकी प्रभारी संजय सिंह परिहार, व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, गगन अग्रवाल, अनिल साहू, खागा व्यापार मंडल अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज शुक्ल, उपाध्यक्ष रामप्रकाश केसरवानी उर्फ बबलू सभासद, डा. आर.सी. राय, धीरज मोदनवाल, महामंत्री दिनेश सिंह राजपूत, मंत्री शब्बीर, इशरत, कादिर, संरक्षक अब्दुल हफीज हाफिज, कमलेश बाजपेई, जावेद, हाफिज मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### सार्वजनिक रास्ते पर किया अतिक्रमण



फतेहपुर। गाजीपुर थाने के ग्राम गज्जी का डेरा मजरे सरकंडी निवासी राजपति ननकी परनिया नरोत्तम ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पर सौंपते हुए बताया कि घर आबादी में बने हैं। घर के आने-जाने का रास्ता एक ही है। जो भोला तिवारी पुत्र बेनी माधव के घर से नरोत्तम पुत्र श्रीपाल के घर तक है। इसी रास्ते के बीच उसका मकान भी है, जिसमें रमेश तिवारी, भोला तिवारी, राजेश तिवारी का घर रास्ते में है जो रास्ते में चारा मशीन लगाकर मकान के सामने बढ़कर चबूतरा बना लिया है, जिसमें सभी को निकालने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जबकि रास्ता दस फिट का है। मौके पर रमेश तिवारी भोला तिवारी राजेश के घर के पास तीन फीट का रास्ता बचा है। लोगों को आने-जाने व गाड़ी के जाने में समस्या होती है। कुछ कहते हैं तो मारने पीटने पर आपदा हो जाते हैं। जिससे सभी लोग डरे व सहमें हुए हैं। वह सभी अनुसूचित जाति के हैं। जिनको आने-जाने से रोका जा रहा है। जिलाधिकारी से मांग किया कि रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवाकर विपक्षियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर आशीष कुमार पांडेय एड., बलराम सिंह यादव एड., ननकी देवी, ज्योति देवी आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता गोष्ठी में रक्तदान के महत्व पर डाला गया प्रकाश

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजकत्व व चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व कर्मचारियों के मध्य रक्तदान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चेयरमैन डॉ. अनुराग ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है और एक रक्तदान से हम चार जिंदगी एक साथ बचा सकते हैं।

डॉ. निशात शहाबुद्दीन ब्लड बैंक नोडल ने कहा कि पुरुष व स्त्री सभी रक्तदान कर सकते हैं तथा परीक्षण कर ही यदि हीमोग्लोबिन सही रहता है तभी रक्त लिया जाता है।

सर्वेश गुप्ता सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी जो 62 वर्ष के होते हुए भी अनवरत रक्तदान करते चले आ रहें हैं। अपने अनुभव साझा किये। डॉ. अनुराग ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीज जिनके परिजन नहीं होते हैं और धन की भी कमी होती है, उन्हें रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से रक्त निरन्तर उपलब्ध कराया जाता है।

साथ ही जिला अस्पताल ब्लड बैंक से बृजेश कुमार ने सभी कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सरफराज हुसैन, महामंत्री राम किशोर, अनीता दीक्षित, पिंकी सिंह, मो. ताहिर, मनीष कुमार श्रीवास्तव, अनुराग सिंह, सत्येंद्र सिंह पटेल, रवि कुमार, बन्दनेश कुमार सहित सभी कर्मचारी व प्रमुख सहयोगी चौतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

### एक-दो नहीं महिला ने रचाई 5 शादियां... अब देवर के इश्क में गिरफ्तार!

फतेहपुर। जिले से एक अजब-गजब कारनामा सामने आया है। यहां एक महिला ने एक-दो नहीं बल्कि 5 युवकों से शादियां रचाई। इतना ही नहीं अब अपने देवर के इश्क में दीवानी है। पीड़ित पति का आरोप है कि महिला कई बार बाहरी व्यक्तियों से उसकी पिटाई भी करा चुकी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पंकज अग्रहरी नामक युवक की शादी 16 अप्रैल को बांदा जिले के मरका थाना के रहने वाली एक महिला से हुई थी। महिला की यह पांचवीं शादी थी। बताया जा रहा है कि शादी के बाद कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। पति पंकज का आरोप है कि अचानक कुछ ही महीनों बाद ही उसके छोटे भाई (सगे देवर) से पत्नी का अफेयर शुरू हो गया। इतना ही नही महिला ने पंकज से शादी रचाने के पहले चार शादियां कर चुकी है। पंकज उसका पांचवां पति है। पति की पिटाई और सास-ससुर को किया बेघरः आरोप कि महिला ने पति पंकज के घर से जेवर और नकदी अपने मायके भेज दी है। साथ ही अत्याचार की हदें पार करते हुए महिला ने सास-ससुर को बेघर करने के साथ महिला ने बाहरी लड़कों को बुलाकर कई बार पति की पिटाई भी करवाई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पत्नी से जान का खतरा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक के शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर युवक ने किशोरी से किया रेप

- आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज

बिंदकी, (फतेहपुर)। एक किशोरी ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित किशोरी की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के एक गांव की एक 17 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर थाना कल्याणपुर क्षेत्र के एक गांव के युवक ने रेप की घटना किया। इस मामले में पीड़ित किशोरी ने सोमवार की शाम लगभग चार बजे आरोपी युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया। दर्ज कराए मुकदमे में किशोरी ने बताया कि कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के एक जंगल में आरोपी ने तीन बार रेप की घटना की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक की मौत

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनापुर के समीप रविवार की रात अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नौबस्ता नौगांव निवासी स्व0 रामदेव निषाद का पुत्र रामखेलावन रविवार की रात लगभग आठ बजे रिश्तेदारी से घर वापस आ रहा था। तभी सैदापुर के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी भेजा तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मनाई खुशियां

- बच्चों को सामग्री के साथ दी होम्योपैथिक औषधि

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन ने खंभापुर स्थित भुइंया देवी मंदिर के समीप जरूरतमंद बच्चों के बीच कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. अनुराग ने सभी बच्चों के बीच केक काटकर खुशियां मनाई। साथ ही सभी बच्चों को गुब्बारे, कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, बिस्कुट, टॉफियां इत्यादि वितरित की। सभी बच्चों को संक्रामक रोगों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि भी दी। इस अवसर पर आजीवन सदस्य डॉ. वकील अहमद सिद्दीकी, मनीष कुमार, सुरेश श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार उपस्थित रहे।

## पेंशनरों को पूर्व प्रदत्त सुविधाओं से वंचित न किए जाने की मांग

- आल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन ने पीएम को भेजा ज्ञापन



फतेहपुर। पेंशनरों को पूर्व प्रदत्त सुविधाओं से वंचित न किए जाने की मांग को लेकर आल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि केन्द्रीय सिविल सेवा नियमों व भारत की संचित निधि से पेंशनदेनदारियों पर व्यय के सिद्धान्तों के वैधकरण से संबंधित विधेयक संसद से पारित हो जाने के फलस्वरूप केन्द्र सरकार को पूर्व पेंशनरों व वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने का अधिकार प्राप्त हो गया है। कहा कि देश की सामाजिक व्यवस्था में देश के प्रत्येक नागरिक को न्याय एवं सुरक्षा प्रदान करना भी प्रत्येक कल्याणकारी शासन व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य होता है। इस न्याय को प्रदान किए जाने हेतु न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्णय को सामान्य जन सहित प्रत्येक क्षेत्र के लोगों द्वारा स्वीकार किए जाने की अपेक्षा की जाती है।

कहा कि पेंशन योजना इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़नी चाहिए जिससे एक पेंशनर स्वावलंबी, स्वतंत्र एवं स्वाभिमान से उसी स्तर का जीवन व्यतीत कर सके जैसा कि सेवानिवृत्त के पूर्व व्यतीत कर रहा था। उच्चतम न्यायालय के निर्णय के आधार पर ही पूर्व पेंशनरों व वर्तमान पेंशनरों को एक ही क्लास के रूप में मानते हुए उनके मध्य समानता प्राप्त है। यही नहीं सप्तम वेतन आयोग द्वारा भी पूर्व पेंशनरों एवं वर्तमान पेंशनरों में समानता प्रदान करते हुए वेतन/पेंशन के ढाचे की संरचना की गई है। इस आधार पर एक जनवरी 2006 के पूर्व एवं उसके पश्चात के पेंशनरों को अभी तक समानता प्राप्त है। पूर्व से विद्यमान समानता को समाप्त करने की सातवें वेतन आयोग की संस्तुति वर्ष 2016 में आपके नेतृत्व वाली भारत सरकार द्वारा स्वीकार की जा चुकी है। इसलिए अब उसमें विभेद करने का अधिकार प्राप्त करने का प्रयास करना नैतिक दृष्टि से उचित नहीं है।

## विवादित दुकानों को कुर्क करने का एसडीएम ने दिया आदेश

फतेहपुर। किशनपुर कस्बा में लंबे समय से दो भाइयों के बीच दुकानों में चल रहे जमीनी विवाद में पुलिस की रिपोर्ट के बाद खागा एसडीएम ने विवादित दुकानों को कुर्क कराने के निर्देश दिया है। जिसके बाद से हड़कंप मचा हुआ है। किशनपुर कस्बा निवासी प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने डीएम रविंद्र कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया था कि किशनपुर पावर हाउस के सामने उसकी और भाई दीपक अग्रवाल की दुकान बनीं है। जिसमें उसके हिस्से की दुकान को भाई हड़पना चाहता है। कब्जा भी नहीं दे रहा है। जिस मामले में डीएम के निर्देश पर खागा एसडीएम ने पूरे मामले में पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। पुलिस ने पूरे मामले में विवाद न निपटने पर बड़े विवाद की आशंका जाहिर की थी। जिस रिपोर्ट के आधार पर खागा एसडीएम अभिनीत कुमार ने विवादित दुकानों को कुर्क कर सील करने के निर्देश दिया है। खागा एसडीएम के आदेश के बाद से कस्बा में हड़कंप मचा हुआ है। खागा एसडीएम अभिनीत कुमार ने बताया कि दो भाइयों के बीच जमीनी विवाद है। मामले में नियमानुसार विधिक कार्यवाई की जा रही है।

## गैस एजेंसियों की बैठक में सुरक्षा व उपभोक्ता हितों को लेकर हुआ संवाद

- इंडेन ऑयल के नवागंतुक एलपीजी हेड कानपुर डिवीजन का हुआ स्वागत
- कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली गैस एजेंसियों को मिला सम्मान

फतेहपुर। शहर के शादीपुर नाका स्थित द्विवेदी रेस्टोरेंट में सोमवार को जिले की सभी इंडेन गैस एजेंसियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह बैठक न सिर्फ औपचारिक संवाद का अवसर थी, बल्कि इंडेन ऑयल के तहत कार्यरत सभी वितरकों, अधिकारियों और उपभोक्ताओं के हितों से जुड़ी कई गंभीर व संवेदनशील चर्चाओं का मंच भी बनी। बैठक में फतेहपुर जनपद की सभी इंडेन गैस एजेंसियों के वितरक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इण्डेन ऑयल कानपुर डिविजन के एलपीजी हेड मानवेंद्र भटनागर, कानपुर डिविजन की मैनेजर सोनम केजरीवाल एवं फतेहपुर इण्डेन सेल्स अधिकारी जरीन अकरम मौजूद रहीं। बैठक की शुरुआत नवागंतुक अधिकारी मानवेंद्र भटनागर के भव्य स्वागत से हुई। जिले के सभी वितरकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य जिले में इंडेन गैस वितरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा, ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की रणनीति, सुरक्षा मानकों की चर्चा और डिजिटल प्रक्रियाओं को लेकर रूपरेखा तय करना था।

नवागंतुक अधिकारी और वितरकों के बीच खुले संवाद में अनेक जमीनी समस्याओं पर चर्चा हुई, जिनमें गैस आपूर्ति की समयबद्धता, सिलेंडरों की सुरक्षा, उपभोक्ता शिकायतों का निस्तारण, तथा एजेंसियों के संचालन से जुड़े विषय प्रमुख रहे। मानवेंद्र भटनागर ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि इंडेन अब केवल घरेलू रसोई गैस प्रदाता नहीं, बल्कि स्वच्छ और सुरक्षित जीवनशैली का संवाहक बन चुका है। उन्होंने कहा कि हर सिलेंडर उपभोक्ता के घर में भेजने से पहले उसकी जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए क्या वह सिलेंडर तकनीकी दृष्टि से फिट है, क्या उसमें लीकेज की कोई आशंका तो नहीं यह जिम्मेदारी अब और अधिक गंभीरता से उठानी होगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी तरह की गैस दुर्घटना की स्थिति में संबंधित एजेंसी को दो घंटे के भीतर त्वरित कार्रवाई करनी होगी, ताकि उपभोक्ता का जीवन और संपत्ति दोनों सुरक्षित रह सकें। वितरकों को कानपुर डिविजन की प्रबंधक सोनम केजरीवाल ने अपने संबोधन में बताया कि समय पर गैस आपूर्ति अब एजेंसी की प्रतिष्ठा से जुड़ा मामला है। हम अपने सभी बिजनेस पार्टनर्स से अपेक्षा रखते हैं कि वे उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान तत्परता से करें। जल्द ही एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक घर में जाकर रबड़ की जाँच कराई जाएगी, और यदि वह खराब पाई जाती है, तो तत्काल बदलवाया जाएगा। गैस लीकेज की घटनाओं को रोकने के लिए यह एक ज़रूरी कदम होगा। इण्डेन सेल्स ऑफिसर जरीन अकरम ने जिले की अब तक की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि फतेहपुर सेल्स एरिया लगातार पूरे डिवीजन में सुरक्षा और गुणवत्ता के मानकों पर अव्वल रहा है। हम ग्राहकों को सुरक्षित और समयबद्ध गैस सेवा देने में सबसे आगे हैं। यह जिले के सभी वितरकों की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है। उन्होंने एजेंसियों को प्रेरित किया कि वे अपने स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन करें, ताकि फतेहपुर डिविजन का नाम पूरे राज्य में आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो। बैठक के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इंडेन गैस एजेंसियों को सम्मानित किया गया। इसमें खागा इंडेन गैस सर्विस, किशनपुर इंडेन गैस सर्विस, बलदानी इंडेन गैस सर्विस, फतेहपुर इंडेन गैस सर्विस के साथ-साथ आश्रम इंडेन गैस सर्विस, ललिता इंडेन गैस सर्विस, वंदना इंडेन गैस सर्विस, असोथर इंडेन गैस सर्विस, शास्त्री इंडेन गैस सर्विस, कौशलेंद्र इंडेन गैस सर्विस और सलमान गैस सर्विस को भी उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। बैठक का समापन सभी प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए इस संकल्प के साथ हुआ कि फतेहपुर को इंडेन सेवा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का आदर्श जिला बनाया जाए।

## हॉकी एसो. के जिला संयोजक आदित्यांश सिंह व प्रसून बने महामंत्री

फतेहपुर। जिले में फतेहपुर हॉकी एसोसिएशन के तत्वाधान में 30 दिवसीय हॉकी शिविर जिला सचिव लखन सिंह के नेतृत्व में किया गया जिसके भव्य समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह, एबीवीपी खेलो भारत के राष्ट्रीय संयोजक आशुतोष सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती द्वारा समापन के दौरान 80 खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं टी शर्ट देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान हॉकी एसो. का जिला संयोजक आदित्यांश सिंह को बनाया गया। सहयोगी के तौर पर एसो. उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिजीत भारती, समाजसेवी विनीत सिंह सहित तमाम लोग मौजद रहे।

## उत्तम उद्योग व्यापार मंडल की जिला कमेटी का विस्तार



फतेहपुर। सोमवार को उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक में जिला कमेटी का विस्तार हुआ। सभी को पुष्पहार पहनाकर मनोनीत किया गया। तत्पश्चात संगठन की नीतियों की जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने की। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने शिरकत की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री जय किशन ने किया। बैठक में पूर्व एजेंडो पर चर्चा उपरान्त जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने जिला कमेटी का विस्तार करते हुए संरक्षक पद पर शिव प्रसाद उर्फ मामा, कैलाश चन्द्र साहू, अजय सोनी, जिला मंत्री पद पर विजय पाल, विकास साहू, जिला संगठन पद पर अरविन्द गुप्ता, विकास कष्यप को पुष्पहार पहनाते हुए मनोनीत किया। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को मिष्ठान खिलाकर संगठन में स्वागत करते हुए संगठन की नीतियों की जानकारी प्रदान की। बैठक में प्रेमदत्त उमराव, श्रवण दीक्षित, संदीप श्रीवास्तव, जय किशन, प्रशांत सिंह चौहान, आकाश भदौरिया, श्रवण दीक्षित, संदीप श्रीवास्तव, जय किशन, प्रशांत सिंह चौहान, आकाश भदौरिया, अजीत विद्यार्थी, अनिल महाजन, लकी साहू, सोनू, संजय गुप्ता, सौरभ गुप्ता, सोनू शुक्ला, सलामत अली, भंवर सिंह, कैफ अहमद, इसराइल, राजकुमार गुप्ता, नौशाद, वीरेन्द्र लोधी, नीरज मिश्रा भी मौजूद रहे।

## दोसर वैश्य के समारोह में तीस मेधावियों का हुआ सम्मान



फतेहपुर। दोसर वैश्य महासमिति के आयोजित मेधा अलंकरण समारोह में तीस मेधावियों का सम्मान माला, पटका, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। सम्मान प्राप्त कर बच्चे गौरवान्वित हुए। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति ने लोधीगंज में समारोह आयोजित किया। जिसमें नगर क्षेत्र सहित जनपद से काफी संख्या में दोसर वैश्य समाज के लोगों ने बड़े उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के तीस बच्चे एवं बच्चियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद जी के तेली चित्र पर मुख्य अतिथि कानपुर के उद्योगपति विवेक गुप्ता, महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्याय विनोद कुमार गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष कविता गुप्ता, जिलाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर प्रार्थना की।

- प्रतिभा के सम्मान से प्रतिभाओं में नई ऊर्जा का होता संचार: नारायण बाबू

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महान समिति के जिलाध्यक्ष नारायण बाबू ने कहा कि प्रतिभा के सम्मान से प्रतिभाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है जिससे वह व लगन परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कानपुर के उद्योगपति विवेक गुप्ता ने मेधावी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि शिक्षित समाज राष्ट्र और समाज के निर्माण में अहम भूमिका का निर्वहन करता है। समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। तभी समाज व राष्ट्र आगे बढ़ेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने आयोजन मंडल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाएं उत्साहित होती हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेधा अलंकरण समारोह जिले के अन्य स्थानों में भी आयोजित किए जाएं। जिससे प्रतिभाएं आगे बढ़ सके। संचालन महासमिति के जिला महामंत्री साजन गुप्ता एवं अमित गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर संरक्षक राधेश्याम गुप्ता, गिरधारी लाल गुप्ता, राम विशाल गुप्ता, संजय गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, बिंदकी नगर अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, हुसैनगंज अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, सुशील गुप्ता, मनीष गुप्ता, चंद्रसेन गुप्ता, अशोक गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, रंजन गुप्ता, सरोज गुप्ता, पूनम गुप्ता, प्रीतिजा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, मनीष गुप्ता, सीमा गुप्ता, अनीता गुप्ता, जागृति गुप्ता, सुनीता गुप्ता, अंसली गुप्ता भी मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मध्य पूर्व की आग

ईरान और इजरायल के बीच छिड़ी जंग में आखिरकार अमेरिका भी अपने सबसे घातक फाइटर जेट और मिसाइल के साथ कूद गया है। इजरायल की तरह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस शिया मुस्लिम देश के परमाणु कार्यक्रम को मुद्दा बना लिया है। वह इसे पूरी तरह रोकना चाहता है जिसे लेकर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान समझौता भी हुआ था लेकिन ट्रंप ने इसे सिरे से खारिज कर दिया है। इस तरह ईरान अब अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर यूएस और क्षेत्रीय सर्वोच्चता की होड़ में इजरायल के साथ की दुधारी जंग में फंस गया है। इजरायल-हमास और रूस-यूक्रेन युद्ध तो मूल रूप से क्षेत्रीय संघर्ष है लेकिन ईरान के साथ टकराव विशुद्ध रूप से वैश्विक तनाव की ओर बढ़ रहा है। इसे निशाना बनाने के लिए ट्रंप कुछ दिनों से कुछ ज्यादा उतावले होकर भूमिका भी बना रहे थे। प्रतिक्रिया के रूप में ईरान ने न केवल दूरगामी नतीजों की चेतावनी दी बल्कि यहां तक कह दिया कि अब हर अमेरिकी हमारे निशाने पर है। इजरायल के हमले के शुरुआती दो दिनों में तो वह कुछ कमजोर दिखा लेकिन अमेरिकी हमले के बाद वह इन दोनों को जिस तरह जवाब देते हुए इजरायल में तबाही मचा रहा है, वह ताज्जुब में डालने वाला है। उधर दूसरे देशों के मामलों में अमेरिका लंबे समय तक टांग अड़ाता रहा है जिसमें पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व तो उसकी लेबोरेटरी ही बन गए हैं लेकिन इराक और अफगानिस्तान में मुंह की खाने के बाद से वह सीधी लड़ाइयों से अब बचता है। फिर भी ईरान पर हमला करने के तो दो ही मतलब निकलते हैं। या तो ट्रंप अपनी ताकत पर काफी आत्मविश्वास में हैं या फिर मध्य पूर्व और खाड़ी क्षेत्र में अपनी पकड़ ढीली होती लग रही है। वर्तमान वैश्विक राजनीति में दोनों ही बातें किसी देश को मंजूर नहीं हो सकतीं। इसीलिए अमेरिकी हमलों का चीन और रूस ही नहीं बल्कि ब्रिटेन और सऊदी अरब जैसे अमेरिका समर्थक देशों ने भी खुल कर विरोध किया है। पुतिन और जिनपिंग तो ईरान की किसी न किसी ढंग से मदद करने का संकेत भी दे ही चुके हैं। यानी अब शक्ति संतुलन के नए समीकरण तय होंगे। नतीजा दुनिया को भुगतना होगा क्योंकि तेल इस क्षेत्र की प्रमुख संपदा है जिसकी सप्लाई में बड़ी रुकावटें आएंगी। महंगाई बढ़ेगी और सभी देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। बंद मुट्ठी खोल कर ट्रंप भी ऐसे इम्तहान में फंस गए हैं जिससे उनकी सर्वोच्चता खतरे में पड़ेगी।

## उपलब्धि भी, निराशा भी

उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में उत्तरोत्तर प्रगति से तो पता चलता है कि अब यहां पर दक्षता आधारित पढ़ाई पर अधिकाधिक ध्यान केंद्रित हो रहा है। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में पहली बार प्रदेश के कक्षा तीन के छात्रों का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से कहीं ज्यादा बेहतर रहा है। इस सर्वेक्षण में कक्षा तीन के छात्रों ने भाषा में औसतन 68 अंक और गणित में 64 अंक हासिल किए जबकि राष्ट्रीय औसत क्रमशः 64 और 60 रहा। इस उपलब्धि के साथ यूपी ने देश के शीर्ष दस राज्यों में आने का गौरव हासिल कर लिया है। अब इसी विषय से संबंधित एक और पक्ष भी है। गरीब परिवारों के बच्चों को स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश दिलाने के लिए करीब एक दशक पहले केंद्र द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) बनाया गया था पर तब से लेकर आज तक निजी स्कूलों द्वारा किसी न किसी बहाने इसका मखौल उड़ाए जाने का सिलसिला जारी है। इस वर्ष भी 21 जून तक स्कूली शिक्षा निदेशालय द्वारा सख्ती बरते जाने के बावजूद छह लाख में से 1.30 लाख सीटों पर ही प्रवेश दिए गए हैं। वहीं आवंटित की गई 185675 सीटों से भी 55401 सीटें अभी नहीं भर पाई हैं। यानी अभी तक कुल सीटों में से 22 प्रतिशत पर ही दाखिले दिए गए हैं तो आवंटित सीटों में भी 30 प्रतिशत सीटें अभी खाली पड़ी हैं। अब विभाग ने सधा-सधाया औपचारिक बयान दे दिया कि सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवंटित की गई सीटों पर प्रवेश कराने के निर्देश दे दिए गए हैं पर अभी तक हर साल अधिकांश स्कूल इस निःशुल्क प्रवेश को टाले रहने के लिए जिस तरह के हथकंडे अपनाते रहे हैं, उसे ध्यान में रखते हुए केवल बयान देने की कागजी खानापूरी से क्या हासिल होगा? स्कूलों द्वारा अपनाए जाने वाले पैंतरों को ध्यान में रखते हुए ऐसे नियम होने चाहिए कि मामले को टालने की जगह सत्र आरंभ के साथ ही बच्चों की पात्रता के अनुसार स्कूलों में उनको प्रवेश दिया जाए ताकि उनके अभिभावकों को विभाग के चक्कर और एक स्कूल से दूसरे तक दौड़ने के लिए मजबूर न होना पड़े। निर्धन परिवारों के बच्चे भी प्रतिभा दिखाने में पीछे नहीं रहते तो उनको भी अवसर तो मिलना ही चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिका का हमला**
ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना तय है!

**इजरायल ईरान के बढ़ते तनाव पर भारत चिंतित**
भारत पाकिस्तान तनाव पर चुनावी प्रचार जारी!

**देश भर में जबर्दस्त मानसूनी बारिश का एलर्ट**
हमारे महानगर फिर नज़र आयेंगे स्वीमिंग पूल!

**भारत ने रूस से बढ़ाया कच्चे तेल का आयात**
आपदा को अवसर बनाना हमारी राष्ट्रनीति है!

**भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं- अखिलेश**
सोशल मीडिया में राजा सोनम कथा वायरल है!

**नगर पंचायतों में एक करोड़ से होंगे विकास कार्य**
भ्रष्टाचार की नयी वैतरणी में सबका स्वागत है!

♦♦♦

# इजरायल-ईरान के बीच बिखरती दुनिया

इस मध्य पूर्व की धरती, जहां इतिहास की हर सदी ने खून की नदियां बहते देखी हैं, आज फिर युद्ध की लपटों में सुलग रही है। 13 जून 2025 को इजरायल के 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी शुरू की, और जवाब में ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' के तहत तेल अवीव पर सौ से अधिक



– डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

बैलिस्टिक मिसाइलें दाग दीं। इस युद्ध ने न केवल क्षेत्रीय शांति को तहस-नहस किया, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को भी डगमगाने पर मजबूर कर दिया। इस संकट के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान गूंज रहा है–यूरोपीय देश इस संघर्ष में कुछ नहीं कर सकते, और अमेरिका ईरान के साथ परमाणु वार्ता के लिए तैयार है। लेकिन ईरान ने साफ शर्त रखी है- पहले इजरायली हमले रुकें, तभी बात होगी। यह कूटनीतिक जंग, युद्ध के मैदान से भी ज्यादा खतरनाक हो चली है। आंकड़ों और तथ्यों के साथ यह लेख इस युद्ध की गहराइयों, परमाणु वार्ता की उलझनों और वैश्विक प्रभावों को उजागर करता है।

इस संघर्ष की जड़ें दशकों पुरानी हैं। इजरायल और ईरान के बीच शीतयुद्ध सा तनाव लंबे समय से चला आ रहा था, लेकिन 2025 ने इसे गर्म युद्ध में बदल दिया। इजरायल का दावा है कि ईरान 15 परमाणु हथियार बनाने के करीब पहुंच चुका था, जिसे रोकना उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अनिवार्य था। इसके जवाब में, ईरान ने इजरायल के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें दागीं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और 70 से अधिक लोग घायल हुए। आंकड़े चौंकाने वाले हैं- युद्ध के पहले 10 दिनों में इजरायल के हमलों से ईरान में 650 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें 80 बच्चे और महिलाएं शामिल थे। वहीं, ईरान के हमलों से इजरायल में 30 नागरिकों की जान गई। दोनों देशों के बीच ड्रोन और मिसाइल हमले अब रोजमर्रा की बात हो चुके हैं। स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब ईरान की एक मिसाइल इजरायल में अमेरिकी दूतावास के पास गिरी, जिसने इस युद्ध को वैश्विक स्तर पर ले जाने की आशंका को और बल दिया।

डोनाल्ड ट्रंप, जो जनवरी 2025 में दूसरी बार अमेरिका की सत्ता संभाल चुके हैं, इस संकट में केंद्र बिंदु बने हुए हैं। उनका दावा है कि इजरायली हमलों की जानकारी उन्हें पहले से थी, और उन्होंने ईरान को परमाणु वार्ता के लिए 60 दिन का अल्टीमेटम दिया था। ट्रंप ने 18 जून 2025 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ईरान के पास परमाणु बम बनाने की पूरी सामग्री है; बस सुप्रीम लीडर के हस्ताक्षर की देरी है। उनकी रणनीति दोधारी तलवार सी है। एक ओर, वे इजरायल को सैन्य सहायता और मिसाइल रक्षा प्रणालियों के जरिए समर्थन दे रहे हैं; दूसरी ओर, वे ईरान को कूटनीति की मेज पर लाने का दबाव बना रहे हैं। ट्रंप ने अगले 10 दिनों में यह फैसला लेने की बात कही है कि क्या अमेरिका इस युद्ध में सीधे हस्तक्षेप करेगा। उनका यह बयान कि 'यूरोप इस मामले में बेकार है' न केवल यूरोपीय देशों की कूटनीतिक कमजोरी को उजागर करता है, बल्कि अमेरिका की एकतरफा नेतृत्व की महत्वाकांक्षा को भी रेखांकित करता है। ईरान, हालांकि, आसानी से झुकने वाला नहीं है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका पर इजरायल की आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ शब्दों में कहा, 'हम आत्मसमर्पण नहीं करेंगे; अगर अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करता है, तो उसे ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी, जो वह कभी नहीं भूल पाएगा।' ईरान ने परमाणु वार्ता के लिए इजरायली हमले रुकने की शर्त रखी है। 20 जून 2025 को ईरान ने यूरोपीय संघ के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रारंभिक बातचीत शुरू की, लेकिन विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने दो टूक कहा कि जब तक इजरायल हमले बंद नहीं करता, ईरान अपने सैन्य अभियान को और तेज करेगा। यह गतिरोध दर्शाता है कि परमाणु वार्ता की राह कांटों से भरी है।


यूरोप की भूमिका इस संकट में सीमित रही है। ट्रंप के तंज के बावजूद, जी7 देशों ने 15 जून 2025 को कनाडा में हुए शिखर सम्मेलन में इजरायल का समर्थन किया और ईरान पर दबाव डाला। लेकिन यूरोप की कूटनीतिक पहलें नाकाम रही हैं, क्योंकि ईरान ने अमेरिका के साथ सीधी बातचीत को प्राथमिकता दी। दूसरी ओर, रूस और चीन ने ईरान का खुला समर्थन किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप से फोन पर बात की और इजरायली हमलों की निंदा की। खबरें हैं कि चीन ईरान को ड्रोन और संवेदनशील तकनीक की आपूर्ति कर रहा है, जो इस युद्ध को और जटिल बना सकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठकें भी बेनतीजा रही हैं, क्योंकि स्थायी सदस्यों के बीच मतभेद उभरकर सामने आए।

इस युद्ध का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ना शुरू हो चुका है। तेल की कीमतें पिछले एक सप्ताह में 15त्न बढ़ चुकी हैं, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि यह युद्ध लंबा खिंचा या परमाणु स्तर तक पहुंचा, तो वैश्विक मंदी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा और इजरायल की आक्रामक नीति इस क्षेत्र को दशकों पीछे धकेल सकती हैं। ट्रंप की 10-दिवसीय समयसीमा एक जोखिम भरा दांव है, जो या तो कूटनीति की जीत बन सकता है या फिर वैश्विक युद्ध का आगाज।



इस संकट ने दुनिया को दोराहे पर ला खड़ा किया है। एक ओर, कूटनीति की संभावना अभी बाकी है, जहां अमेरिका और ईरान आपसी हितों के आधार पर समझौता कर सकते हैं। दूसरी ओर, सैन्य टकराव का खतरा मंडरा रहा है, जो न केवल मध्य पूर्व, बल्कि पूरी दुनिया को अस्थिर कर सकता है। आंकड़े चीख-चीखकर बता रहे हैं कि अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, और हजारों बेघर हो चुके हैं। यह युद्ध न तो इजरायल की जीत है, न ईरान की; यह मानवता की हार है। जैसे ही मध्य पूर्व की रातें मिसाइलों की रोशनी से जगमगाती हैं, विश्व समुदाय सांस थामे इंतजार कर रहा है। क्या यह युद्ध परमाणु त्रासदी का रूप लेगा, या कूटनीति की रोशनी इस अंधेरे को चीरेगी? समय तेजी से बीत रहा है, और दुनिया के पास जवाब देने के लिए ज्यादा वक्त नहीं बचा। यह युद्ध केवल मध्य पूर्व का नहीं, बल्कि पूरी मानव सभ्यता का भविष्य तय करेगा। क्या हम इतिहास से सबक लेंगे, या फिर एक और अध्याय खून से लिखा जाएगा?

## प्रेमचंद की कहानियां



### बूढ़ी काकी

यह भी खटका था कि जरा आंख हटी और चीजों की लूट मची। इस अवस्था में उसने बूढ़ी काकी को कड़ाह के पास बैठी देखा तो जल गयी। क्रोध न रुक सका। इसका भी ध्यान न रहा कि पड़ोसिनें बैठी हुई हैं, मन में क्या कहेंगी, पुरुषों में लोग सुनेंगे तो क्या कहेंगे। जिस प्रकार मेढक केंचुए पर झपटता है, उसी प्रकार वह बूढ़ी काकी पर झपटी और उन्हें दोनों हाथों से झटककर बोली- ऐसे पेट में आग लगे, पेट है या भाड़? कोठरी में बैठते हुए क्या दम घुटता था? अभी मेहमानों ने नहीं खाया, भगवान को भोग नहीं लगा, तब तक धैर्य न हो सका ? आकर छाती पर सवार हो गयी? जल जाय ऐसी जीभ। दिन भर खाती न होती तो न जाने किसकी हांडी में मुंह डालती ? गांव देखेगा तो कहेगा कि बुढ़िया न मांचा छोडे। नाम बेचने पर लगी है। नाक कटवा कर दम लेगी। इतनी ठूंसती भरपेट खाने को नहीं पाती तभी तो इस तरह मुंह वाये फिरती है। डायन न मरे है न जाने कहां भस्म हो जाता है। भला चाहती हो तो जाकर कोठरी में बैठो. जब घर के लोग खाने लगेंगे तब तुम्हें भी मिलेगा। तुम कोई देवी नहीं हो कि चाहे किसी के मुंह में पानी न जाय, परन्तु तुम्हारी पूजा पहले ही हो जाय। बूढ़ी काकी ने सिर उठाया; न रोईं न बोलीं। चुपचाप रेंगती हुई अपनी कोठरी में चली गयीं। आवाज ऐसी कोठर थी कि हृदय और मस्तिष्क की सम्पूर्ण शक्तियां, सम्पूर्ण विचार और सम्पूर्ण भार उसी ओर आकर्षित हो गये थे। नदी में जब कगार का कोई वृहद् खंड कट कर गिरता है तो आप-पास का जलसमूह चारों ओर उसी स्थान को पूरा करने के लिए दौड़ता है! भोजन तैयार हो गया है। आंगन में पत्तलें पड़ गयीं, मेहमान खाने लगे। स्त्रियों ने जेवनार-गीत गाना आरम्भ कर दिया। मेहमानों के नाई और सेवकगण भी उसो मंडली के साथ किंतु कुछ हटकर भोजन करने बैठे थे, परन्तु सभ्यतानुसार जब तक सब के सब खा न चुके कोई उठ नहीं सकता था।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**पठन्ति चतुरो वेदान् धर्मशास्त्राणनेकशः।**
**आत्मानं नैव जानन्ति दर्वी पाकरसं यथा।।**

जिस प्रकार पाक में घुसी हुई कलछी उस पाक के रस को नहीं जानती, उसी प्रकार आजकल के विद्वान भी वेदों और शास्त्रों को पढ़ तो लेते हैं, परन्तु आत्मतत्त्व को नहीं जानते।

♦♦♦

# अपराध की दुनिया क्यों लगती है इतनी रोमांचक

इंदौर की सोनम रघुवंशी का मामला चर्चा में है. हर रोज इस मामले में नये रहस्य खुल रहे हैं. हमारी मानसिकता में अपराध की योजनाएं किस तरह से बनती हैं, इसे जानकर हैरत हो रही है. ऐसी-ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं कि मानवीय संबंधों पर विश्वास



– क्षमा शर्मा

न हटे, तो और क्या हो! एक महिला ने बच्ची गोद ली. वह उसे अपने दम पर पाल रही थी. पढ़ा-लिखा कर वह उसे योग्य बनाना चाहती थी. बच्ची पंद्रह साल की हुई, तो उसके जीवन में एक लड़का आया. मां उससे कहती थी कि पहले पढ़-लिख लो, फिर किसी संबंध में आगे बढ़ना. किशोरी को यह बात बुरी लगी. उसने मां की हत्या कर दी. दूसरी लड़की को नानी ने किसी लड़के से मिलने पर डांटा, तो उसने उस पर चाकू से इतने वार किये कि नानी ने दम तोड़ दिया. एक दूसरी महिला ने अपने पति को धमकाया कि अगर ज्यादा मुंह खोला, तो राजा रघुवंशी वाला हाल करूंगी. ऐसा नहीं है कि अपराध महिलाएं ही कर रही हैं. पुरुष भी कोई कम नहीं. ऐसी खबरें रोज आती हैं कि लिव इन में रह रही महिला को पुरुष मित्र ने मारा. पत्नी को पहाड़ से धक्का दिया. किसी और से शादी करने के लिए महिला मित्र की सुपारी दी. यदि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों पर नजर डालें, तो पुरुष चौरानबे प्रतिशत अपराध करते हैं और महिलाएं छह से आठ प्रतिशत, यानी महिला अपराधियों की संख्या बहुत कम है, लेकिन महिलाओं द्वारा किये गये अपराध इसलिए ज्यादा चौंकाते हैं, क्योंकि महिला भी अपराध कर सकती है, इस बात पर विश्वास नहीं होता. यूं बदले वक्त के साथ महिला डॉन भी सामने आने लगी हैं. कुछ दिन पहले एक लड़की को दिल्ली से पकड़ा गया था. उसे जेल भी हुई थी, पर जेल से निकलने के बाद वह फिर से अपराध करने लगी. हाल ही में ग्रेटर नोएडा से उन्नीस साल की एक लड़की को पकड़ा गया. वह हाइवे पर ट्रकों को पिस्तौल के बल पर लूटती थी. उस घटना के बारे में तो लोगों ने देखा-सुना ही होगा, जहां एक लड़की ने पेट्रोल पंप के कर्मचारी के सीने पर पिस्तौल तानते हुए कहा था, 'इतनी गोलियां मारूंगी कि कोई पहचान नहीं पायेगा'. अफसोस कि बाद में उस लड़की को कुछ लोग लक्ष्मीबाई कहने लगे. दरअसल अपराध की दुनिया बड़ी रोमांचक लगती है. इसके पीछे की सोच यह है कि लंबी कानूनी प्रक्रियाओं में पड़ने के मुकाबले क्यों न हाथ के हाथ मामले को निपटाया जाए. इधर एक गोली चलेगी, उधर सब खत्म. हमारे समाज में अपराध को बहुत गौरवान्वित किया जाता है. अमिताभ बच्चन की फिल्मों की कामयाबी और उनकी एंग्री यंगमैन की छवि ने कुछ ऐसा वातावरण बनाया था, जहां न्याय कोई भला आदमी नहीं, कोई अपराधी ही दिलवा सकता है. कोई क्यों अपराधी बनता है, इसके मनोवैज्ञानिक और आर्थिक कारण भी वहां बताये जाते थे. लेकिन आजकल तो सत्ता और धन बल के नशे में लोग समझते हैं कि एक बार अपराध की दुनिया में जगह बना लें, तो बस पौ बारह है. पहले यदि कोई पिता अपराधी होता था, तो अपने बेटे को शिक्षा देता था कि वह कभी अपराधी न बने, लेकिन कई साल पहले एक व्यक्ति का इंटरव्यू पढ़ रही थी. उसका कहना था कि उसके पिता ने जीवन में जितने अपराध किये, उसने नहीं किये. इसलिए पिता उससे नाराज होते और कहते थे कि मेरा बेटा कहाना है, तो इस दुनिया में मुझसे ज्यादा नाम कमाना पड़ेगा. इसे पढ़ कर बहुत हैरानी हुई थी, क्योंकि



बचपन में सुनी वह कहानी हमेशा याद रही थी कि एक चोर को जब राजा ने फांसी की सजा दी, तो उससे उसकी आखिरी इच्छा पूछी गयी. उसने कहा कि वह अपनी मां से कान में कुछ कहना चाहता है. उसने मां के कान काट लिये, फिर कहा कि जब पहले दिन उसने मां को कान में आकर चोरी की बात बतायी थी, यदि वह उसी दिन रोकती, तो वह आगे चोरी न करता. लेकिन हिंदी फिल्मों, ओटीटी, सोशल मीडिया इन दिनों युवाओं के मार्गदर्शक और पथ प्रदर्शक हैं. अपराध कैसे करें, हथियार कैसे प्राप्त करें, ये सब बातें ऑनलाइन खोजी जा सकती हैं. ऐसे में, नयी पीढ़ी के बच्चों को, जिनमें लड़कियां भी हैं, न्याय करना और बदला लेना बहुत आसान लगता है. वैसे भी कुछ विमर्श ऐसे हैं, जो रात-दिन अन्याय के निराकरण का सही तरीका बदला समझते हैं. अतीत में जिस-जिसने सताया है, उससे बदला लेना चाहते हैं. यह अलग बात है कि बदले की इस सोच के शिकार कई बार निरपराधी भी होते हैं. जैसे कि राजा रघुवंशी या वह मां, जिसने अनाथ बच्ची को पाला और उसे उज्ज्वल भविष्य देने की कोशिश की. अपराध करते वक्त यह महसूस क्यों नहीं होता कि पकड़े भी जायेंगे? यह क्यों लगता है कि कुछ भी कर लें, बच जायेंगे? वे चित्र भी हम सबने देखे होंगे, जिनमें जब तरह-तरह के अपराधी जेल से बाहर आते हैं, तो विक्ट्री का साइन बनाते हैं. कई किशोर अपराधी तो ऐसे हैं, जो जब जेल जाते हैं, तो धमकी देते हैं कि बाहर आकर देखेंगे. कई मामलों में ऐसा हुआ भी है. इन सब कारणों से भी स्थिति बिगड़ी है।

## प्रेरक प्रसंग — सहनशीलता

एक दरोगा संत दादू की ईश्वर भक्ति और सिद्धि से बहुत प्रभावित था। उन्हें गुरु मानने की इच्छा से वह उनकी खोज में निकल पड़ा। लगभग आधा जंगल पार करने के बाद दरोगा को केवल धोती पहने एक साधारण-सा व्यक्ति दिखाई दिया। वह उसके पास जाकर बोला, क्यों बे तुझे मालूम है कि संत दादू का आश्रम कहां है?

वह व्यक्ति दरोगा की बात अनसुनी कर के अपना काम करता रहा। भला दरोगा को यह सब कैसे सहन होता? लोग तो उसके नाम से ही थर-थर कापते थे उसने आव देखा न ताव लगा ग़रीब की धुनाई करने। इस पर भी जब वह व्यक्ति मौन धारण किए अपना काम करता ही रहा तो दरोगा ने आग बबूला होते हुए एक ठोकर मारी और आगे बढ़ गया। थोड़ा आगे जाने पर दरोगा को एक और आदमी मिला। दरोगा ने उसे भी रोक कर पूछा, क्या तुम्हें मालूम है संत दादू कहां रहते है?

उन्हें भला कौन नहीं जानता, वे तो उधर ही रहते हैं जिधर से आप आ रहे हैं। यहां से थोड़ी ही दूर पर उनका आश्रम है। मैं भी उनके दर्शन के लिए ही जा रहा था। आप मेरे साथ ही चलिए। वह व्यक्ति बोला।

दरोगा मन ही मन प्रसन्न होते हुए साथ चल दिया। राहगीर जिस व्यक्ति के पास दरोगा को ले गया उसे देख कर वह लज्जित हो उठा क्योंकि संत दादू वही व्यक्ति थे जिसको दरोगा ने मामूली आदमी समझ कर अपमानित किया था। वह दादू के चरणों में गिर कर क्षमा मांगने लगा। बोला, महात्मन् मुझे क्षमा कर दीजिए, मुझसे अनजाने में अपराध हो गया। दरोगा की बात सुनकर संत दादू हंसते हुए बोले, भाई, इसमें बुरा मानने की क्या बात? कोई मिट्टी का एक घड़ा भी ख़रीदता है तो ठोक बजा कर देख लेता है। फिर तुम तो मुझे गुरु बनाने आए थे।

संत दादू की सहिष्णुता के आगे दरोगा नतमस्तक हो गया।

## आपका पत्र मिला

### साहित्य में हैं आषाढ़ के तरह-तरह के रोचक वर्णन

जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रदेव पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर होते हैं उसे आषाढ़ कहा जाता है। यह वर्षा ऋतु का प्रथम मास है और इसके विविध रंग और आयाम हैं। इंसान से लेकर भगवान तक और किसान से लेकर कवि और साहित्यकार तक इसने अपनी छाप छोड़ी है और इन वर्गों ने इसे अपने अपने तरीके से उपयोग किया है। पृथ्वी पर हरीतिमा का जनक होने के कारण यह कृषकों को अति प्रिय है और इस मास के आगमन पर अपनी फसल की तैयारी उन्हें बहुत जल्द करनी पड़ती है। कहावत है कातिक तेरह तीन असाढ़। यानी तीन दिन के अंदर असाढू फसल के लिये किसान को कार्यवाही कर लेनी होती है। यद्यपि खेती किसानी के काम में व्यस्ततावश उन्हें इस मास में कपड़े सिलवाने की फुरसत नहीं होती है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जी खाली बैठे रहते हैं। अतः बेरोजगार और ठलुहे के लिये गांव की लोकोक्ति है असाढ़ के दर्जी। मगर भगवान (विष्णु) दूसरा रास्ता अपनाते हैं। वे इस मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को चार मास के लिये सो जाते हैं। इसे हरि शयनी एकादशी कहते हैं। ऋतु वर्णन के प्रवीण कवि सेनापति ने लिखा है कि चूंकि आषाढ़ में मेघों की घटा घनघोर छाई रहती है, तो दिन में भी रात का भ्रम होने लगता है; अतः भगवान सो जाते हैं। साहित्यकार मोहन राकेश ने 1959 में अपना बहु चर्चित नाटक इसी मास के नाम पर लिखा आषाढ़ का एक दिन। अब चूंकि प्रेमचंद ने अपनी मशहूर कहानी पूस की रात लिखकर पूष भास को आगे बढ़ाया, तो आषाढ़ भी पीछे क्यों रहे। यह कमी मोहन राकेश ने पूरी कर दी। कविकुलगुरु कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर आषाढ़स्य प्रथम दिवसे ही मेघ मिले, जिन्हें उसने अपनी अलकापुरी में रह रही पत्नी के पास दूत बनाकर भेजा।हालॉकि मलिक मोहम्मद जायसी की वियोगिनी नायिका नागमती को आषाढ़ कष्ट कारक लगता है।

**रघोत्तम शुक्ल, वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# जगन्नाथ जी की मूर्ति में हाथ-पैर क्यों नहीं होते?

## उनकी अधूरी आकृति का रहस्य

हिन्दू धर्म में भगवान का स्वरूप केवल एक कलात्मक मूर्ति नहीं होता, बल्कि उनके दिव्य गुणों, लीलाओं और संदेशों का प्रतीक होता है। हर देवता की छवि में कोई न कोई विशेषता होती है, जो उनके चरित्र, शक्ति और उद्देश्य को दर्शाती है। इन्हीं विशेषताओं के माध्यम से साधक या भक्त भगवान के निकट पहुँचता है। इसी परंपरा में एक अत्यंत रहस्यमय और अद्भुत स्वरूप है भगवान जगन्नाथ का। भगवान जगन्नाथ, जिन्हें भगवान विष्णु या श्रीकृष्ण का अवतार माना जाता है, उनकी मूर्ति को जब पहली बार कोई देखता है तो वह आश्चर्यचकित रह जाता है। उनकी बड़ी-बड़ी गोल आँखें, जिनमें पलकें तक नहीं हैं, और एक ऐसा शरीर जिसमें हाथ-पैर नहीं दिखाई देते, यह कोई साधारण मूर्ति नहीं है। यह स्वरूप न केवल दृश्य रूप से अलग है, बल्कि इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक, पौराणिक और सांस्कृतिक अर्थ छिपा हुआ है। कई लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि भगवान की मूर्ति अधूरी क्यों है? उनकी आँखें इतनी बड़ी क्यों हैं? क्या कोई कथा है इसके पीछे? या फिर यह केवल कल्पना है? दरअसल, भगवान जगन्नाथ का यह रूप एक गहरी शिक्षाप्रद कथा से जुड़ा हुआ है, जिसमें भक्ति, विश्वास और भगवान की लीला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह मूर्ति प्रतीक है उस सच्चाई का कि ईश्वर पूर्णता से नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास से प्राप्त होते हैं। और उनका यह स्वरूप हमें यह भी सिखाता है कि भगवान हर रूप में स्वीकार्य हैं चाहे वह पारंपरिक हो या अद्भुत। तो आइए, अब विस्तार से जानें कि भगवान जगन्नाथ की बड़ी आँखों और उनके अधूरे स्वरूप के पीछे क्या रहस्य है, और कैसे यह रूप आज भी करोड़ों भक्तों के हृदय में आस्था और प्रेम का प्रतीक बना हुआ है।



### भगवान जगन्नाथ की बड़ी आँखों का रहस्य

भगवान जगन्नाथ की बड़ी-बड़ी आँखों के पीछे एक बेहद भावुक कथा जुड़ी है। जब भगवान श्रीकृष्ण द्वारका में निवास कर रहे थे, तब एक दिन रोहिणी माता वहाँ के लोगों को वृंदावन की रासलीलाओं की कथा सुना रही थीं। श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा जी दरवाजे के बाहर खड़े होकर वह कथा चुपचाप सुन रहे थे। कथा इतनी भावपूर्ण थी कि तीनों भाई-बहन प्रेम और विस्मय से भर उठे, और उनकी आँखें आश्चर्य से फैल गईं। उसी समय नारद मुनि वहाँ आए और उन्हें इस रूप में देखकर अत्यंत भावुक हो गए। उन्होंने प्रार्थना की कि यह दिव्य रूप सदा भक्तों को भी देखने को मिले। नारद मुनि की उस प्रार्थना को स्वीकार करते हुए भगवान ने यह रूप स्थायी बना लिया। तभी से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियाँ उसी रूप में बनाई जाती हैं, बड़ी गोल आँखों और सरल, बिना विस्तार वाले शरीर के साथ। यह रूप न केवल एक कथा का प्रतिबिंब है, बल्कि भक्तों के प्रेम और भगवान की भावनात्मक संवेदनशीलता का प्रतीक भी बन गया है।

### भक्तों की श्रद्धा से जन्मा दिव्य नेत्रस्वरूप

एक और कथा के अनुसार, जब भगवान जगन्नाथ राजा इंद्रद्युम्न के राज्य में प्रकट हुए थे, तो उनके रूप के दर्शन कर वहां के लोग स्तब्ध रह गए थे। उनकी आंखें श्रद्धा और विस्मय से इतनी फैल गईं कि भगवान ने भी उनकी भक्ति को सम्मान देते हुए अपनी आँखें उसी तरह बड़ी कर लीं। यह रूप दिखाता है कि भगवान अपने भक्तों की भावनाओं को कैसे आत्मसात कर लेते हैं और उसी अनुरूप अपना स्वरूप बदल लेते हैं। भक्तों का मानना है कि भगवान की यह विशाल और अटूट दृष्टि दर्शाती है कि वे हर समय, हर भक्त पर ध्यान रखते हैं। कुछ मान्यताओं के अनुसार, मूर्तिकारों ने जानबूझकर भगवान की आँखें बड़ी बनाईं ताकि उनका स्वरूप देखते ही श्रद्धा जागृत हो। साथ ही यह भी विश्वास है कि उनकी दृष्टि नेत्र रोगों से पीड़ित लोगों के लिए आशीर्वाद और उपचार का प्रतीक है। इस प्रकार, भगवान जगन्नाथ की आँखें केवल शरीर का अंग नहीं, बल्कि प्रेम, समर्पण और चमत्कार की प्रतीक हैं।

### भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की मूर्तियों में हाथ-पैर क्यों नहीं होते?

एक समय राजा इंद्रद्युम्न ने भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की मूर्तियाँ बनवाने का निर्णय लिया। उन्होंने विश्वकर्मा जी को ये मूर्तियाँ बनाने के लिए बुलाया। विश्वकर्मा जी ने मूर्ति निर्माण की एक शर्त रखी कि जब तक ये मूर्तियाँ पूरी तरह से तैयार न हो जाएं, कोई भी उस कमरे में प्रवेश नहीं करेगा। कुछ दिनों तक कमरे के अंदर मूर्ति बनाने की आवाज़ें आती रहीं, लेकिन अचानक ये आवाज़ें बंद हो गईं। राजा को लगा कि काम पूरा हो गया है, इसलिए वे बिना किसी अनुमति के कमरे में प्रवेश कर गए। इस वजह से विश्वकर्मा जी का क्रोध भड़क उठा क्योंकि उनकी शर्त टूट गई थी। उन्होंने मूर्तियों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया और वे मूर्तियाँ हाथ-पैर के बिना ही रह गईं। यही कारण है कि भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की मूर्तियां हाथ-पैर रहित दिखाई देती हैं।

# भगवान जगन्नाथ को क्यों लगता है कड़वे नीम का भोग?



पुरी की जगन्नाथ रथ यात्रा हिंदू धर्म की सबसे भव्य, प्रसिद्ध और श्रद्धा से ओत-प्रोत यात्राओं में से एक मानी जाती है। यह यात्रा हर साल आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को आयोजित होती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर श्रीमंदिर से गुंडिचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। लाखों श्रद्धालु इस पावन अवसर पर पुरी पहुँचते हैं और भगवान के रथ को खींचकर पुण्य प्राप्त करते हैं। यह न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और भक्तिभाव का अद्वितीय प्रतीक भी है।

### क्यों चढ़ाया जाता है भगवान जगन्नाथ को नीम का भोग?

भगवान जगन्नाथ को 56 भोग लगाने के बाद नीम के चूर्ण का भोग चढ़ाने की परंपरा के पीछे एक बेहद मार्मिक कथा जुड़ी है। कहा जाता है कि जगन्नाथ पुरी मंदिर के पास एक वृद्धा महिला रहती थी, जो भगवान को अपने पुत्र के रूप में मानती थी। वह प्रतिदिन देखती थी कि भगवान को 56 प्रकार के विविध और भारी भोजन चढ़ाए जाते हैं। एक दिन उसने सोचा कि इतना सारा भोग ग्रहण करने के बाद उसके बेटे को पेट दर्द हो सकता है, इसलिए वह नीम का औषधीय चूर्ण बनाकर मंदिर पहुंची, ताकि उसे भगवान को भोग स्वरूप अर्पित कर सके।

### सैनिकों ने किया चूर्ण का अपमान, भक्त हुई व्यथित

जब वह महिला भगवान को वह चूर्ण देने मंदिर पहुंची, तो द्वार पर तैनात सैनिकों ने उसे अंदर नहीं जाने दिया। इतना ही नहीं, उसके हाथ से नीम का चूर्ण भी छीनकर फेंक दिया और उसे अपमानित कर मंदिर से भगा दिया। यह देखकर वह स्त्री अत्यंत दुःखी हो गई कि वह अपने पुत्र भगवान को प्यार से बनाई हुई औषधि नहीं दे सकी।

### भगवान ने लिया भक्त की पीड़ा का संज्ञान

उस रात भगवान जगन्नाथ ने पुरी के राजा के स्वप्न में दर्शन दिए और पूरी घटना की जानकारी दी। भगवान ने राजा से कहा कि उन्होंने एक सच्ची भक्त का अपमान सहन किया है और यह अनुचित है। उन्होंने राजा को आदेश दिया कि वह स्वयं उस महिला के घर जाकर क्षमा मांगे और उसी नीम के चूर्ण को फिर से बनवाकर भगवान को अर्पित करे।

### तभी से शुरू हुई यह परंपरा

अगले दिन राजा ने भगवान की आज्ञा का पालन किया। वह महिला के घर गए, माफी मांगी और उससे दोबारा चूर्ण बनवाया। उस मां ने बड़े प्रेम से वह नीम का चूर्ण तैयार किया और राजा ने उसे भगवान जगन्नाथ को भोग के रूप में अर्पित किया। भगवान ने उसे सहर्ष स्वीकार किया। तभी से यह परंपरा चल पड़ी कि 56 भोग के बाद भगवान को नीम के चूर्ण का भोग भी लगाया जाता है, जो आज तक पूरी श्रद्धा और प्रेमभाव के साथ निभाई जाती है।

# हनुमानजी ने पंचमुखी रूप क्यों किया धारण? जानिए पौराणिक महत्व



हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार हनुमान जी की पूजा करने से व्यक्ति के अंदर साहस, बल, पराक्रम में वृद्धि होती और नकारात्मक ऊर्जाओं से छुटकारा मिलता है। हिंदू धर्म में वैसे तो हर दिन हनुमानजी की पूजा होती है लेकिन मंगलवार और शनिवार के दिन हनुमान जी की विशेष रूप से पूजा आराधना करने का महत्व होता है। वैसे तो हनुमान जी की पूजा कई स्वरूपों में की जाती लेकिन हनुमान जी के पांच मुखों वाली मूर्ति की पूजा विशेष पूजनीय होती है। हिंदू धर्म में पंचमुखी हनुमानजी की पूजा को साहस, वीरता, शक्ति और नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने का प्रतीक माना जाता है। कई घरों में लोग अपने पूजा स्थल पर हनुमान जी के पंचमुखी स्वरूप की मूर्ति और तस्वीर को रखते हैं। हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है। राम भक्त हनुमान जी की उपासना से सुख, शांति, आरोग्य और लाभ की प्राप्ति होती है। इसके साथ इनकी पूजा करने से नकारात्मक शक्तियां भी हनुमानजी के भक्तों को परेशान नहीं करती। हनुमानजी प्रभु राम के सबसे बड़े भक्त हैं और जो व्यक्ति राम नाम का स्मरण करता है हनुमान जी उसकी सभी तरह की मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। क्या आपको पता है कि भगवान राम और रावण के बीच हुए युद्ध में एक समय ऐसी परिस्थिति बनी जब प्रभु राम समेत पूरी वानर सेना संकट में पड़ गई थी, तब हनुमानजी ने पंचमुखी अवतार लेकर सभी को संकट से उभारा था। आइए जानते हैं क्या है हनुमानजी के पंचमुखी अवतार की कथा।

**हनुमानजी के पंचमुखी अवतार की कथा**- पौराणिक कथा के अनुसार भगवान राम और रावण के बीच के युद्ध चल रहा था तब एक समय ऐसा आया जब रावण युद्ध में हारने लगा था। अपनी हार को जीत में बदलने के लिए रावण ने अपने भाई अहिरावण की मदद ली थी। अहिरावण तंत्र-मंत्र का बहुत बड़ा ज्ञाता और मायावी शक्तियां से युक्त था। युद्ध के दौरान अहिरावण ने अपनी तंत्र-मंत्र विद्या से पूरी वानर सेना समेत भगवान राम और लक्ष्मण को मूर्छित करते हुए उनको कैद करके पाताल लोक में छिप गया था। जहां अहिरावण ने पांच दिशाओं में पांच दिए जला रखे थे। अहिरावण मां दुर्गा का बहुत बड़ा भक्त था और उसे देवी का वरदान प्राप्त था कि जब तक कोई इन पांचों दीपक को एक साथ नहीं बुझएगा, अहिरावण का वध नहीं होगा। अहिरावण की इसी माया को सामाप्त करने के लिए हनुमान जी ने पांच दिशाओं में मुख किए पंचमुखी हनुमान का अवतार लिया और पांचों दीपकों को एक साथ बुझाकर अहिरावण का वध किया और भगवान राम और लक्ष्मण उसके बंधन से मुक्त हुए।

**पंचमुखी हनुमान के स्वरूप का महत्व** -पंचमुखी हनुमान जी के पांचों मुख पांच अलग-अलग दिशाओं की तरफ हैं एवं इनके अलग-अलग महत्व बताए गए हैं।

**वानर मुख**- यह मुख पूर्व दिशा में है एवं दुश्मनों पर विजय प्रदान करता है।

**गरुड़ मुख**- यह मुख पश्चिम दिशा में है तथा जीवन की रुकावटों और परेशानियों का नाश करता है।

वराह मुख- यह मुख उत्तर दिशा में है तथा लंबी उम्र, प्रसिद्धि और शक्ति दायक है।

**नृसिंह मुख**- यह दक्षिण दिशा में है, यह डर, तनाव व कठिनाइयों को दूर करता है।

**अश्व मुख**- यह मुख आकाश की दिशा में है एवं समस्त मनोकामनाओं की पूर्ती करता है।

# इन गलतियों से व्यक्ति को जीवन में उठाने पड़ते हैं कष्ट



हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। आमतौर पर बचपन से ही सभी को गीता का पाठ करने की सलाह दी जाती हैं, क्योंकि इसमें कर्म, धर्म और आत्म-ज्ञान का उल्लेख है। माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। इसके प्रभाव से न केवल आत्मशांति बल्कि नया नजरिया भी मिलता है। हालांकि श्रीमद्भगवद्गीता के मुताबिक इंसान की कुछ आदतें उसकी समस्याओं का मुख्य कारण भी बनती हैं।

**कामना**-भगावन श्रीकृष्ण के मुताबिक अत्यधिक इच्छाएं व्यक्ति को गलत राह पर ले जाती हैं। कई बार कामनाए पूरी न होने के कारण मन परेशान और असंतुष्ट हो जाता है। ऐसे में व्यक्ति झूठ और अधार्मिक कर्म की ओर जाने लगता है। साथ ही उसके मन में ईर्ष्या की भावना बढ़ने लगती हैं, जो उसके कष्ट का कारण बनती हैं। इसलिए जीवन में हमेशा इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और सभी परिस्थितियों में आत्मसंयम बनाए रखें।

**क्रोध** - श्रीकृष्ण के अनुसार क्रोध व्यक्ति की बुद्धि को प्रभावित करता है। अधिक क्रोध होने पर यह इंसान के विवेक को भी नष्ट कर देता है। इसके कारण मनुष्य हिंसा और अपशब्द को अपनाता है जिसकारण उसकी समस्याएं और भी बढ़ने लगती हैं। इसलिए जीवन में क्रोध करने से बचना चाहिए। यही नहीं विपरित परिस्थितियों में भी स्वयं को धैर्यवान बनाए रखें।

**लालच**-लालच व्यक्ति को बुरे कर्म की ओर ले जाता है। इसके चलते वह स्वार्थी भी बनता है। श्रीकृष्ण के मुताबिक लालच न केवल तनाव बल्कि रिश्तों में दरार लेकर भी आता है। ये आदत व्यक्ति को अनैतिक कार्यों की ओर ले जाती है। इसके जरिए जितनी जल्दी इंसान धन अर्जित करता है उतनी ही तेजी से उसकी परेशानियां बढ़ती हैं, क्योंकि लालच हमेशा असंतुष्ट की भावना को बढ़ाता है। इसलिए मेहनत और अपनी लगन से प्राप्त हुई चीजों में ही स्वयं को संतुष्ट रखना चाहिए।

# भाग्य बदलने से पहले मिलते हैं ये संकेत



जीवन में हर व्यक्ति अच्छे और बुरे दौर से गुजरता है। जब मुश्किलों का समय चल रहा होता है, तो अक्सर हमें लगता है कि यह कभी खत्म नहीं होगा। लेकिन, ज्योतिष शास्त्र और आध्यात्मिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मांड हमें लगातार संकेत देता रहता है। ये संकेत, जिन्हें हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं, बताते हैं कि हमारी जिंदगी में सौभाग्य का आगमन होने वाला है। ये प्रकृति और ईश्वर द्वारा भेजे गए कुछ खास इशारे होते हैं, जो यह दर्शाते हैं कि आपका बुरा समय अब खत्म होने को है और अच्छे दिन बहुत जल्द शुरू होने वाले हैं। ये संकेत सिर्फ अंधविश्वास नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय ऊर्जाओं में बदलाव के प्रतीक होते हैं, जिन्हें समझने से हमें आने वाले सकारात्मक परिवर्तनों के लिए मानसिक रूप से तैयार होने में मदद मिलती है। ये हमें उम्मीद देते हैं और बताते हैं कि अब धैर्य रखने का फल मिलने वाला है। आइए, जानते हैं ऐसे ही कुछ खास संकेतों के बारे में, जो बताते हैं कि किस्मत आपके दरवाजे पर दस्तक दे रही है।

**साधु-संतों के दर्शन**-साधु-संतों को ईश्वर का दूत माना जाता है। यदि आपको अचानक किसी साधु-संत के दर्शन हो जाएं या उनकी बातें सुनने का मौका मिले, तो यह शुभ संकेत है। यह संकेत जीवन में सकारात्मक बदलाव, आध्यात्मिक प्रगति, और समृद्धि का प्रतीक है। नीम करोली बाबा के अनुसार, ऐसे दर्शन भाग्योदय और सुख-शांति का संदेश लाते हैं। साधु-संतों की सलाह को मानें और सकारात्मकता बनाए रखें।

**सपनों में पूर्वज का आना**-सपनों में पूर्वजों का दिखना, खासकर अगर वे आशीर्वाद देते नजर आएं, अत्यंत शुभ माना जाता है। यह संकेत है कि आपके पितर आपसे प्रसन्न हैं और उनकी कृपा आपके साथ है।

# संतान प्राप्ति, यश कीर्ति, बुद्धि के विकास के लिए धारण करें ये रुद्राक्ष



**-राजीव आचार्य**
**ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री**

रुद्राक्ष की महिमा और उसको धारण करने की श्रृंखला में हमने पूर्व मंगलवार के अंकों में एकमुखी , द्विमुखी और त्रिमुखी रुद्राक्ष का वर्णन किया है। आज हम चतुर्मुखी और पंचमुखी रुद्राक्ष का वर्णन करेंगे। सनातन धर्म के अनुसार भगवान शिव को आदिदेव कहते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शिव स्वयम्भू है अर्थात स्वयं से उत्पन्न। शिव ही परम् बह्म है। शिव ही सर्जक , शिव ही शक्ति है। सावन की शिवरात्रि के दिन भक्त रात्रि जागरण कर समस्त विधि विधानों से भगवान शिव की आराधना करते है। जिससे भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति की सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

शिवपुराण में रूद्राक्ष की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया है कि सोमवार विशेष को और शिवरात्रि के दिन रुद्राक्ष धारण करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। शिवपुराण में रुद्राक्ष अर्थात रुद्र या शिव के अश्रु कहा गया है ।शिवपुराण के विन्ध्येश्वर संहिता के अनुसार भगवान शिव ने स्वयं पार्वतीजी से रुद्राक्ष की महिमा और उसकी उत्पत्ति और रुद्राक्ष को धारण करने की विधि का वर्णन किया है।

1- चतुर्मुखी रुद्राक्ष ------ शिवपुराण के अनुसार चतुर्मुखी रुद्राक्ष साक्षात ब्रह्म का स्वरूप है। ब्रह्माजी को सृष्टि का जनक माना गया है । वे ज्ञान, और सृजनशीलता के कारक हैं। महाभारत कहती है कि ब्रह्माजी ब्रह्मांड के रचयिता हैं। ब्रह्माजी को प्रजापति, विश्वकर्मा के नाम से भी जाना जाता है। शिवपुराण में चतुर्मुखी रुद्राक्ष का वर्णन करते हुए भगवान शिव उसे साक्षात ब्रह्मा कहते हैं।

ज्योतिष के अनुसार लेखन, काव्य , साहित्य , अथवा ऐसे क्षेत्र में जहां कल्पनाशीलता की आवश्यकता है , जातक प्रसिद्ध होने की इच्छा रखता है तो चतुर्मुखी रुद्राक्ष धारण करना अत्यंत लाभदायक है। यदि जातक कमीशन एजेण्ट के रूप में कार्य करता है अथवा ऐसे व्यापार में है जहां पर आपकी वाणी की कुशलता की आवश्यकता है तो उसे इस रुद्राक्ष को सावन सोमवार या शिवरात्रि के दिन धारण करना चाहिए। चतुर्मुखी रुद्राक्ष धारण करने से चारों दिशाओं में कीर्ति फैलती है। ज्योतिष के अनुसार एकाग्रता और बुद्धि विकास के लिए भी इसको धारण करना लाभदायक है। शिवपुराण के अनुसार

**ह्रीं नमः** के जाप के साथ इसे धारण करना चाहिये।

2 - पंचमुखी रुद्राक्ष ---- पंचमुखी रुद्राक्ष के विषय मे शिवपुराण में भगवान शिव पार्वती जी को इसकी महिमा बताते हुए कहते है कि पंचमुख वाला रुद्राक्ष कालाग्निरूरस्वरूप है। यह सब कुछ करने में समर्थ है। इसको धारण करने से कई निषिद्ध कर्मों के पाप समाप्त हो जाते हैं। पद्मपुराण भी पंचमुखी रुद्राक्ष का वर्णन करते हुए कहता है कि पंचमुखी रुद्राक्ष को धारण करना सभी के लिए धारण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त है।

ज्योतिष के अनुसार इसे धारण करने से देवगुरु बृहस्पति प्रसन्न होते है। धन समृद्धि, सन्तान की कामना, आध्यात्मिक उन्नति के लिए इसे अवश्य धारण करना चाहिए । यदि व्यक्ति लिवर की समस्या या अधिक मोटापे से परेशान तो भी यह लाभकारी है। पंचमुखी रुद्राक्ष ब्लडप्रेशर , और शुगर को कंट्रोल करने के लिए भी धारण करना चाहिए।

शिवपुराण के अनुसार नमः शिवाय के जाप के साथ धारण करना चाहिए।

**अगले मंगलवार के अंक में पढ़ें षट्मुखी और सप्तमुखी रुद्राक्ष की महिमा और उसके धारण करने की विधि**



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## मंगलवार, 24 जून 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे चतुर्दशी तिथौ मंगल वासरे 19/00/ रोहिणी नक्षत्रे 12/54/ शूल योग 09/36/ भद्रा करणे 08/35/ बुध राशिगत चन्द्रमा घं.23 मि.46पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- भद्रा समाप्त घं.08 मि.35पर।बुध पुण्य नक्षत्र में घं.29मि.04 पर।

**मेष** : उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है।

**तुला** : विशेष प्रकार के समाचार मिलेंगे आरे मित्रों का सहयोग भी मिलेगा। भाग्य तथा देवी आस्थाओं को श्रेय देंगे। कोष में कमी होगा।

**वृष** : भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक कष्ट की पूर्ति के लिए लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी हैं। अचानक लाभ संभव है।

**वृश्चिक** : परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**मिथुन** : बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**धनु** : गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**कर्क** : यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**मकर** : जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**सिंह** : पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख मय होगी।

**कुंभ** : व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**कन्या**: खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**मीन** : ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

## दिवंगत श्रद्धा देवी को दी गई सद्भाव श्रद्धांजलि

**ललितपुर।** एम.एस.डी. महाविद्यालय समिति की संरक्षक सदस्या श्रीमती श्रद्धा देवी उर्फ कैलाश रानी पत्नी स्वर्गीय बाबूराम निरंजन के निधन होने पर एमएसडी महाविद्यालय समिति परिवार ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की, उन्होंने अपने प्रगतिशील विचारों और आर्थिक सहयोग से एमएसडी स्नातकोत्तर महाविद्यालयों, छत्रपति शिवाजी एमएसडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाली, इंद्रपाल सिंह एमएसडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जाखलौन तथा सरदार पटेल एमएसडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मिर्चवारा की स्थापना तथा कुशल संचालन करके पूरे बुन्देलखण्ड में उच्च शिक्षा की अखंड ज्योति प्रकाशित करके हजारों विद्यार्थियों को शिक्षित कराया।

## खबर एक नज़र

### उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने की ताजियादारो के साथ बैठक



रामपुरा : ताजियादारो के साथ बैठक करते एसडीएम,सीओ ।

**रामपुरा(जालौन)।** मुहर्रम के पर्व को लेकर रामपुरा थाने में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रामसिंह ने थाना क्षेत्र के सभी तजियादारो के साथ बैठक कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली। थाना रामपुरा में एसडीएम, सीओ ने आगामी मुहर्रम के पर्व पर नगर व क्षेत्र में ताजिया के गश्त को लेकर होने वाली समस्याओं के बारे में तजियादारो से चर्चा की। बैठक में नगर के तजियादारो ने बताया कि वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या कर्बला की जमीन को लेकर है। जिसे सुरक्षित कराया जाये। वही मुहर्रम के दिन जब ताजिया गश्त करते हैं तो कर्बला का जाने वाला रास्ता कच्चा होने के कारण काफी परेशानी होती हैं। वही नगर में आवारा घूम रहे गंदे जानवरों को मुहर्रम तक उनके मालिको से कहकर उनको सुरक्षित बड़े में बंद कराया जाये। जिस पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि नगर पंचायत से कहकर रास्ता सही कराया जाएगा तथा आवारा जानवरों पर भी रोक लगा दी जायेगी। बिजली विभाग को निर्देशित कर जहाँ तार नीचे हैं उनको ऊँचे कराये जायेंगे। इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह ने बताया कि नगर में 15 ताजिया बनाये जाते हैं। जिसमे कुछ गश्त करते हैं व कुछ स्थाई रहते हैं। वही एसडीएम ने कहा कि गश्त के दौरान कोई भी तजियादार आपस मे नहीं झगड़ेगा। शाशन ओर प्रशासन के निर्देशानुसार मुहर्रम का पर्व मनाया जायेगा।

उक्त बैठक में एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ रामसिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक सतपाल यादव उप निरीक्षक सुनील कुमार उप निरीक्षक रामकिशोर व नगर के तजियादारो में रजा मुहम्मद, नहीम खान, जहीर खान, कल्लू, अल्ताफ खान सभासद, सलीम खान, सानू खान आदि सहित कई तजियादार मौजूद रहे।

### अधेड़ की मौत मामले में नहीं हुई कार्यवाही, डीएम-एसपी कार्यालय का घेराव

**-परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, दुर्घटना दर्शा रही पुलिस**

**उरई (जालौन)।** जालौन कोतवाली क्षेत्र में दो माह पूर्व हुई अधेड़ की सन्दिग्ध मौत मामले में कार्यवाही न होने पर भड़के परिजनो ने सोमवार को डीएम-एसपी कार्यालय का घेराव किया। परिजनों का आरोप है कि रंजिश



उरई : जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते ग्रामीण ।

के चलते अधेड़ की हत्या की गई है। जबकि पुलिस उक्त मामले को दुर्घटना दर्शा रही है। मृतक के परिजनों ने डीएम व एसपी को शिकायती पत्र सौपकर मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जालौन कोतवाली क्षेत्र के अलाईपुरा निवासी शकुंतला पत्नी स्व राजेश कुमार ने बताया कि बीती 19 अप्रैल को गांव का ही केशव पुत्र हरपाल उसके घर आकर उसके पति को अपने साथ ले गया था। गांव से निकलने के बाद रास्ते मे पहले से घात लगाए बैठे जगराम, विश्राम पुत्र परमाई, रोहित, जीतू, अभिलाख आदि निवासीअलाईपुरा ने रुपयों के लेनदेन की रंजिश में उसके पति के साथ बुरी तरह मारपीट की जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

पीड़ित के परिजनों ने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्होंने जालौन कोतवाली पुलिस से भी की थी। लेकिन पुलिस इस मामले को दुर्घटना दर्शा रही है। जबकि उक्त मारपीट की घटना को गांव के लोगों ने भी देखा है। वही उन्होंने गांव के केशव पर घटना में संलिप्त होने का आरोप लगाया है। पीड़ित के परिजनों ने डीएम व एसपी को शिकायती पत्र सौपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर महेंद्र सिंह सिद्धार्थ वीर सिंह नर्सिंग आशीष कुमार आसाराम राहुल कुमार नितिन कुमार अरविंद कुमार आशू दीपू गुर्जर नरेंद्र कुमार शिवाकांत कुंडल प्रीति देवी बबली देवी राजकुमारी राम अवतार राम जानकी राधा सरोज मुन्नी स्नेह लता आदि मौजूद रहे।

### अवैध बालू लदे 3 ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर किया सीज



कालपी : चैकिंग अभियान में एसडीएम, सीओ के साथ अन्य अधिकारी ।

**कालपी(जालौन)।** सोमवार को काशीखेड़ा तिराहे में संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन के खिलाफचौकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड 3 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। कर सीज कर दिया।सोमवार को उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ,कालपी पुलिस, राजस्व कर्मियों ने संयुक्त टीम ने कालपी के जोल्हूपुर मोड़ - कदौरा मार्ग के काशी खेड़ा तिराहे के समीप अवैध खनन के परिवहन तथा ओवरलोड के खिलाफचौकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 3 ट्रको को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन भरे सभी 5 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। पकड़े गये सभी 5 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया हैं।

### कृषकों को दी ए.डी.एम. ने आर्थिक सहायता



ललितपुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव सभापति मंडी समिति द्वारा मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत कृषक राकेश कुमार, मुकेश, मूलचंद्र, कमलेश निवासी ग्राम महेशपुरा को दस-दस हजार रूपए व कुल चालीस हजार रूपए के आर्थिक सहायता के रूप में चैक वितरित किया गए हैं, मंडी समिति द्वारा इस वर्ष 25-26 में वर्तमान तक इस योजना के अंतर्गत कुल 28 कृषकों को आर्थिक सहायता के रूप में सात लाख सोलह हजार पाँच सौ की धनराशि वितरित की गई है।

## राशन कार्डों का सत्यापन कराकर अपात्रों को तत्काल सूची से बाहर किया जाए-डीएम



उरई : राशन वितरण प्रणाली की समीक्षा करते डीएम ।

**राशन वितरण में समयबद्धता के साथ पारदर्शिता के निर्देश**

**उरई(जालौन)।** जनपद में राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने खाद्य एवं रसद विभाग विपणन विभाग संबंधित संचालित योजना एवं प्रगति की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राशन कार्डों का सत्यापन कराकर अपात्रों को तत्काल सूची से बाहर किया जाए और वास्तव में ज़रूरतमंद पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी खाद्यान्न योजना से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ई-केवाईसी और आधार सीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने और 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत चयनित लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि उचित दर दुकानों पर प्रवर्तन जांच अभियान चलाया जाए, वितरण के समय घटतौली या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं पर कठोर कार्यवाही की जाए।

एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) की लापरवाही पर फटकार लगाई हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समय से खाद्यान्न की लोडिंग व उठान सुनिश्चित करें उठान और वितरण में विलंब और शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए । जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जनपद में निरस्त उचित दर दुकानों का शीघ्र आवंटन कर खाद्यान्न वितरण की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए (सभी जाँच अधिकारी कार्ड धारकों से संवाद कर वितरण व्यवस्था के बारे में जानकारी/ फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी स्टेप पर सत्यापन कर कार्यवाही करें । विशेष वितरण के समय नामित नोडल अधिकारी अपनी उपस्थिति में ही खाद्यान का वितरण सुनिश्चित करायें। मौके पर अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सूची बनाकर ब्लॉकवार प्रस्तुत की जाए । इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला, खाद्य विपणन अधिकारी गोविंद उपाध्याय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सभी ताजियादार पूर्व निर्धारित मार्ग पर ही ताजिया निकालेंगे-एसडीएम



उरई : मोहर्रम पर्व को लेकर ताजिया कमेटी बैठक लेते एसडीएम ।

**-चार जुलाई को दिन में छड़ें निकाली जाएंगी, पांच जुलाई की रात में ताजिया जुलूस निकलेगा**

**जालौन।** सोमवार को मोहर्रम पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में ताजिया कमेटी, कर्बला कमेटी, मेला कमेटी के सदस्यों के साथ एसडीएम की अध्यक्षता और सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में ताजियादारों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखे। समशाद खां, इमरान अहमद, नसीम खान आदि ने बताया कि कुछ स्थानों पर ताजिया मार्ग पर अतिक्रमण हो गया है, जिससे जुलूस निकालने में कठिनाई हो सकती है। इसके अलावा कुछ मार्गों पर सड़क की हालत खराब है, उसे सही कराया जाए। कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे झूल रहे हैं, जो खतरे का कारण बन सकते हैं। उन्हें ऊंचा किया जाए। एसडीएम विनय मौर्य व सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने उपस्थित ताजियादारों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन पर्व के दौरान हरसंभव सहयोग करेगा। कहा कि पर्व के दौरान कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी, और सभी ताजियादार पूर्व निर्धारित मार्ग पर ही ताजिया निकालेंगे। डीजे निर्धारित मानक पर ही बजाए जाएं। जानकारी दी गई कि नगर में कुल 23 ताजियादार ताजिया निकालेंगे। छह स्थानों से अलम उठाए जाएंगे। इसके अलावा 16 छड़ें निकाली जाएंगी। बैठक में यह भी बताया गया कि यदि 26 जून को मोहर्रम का चांद दिखाई देता है, तो तीन जुलाई को रात में अलम निकलेंगे, चार जुलाई को दिन में छड़ें निकाली जाएंगी, पांच जुलाई की रात में ताजिया जुलूस निकलेगा और छह जुलाई को दिन में ताजिया निकलेंगे और देर शाम उन्हें कर्बला में दफन किया जाएगा।

कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, प्रभारी ई ओ प्रवीण कुमार, जे ई बिजली नवीन कंजोलिया , चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, राजा सिंह सेंगर, अन्नू शर्मा, रफीक हाफिज, मौलाना सुल्तान, हाफिज सिद्दकी अशफाक, शमसाद, अफरोज मास्टर, समेत कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## शादी विवाह में कार्य करने वाले मजदूरों ने मजदूरी के पैसे न देने का मिठयों पर लगाया आरोप



कोंच : प्रार्थना पत्र देते हुए कैटरिंग ठेकेदार ।

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली के मुहल्ला आजाद नगर चौड़ा तालाब निवासी इंतयाज ठेकेदार पुत्र मुस्ताक अली ने दिन सोमवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह पेशे से ठेकेदार है और शादी विवाह में पूड़ी बेलने वाली कैटरिंग पर काम करने वाली लड़कियों के द्वारा कार्य करवाता था और उन लोगों को कार्य करने के रुपये समय से देता था मेरे द्वारा शादी विवाह में काम करने के लिए पवन यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी मुहल्ला जय प्रकाश नगर व नरेंद्र मम्मा पुत्र नामालूम निवासी महंत नगर व भूरे चाट वाले पुत्र नामालूम निवासी मुहल्ला सुभाष नगर एवं लाल सिंह पुत्र नामालूम निवासी मुहल्ला नया पटेल नगर व सोनू पुत्र स्व मंजीते निवासी मुहल्ला प्रताप नगर आदि मिठया लोगों से मुझे रुपये लेना है जिनमें मिठया पवन यादव से 40 हजार व नरेंद्र मम्मा से 35 हजार व भूरे चाट वाले से 10 हजार रुपये व लाल सिंह से 16 हजार सात सौ और सोनू से 17 हजार 8 सौ रुपये लेना है लेकिन उक्त लोग केटरिंग का पैसा नहीं दे रहे हैं। घटना दिनांक 23 जून 2025 समय करीब दोपहर 1 बजे की है जब मैने पवन यादव के घर जाकर अपने पैसे मांगे तो पवन यादव ने मेरे साथ गाली गलौच कर यह धमकी दी है कि अगर दुबारा पैसे मांगने घर आये तो तुम्हारी टांगे तोड़ देंगे और तुम्हारे पैसे नहीं दे रहा हूँ जो करना है वह कर लो रुपये न मिलने से मै बहुत परेशान हूँ क्योंकि मुझे काम करने वाली लड़कियों व महिलाओं को पैसे देना है इंतयाज ने पुलिस से रुपये दिलाने व कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

### पिछड़ा वर्ग के इण्टर पास शिक्षित बेरोजगारों को दिया जायेगा कम्प्यूटर प्रशिक्षण

ललितपुर। जिला पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल ने जनपद के ऐसे अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट हो तथा जिनके अभिभावकों की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से वार्षिक आय सीमा एक लाख तक हो, अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य हो, अभ्यर्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न लेता हो, को 'ओ' लेवल जिसकी अवधि 1 वर्ष एवं सीसीसी के प्रशिक्षण की अवधि 3 माह की होगी, के लिए पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर लॉगिन करें व 14 जुलाई तक शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा तथा सम्बंधित आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन का प्रिन्ट आउट प्राप्त कर के अपने हस्ताक्षर कर अभिलेखों आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें हाईस्कूल अंकपत्र, प्रमाण पत्र, इण्टर अंक पत्र तथा प्रमाण पत्र एवं आधारकार्ड की छाया प्रति सहित हार्डकापी दो प्रतियों में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय अन्तिम तिथि 14 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य है।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**कालपी(जालौन)।** सोमवार की सुबह कालपी हाईवे रोड पर तेज रफ्तार बाहन ने पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर मारती है इस दुर्घटना में व्हाइट में बैठे तो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक आटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सन्दी निवासी सद्दू पुत्र राम नारायण 45 वर्ष तथा वीरेंद्र कुशवाहा पुत्र प्रेम बाबू अपनी मोटर साइकिल से अपने गांव से कालपी जा रहे थे। सोमवार की सुबह जोल्हूपुर मोड - कालपी हाइवे रोड में ग्राम मोती नगर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार सद्दू तथा वीरेंद्र कुशवाहा को गम्भीर चोट आई है। सूचना पाकर इलाकाई पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए उरई चिकित्सालय में पहुंचा दिया।

### जिस रूट पर ताजिए हों उस फीडर की बिजली बंद करें, अन्य फीडरों की चालू रखें



जालौन। नगर के समाजसेवी अशफाक राईन, श्रवण कुमार, राजेंद्र प्रसाद जाटव, सुरेंद्र द्विवेदी, वसीम हक, मुहम्मद रफीक, अब्दुल कय्यूम, राजेंद्र प्रसाद जाटव, अनुराग अग्रवाल, मुकेश सिंह आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मोहर्रम का महीना 27 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। 28 जुलाई को पहली तारीख होगी। तीन जुलाई को रात में अलम, चार जुलाई को दिन में छड़ पांच जुलाई को रात में और छह जुलाई को दिन में ताजिया का जुलूस निकलेगा। छड़ का जुलूस मोती मस्जिद के पास रात नौ बजे तक समाप्त होना चाहिए। परंतु यह देर रात तक चलता रहता है। इस दौरान पूरे नगर की लाइट बंद रहने से लोग परेशान हो जाते हैं। उन्होंने जुलूस को समय से समाप्त कराने की मांग की है। इसके अलावा बताया कि रात में ताजिए निकलने से रात भर के लिए बिजली बंद रहती है। ऐसे ही अगले दिन दिन में ताजिए निकलने से फिर पूरे दिन और देर रात तक बिजली बंद रखी जाती है। तीन दिन तक लाइट न आने से नगर के लोगों को परेशान होना पड़ता है। जबकि गर्मी के मौसम में बिजली व पानी लोगों की आवश्यक आवश्यकताएं है। ऐसे में छड़ व ताजिये निकलने के दौरान ऐसी व्यवस्था की जाए कि लोगों को परेशान न होना पड़े। इसके लिए जिस रूट पर ताजिये या छड़ निकल रही हो उस दौरान उक्त रूट के फीडर को बंद कर दिया जाए। जब ताजिये और छड़ निकल जाए तो उस फीडर को चालू कर दिया जाए। इसके अलावा अन्य सभी फीडर चालू रहें। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी के मौसम में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## एकों मैं नहीं कराया गया कोई विकास कार्य निकले जा रहे हैं फर्जी

**-जॉब कार्ड धारकों को नहीं दिया गया कोई काम फर्जी फोटो खींचकर लगाई जा रहे हैं भुगतान,**



कुठौंद : कीचड़ से होकर निकलते ग्रामीण ।

**कुठौंद(जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत एकों में प्रधान द्वारा कोई भी विकास कार्य व निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है और ना ही कराया गया है सब फर्जी भुगतान लगाए गए हैं अभी फर्जी भुगतान कराया गया और फर्जी भुगतान होने के लिए लगा हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि अमृत सरोवर तालाब पर कभी भी काम नहीं कराया गया है और लगातार अमृत सरोवर तालाब के नाम से रूपए निकाले जा रहे हैं गांव की रास्ता तालाब बनी हुई है आम आदमी को निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जॉब कार्ड धारकों ने बताया कि हम लोगों को कोई भी काम नहीं मिल रहा है प्रधान केवल फर्जी फोटो खींचकर भुगतान लगा रहे हैं और अपने चाहेतो के खाते में रुपए डालकर बंदर बांट किया जा रहा है ग्रामीण ने प्रधान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बताया कि गांव की रस्ताएं तालाब बनी हुई है ग्राम वासियों को निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है जबकि ग्राम प्रधान द्वारा कोई भी सीसी या इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य अभी तक नहीं करवाया गया है गांव की गरीब जनता को भारी मुसीबत बरसात होते ही आ जाती है क्योंकि जो मेंन रास्ते का मालवा है। वह ग्रामीणों के दरवाजे पर एकत्रित हो जाता है। जो बीमारियों को बढ़ावा दे रहा ग्रामीणों द्वारा इसको लेकर कई बार ग्राम प्रधान इंद्रपाल से कहा तो प्रधान सिर्फ हा हूँ। करके निकल लेते सबसे बड़ी बात यह है। सरकार की मंशा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में साफसफाई रहे मगर सफाई कर्मी नही आता जिससे गाँव की नाली जाम हो जाती बरसात में पानी उफान मारता मगर इसको लेकर कई बार ग्राम प्रधान से कहा गया मगर कोई सुनबाई नही है। योगी मोदी के सपनों पर ग्राम प्रधान इंद्रपाल लग रहे पलीता अब देखना है। आने बाले दिनों में गांव की जिम्मेदार ग्राम प्रधान गांव की जिम्मेदारी निभाएंगे की नही यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

## जुलाई में प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न



**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में माह जुलाई में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संचारी रोगों से बचाव हेतु फ्रन्ट लाइन वर्कर डोर-टू-डोर जाकर सर्वे करेंगे और मुख्यालय पर रिपोर्टिंग करेंगे, यदि क्षेत्रीय कर्मचारी घर-घर नहीं जा रहे हैं तो निगरानी करने वाले अधिकारियों के जिम्मेदारी तय की जाएगी, इसके लिए एमओआईसी साप्ताहिक समीक्षा कर मुख्यालय पर रिपोर्ट प्रेषित करेंगे, इसके साथ ही ब्लॉक स्तर पर रिस्पॉन्स टीमों का गठन किया जाए, ग्रामों में फॉगिंग, ब्लीचिंग व एण्टी लार्वा का नियमित रुप से छिड़काव किया जाए, विगत वर्षों में संवेदनशील रहे ग्रामों को प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा व पंचायती राज विभाग की संयुक्त टीम भ्रमण करें और ग्रामीण भोज आदि कार्यक्रमों में चेंकिंग करें। अपर जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित विभाग अपनी गतिविधियों से सम्बन्धित माइकोप्लान के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद का फीडबैक एवं रैंकिंग राज्य स्तर पर उच्च स्थान पर रहे एवं पिछली कमियों को दूर करते हुए इस अभियान में सभी गतिविधियों माइकोप्लान के अनुसार गुणवत्ता शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया की संचारी से सभी विभाग अपनी गतिविधियों से सम्बन्धित माइकोप्लान के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की गाइडलाइन को विस्तृत रुप से बताया, साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर तथा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल किस्टोफर मैसी ने गत् वर्षों में संचारी रोगों की स्थिति एवं हाई रिस्क ग्रामों की सूची सभी सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया कि इन गाँव में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई जैसे-गढ्ढों को मिट्टी से भरा जाये झाड़ियों की कटाई की जाये रूके हुए पानी की निकासी की जाये, नालियों की साफ-सफाई की जाये लार्वानाशक दवा का छिड़काव किया जाये सभी लार्वीसाइड दवा उपलब्ध करा दी जायेगी तथा तीनों नगर पंचायतों एवं नगर पालिका को भी लार्वीसाइड दवा टेमीफॉस प्राप्त करायी जायेगी, जो कि जिला पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों के द्वारा गाँव में छिड़काव किया जायेगा, जिससे संचारी रोगों से होने वाली बीमारियों से बचाव किया जा सके। खंड विकास अधिकारी द्वारा फागिंग, लार्वीसाइड स्प्रे, ए.ई.एस. के कारण दिव्यांग बच्चों का चिन्हीकरण कर उनकों सहायता, उपकरण प्राप्त कराना होगा एवं उनके द्वारा ग्राम स्तर पर सम्पादित कराये गये कार्य की समीक्षा कर आख्या प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से समन्वय समिति को उपलब्ध करायेगें। बैठक में उपायुक्त मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह सहित अपर सीएमओ एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह, नोडल वीबीडी डॉ. आर.एन. सोनी बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, एसएमओ/डब्लू.एच.ओ/डी.एम.सी. यूनीसेफ सूचना विभाग आदि के अधिकारी व सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया निरीक्षक उपस्थित रहे।

### सेना भर्ती के लिए युवाओं को प्रेरित करेगी कारवां टॉकीज

ललितपुर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, सेना भर्ती कार्यालय आगरा द्वारा जनपद में मोबाइल कारवां टॉकीज के माध्यम से सेना भर्ती सम्बंधी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे जनपद के युवाओं को सेना भर्ती के प्रति रुचि बढ़े और देश सेवा का अवसर मिल सके, इस सम्बंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने बताया है कि सेना भर्ती के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सैनिक कल्याण कार्यालय आगरा द्वारा जनपद में मोबाइल कारवां टॉकीज विशेष प्रचार, प्रदर्शन वाहन के माध्यम से एक आउटरीच कार्यक्रम जुलाई के पहले सप्ताह में जिले के नामित ग्रामों में चार दिनों की अवधि के लिए निष्पादित करने की योजना बनाई जा रही है, जिसके अंतर्गत जिले के युवा उम्मीदवारों के लिए डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया के माध्यम से विज्ञापन के माध्यम से और कॉलेजों, आईटीआई संस्थानों, पॉलिटेक्निक कॉलेजों, स्कूलों, एनसीसी समूह मुख्यालयों और विविध एजेंसियों सहित शैक्षणिक संस्थानों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कारवां टॉकीज के माध्यम से जिले के ग्राम बिरारी, करगन, ककडारी, खांदी, खड़ोवरा, महरौनीखुर्द, बम्हौरीसर, कड़ेसरकलां सहित शैक्षणिक संस्थानों ऋषिराज इण्टर कॉलेज, भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन, राजकीय आईटीआई तालबेहट, राजकीय पोलीटेक्निक तालबेहट, रघूवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, आदिनाथ कॉलेज महर्रा, राजश्री पुरुषोत्तम दास टण्डन राजकीय महाविद्यालय एवं महेन्द्रसिंह महाविद्यालय तालबेहट में प्रचार प्रसार किया जाएगा।

# पेशेवर अपराधियों पर कराएं कार्यवाही-राजेश


बांदा : बैठक लेते डीआईजी राजेश एस. ।

**■ क्राइम बैठक में डीआईजी ने जनपदवार की समीक्षा**
**■ घटनाओं के अनावरण पर डीआईजी ने दिया जोर**

**बांदा।** पेशेवर अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही कराएं। लंबित विवेचनाओं का शीघ्रता से अनावरण कराएं। आईजीआरएस से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उनका समय से निस्तारण कराएं। प्रकरणों की खुद भी मॉनिटरिंग करें। उपरोक्त निर्देश डीआईजी ने मण्डलीय आपराधिक समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस कप्तानों को दिए।
पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. द्वारा परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों व एसआईयू/एलआईयू प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहार मोहर्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश के साथ अपराध समीक्षा बैठक की तथा अपराध नियंत्रण के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शिकायती प्रार्थना पत्रों/प्रारम्भिक जाँच का शीघ्र निस्तारण किया जाए। लूट/चोरी/टप्पेबाजी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण किया जाए। आईजीआरएस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश। पोक्सो/महिला अपराध के मामलों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश। ऑपरेशन त्रिनेत्र/दृष्टि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश। हत्या, लूट, टप्पेबाजी के मामलों के शीघ्र अनावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश। प्रचलित अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन में कार्यवाही के संबंध में और लम्बित प्रारम्भिक जांच एवं विभागीय जाँच कर कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआईजी राजेश एस. ने यह भी निर्देश दिए कि थाना प्रभारियों को क्षेत्र में नियमित गश्त के लिए निर्देशित करें। किसी भी थाना प्रभारी के द्वारा फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। अगर शिकायत मिली तो वह तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विवेचना के उपरांत किसी भी निर्दोष को जेल न भेजा जाए। खुद भी विवेचनाओं का पर्वेक्षण करें। कोई भी मुकदमा ज्यादा दिन तक लंबित न रहे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ. दीक्षा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## डीएम ने पावर हाउस पतारा का किया औचक निरीक्षण



हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बिजली तथा पानी की समस्याओं का कड़ा रूप अपनाते हुए पावर हाउस पतारा का औचक निरीक्षण किया तथा बिजली परेशाण के कार्यो का निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश देते हुए दो दिन में बिजली पतारा फीडर से जोड़ने तथा कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए तथा बिजली तथा पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश अधिशाषी अभियन्ता को दिए एवं एसडीओ के खिलाफ कार्यवाही हेतु पत्राचार करने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बिजली तथा पानी की किसी भी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। समय से कार्य पूरा नही होने पर कडी कार्यवाही की जाएगी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जल संस्थान का निरीक्षण कर पानी की सप्लाई सुचारू रूप से देने के निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी (सदर) सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा तथा अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, एस0डी0ओ0 विद्युत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने बैठक कर दिए वाल्मीकि आश्रम के पर्यटन विकास कराने के निर्देश

**चित्रकूट ब्यूरो:** महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर में पर्यटन विकास के संबंध में सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।
बैठक में जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर में परिक्रमा पथ का निर्माण, पुलिस चौकी की स्थापना, हेलीपैड का निर्माण, अस्पताल का निर्माण, पर्वत की चोटी पर अवस्थित मंदिर के आसपास सुरक्षा के दृष्टिगत बैरीकेडिंग, जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पेयजल की व्यवस्था आदि जो भी विकास कार्य कराए जाने है, उनका प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को भेजा जाए। वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि रोपवे निर्माण के लिए जो एनओसी शासन से प्राप्त की जानी है, उसको तत्काल कराया जाए। उप जिलाधिकारी मानिकपुर से कहा कि हेलीपैड निर्माण एवं अस्पताल सहित जो अन्य पर्यटन विकास कराए जाने हैं, उसके लिए शासकीय भूमि का चिन्हांकन कराया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं वाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास महराज आदि मौजूद रहे।



## खबर एक नज़र

### तमंचे के साथ पकड़ा गया युवक


बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़ा गया अभियुक्त ।

**बांदा।** गश्त के दौरान कमासिन पुलिस ने तमंचे के साथ एक युवक को पकड़ा है। जिसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा तथा कारतूस बरामद हुए है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।
पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को कमासिन-पन्नाह रोड पर स्थित उसके खेत के बोर के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम करन सिंह पुत्र दंगल सिंह निवासी कस्बा कमासिन बताया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। उसी दौरान एक व्यक्ति की तमंचे के साथ मौजूद होने की सूचना मिली। सूचना के मिलने पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। जिसे सक्रियता के साथ धर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा तथा कारतूस बरामद हुए है। कहा कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। लेकिन सूचना पर उसे दबोच लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जाबिर अली, आरक्षी दिलीप कुमार, विकास यादव शामिल रहे।

### तत्कालीन ई ओ नगर पालिका अतर्रा में पांच करोड रुपए की सरकारी लूट किया था अभी तक कार्यवाही नहीं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** अतर्रा नगर पालिका में कार्यरत निर्वतमान ईओ राम सिंह एवं संतोष कुमार निगम सफाई लिपिक तथा शिवचरण बाजपेई अकाउंटेंट नगर पालिका परिषद अतर्रा के द्वारा सन 2023 में विभिन्न मदों से जैसे डस्टबिन कंटेनर की खरीद में एवं विद्युत खरीद में तथा केमिकल खरीद में सहित अन्य मदों से पांच करोड रुपए की सरकारी धन की लूट करने का मामला उजागर होने पर इनके खिलाफउच्च स्तरीय जांच तत्कालीन कमिश्नर आरपी सिंह बांदा चित्रकूट के द्वारा शिकायत के आधार पर करवाया गया था । जानकारी के अनुसार जिस पर आरोप सिद्ध पाए गए थे तथा तत्कालीन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के द्वारा अपनी जांच आख्या रिपोर्ट प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास विभाग 6 लखनऊ को पत्र संख्या 1594ध्21. एल बी सी दिनांक 26 जुलाई2023 को राम सिंह तत्कालीन अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अतर्रा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के संबंध में पत्र भेजा गया था। उसके अलावा कार्यालय आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बाँदा के पत्र संख्या 1017ध् 21. एलबीए जांच दिनांक 20 जून 2023 को तत्कालीन जिलाधिकारी बाँदा के नाम पत्र भेजा गया था।जिसपर तत्कालीन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के द्वारा प्रमुख सचिव उ प्र शासन नगर विकास अनुभाग 6 लखनऊ को भेजे गए पत्र में यह उल्लेख किया गया था कि अतः राम सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अतर्रा जनपद बाँदा को शासकीय धन का दुरुपयोग करने तथा अपने पदीय दायित्वों के प्रति घोर शिथिलता बरतने एवं अन्य कतिपय गम्भीर अनिमिताओ के सम्बन्ध में अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु आख्या सादर सेवा में प्रेषित है।इसके बावजूद भी प्रमुख सचिव उ प्र शासन नगर विकास अनुभाग 6 लखनऊ के द्वारा आज तक कार्यवाही नही की गई है। कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही से बचने के लिए अधिशासी अधिकारी राम सिंह के द्वारा नगर विकास विभाग 6 लखनऊ से मिलकर अपना स्थानांतरण जनपद कौशांबी के एक नगर पालिका परिषद में करा लिया गया है। शिकायतकर्ता उमाकांत दीक्षित पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मंडल अतर्रा जनपद बांदा के द्वारा कई बार प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग 6 लखनऊ एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ तथा नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को कई बार पत्र भेजे जाने के बावजूद भी आज तक कार्यवाही धन बल के कारण नहीं हो पाई है शायद उत्तर प्रदेश के निष्ठावान मुखिया योगी आदित्यनाथ जी के पास तक भेजे गए प्रत्यावेदन व प्रमाण सहित उनके तक नहीं पहुंच पाया है । को चाहिए कि समाचार का स्वत संज्ञान लेते हुए दोषी पाए गए तत्कालीन अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अतर्रा राम सिंह एवं सफाई लिपिक संतोष कुमार निगम तथा शिवचरण बाजपेई अकाउंटेंट के खिलाफकार्यवाही जनहित में करना न्याय संगत में होगा।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

बांदा। करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। इधर पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
बिसंडा थाना क्षेत्र के बिसंडी गांव निवासी 48 वर्षीय गुलबिया पत्नी मथूरा प्रसाद रविवार की भोर घर पर ही भैसो का गोबर समेटने गई थी। वही पर पंखा लगा हुआ था। पंखा का तार छूट कर उसके ऊपर जा गिरा। जिससे करंट की चपेट में आकर चिपक गई। उसकी मौके पर मौत हो गई। सुबह पति की नीद खुली देखा तो गुलबिया मृत अवस्था मे पड़ी थी। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसके पांच पुत्री दो पुत्र है।

## रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण व्यवस्था का अपर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** आज पुलिस लाइन हमीरपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस, आरक्षी सीधी भर्ती के अंतर्गत रिक्रूट आरक्षियों को दी जा रही प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त रिक्रूट आरक्षी निर्धारित समय पर पूर्ण अनुशासन एवं निर्धारित ड्रेस में प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया प्रशिक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, जिससे प्रशिक्षण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो एवं रिक्रूट आरक्षी आत्मविश्वास के साथ अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करें।

## इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी अचानक आग

**बांदा।** शहर के छावनी चौराहा स्थित इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना के मिलते ही सीएफओ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल कई गाड़ियां मंगवाई। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।
कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत छावनी चौराहा के पास बुंदेलखंड टीवी सेंटर एंड इलेक्ट्रॉनिक शो रूम दुकान में फायर स्टेशन को डीसीआर द्वारा आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल 02 फायर टेंडर व 1 हाइप्रेशर गाड़ी को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया तथा सीएफओ मुकेश कुमार व एफएसओ बांदा एफएसएसओ मौके पर पहुंचकर तत्परता से आग को बुझवाना शुरू किया तथा अतर्रा व बबेरू एफएस यूनिट को तत्काल मौके पर पहुंचने हेतु निर्देशित किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में आग को कड़ी मशक्कत के बाद एफएस बांदा यूनिट द्वारा पूर्ण रूप से बुझाया गया तथा आस पास के मकानों दुकानों को सुरक्षित बचा लिया गया, इसमें किसी भी प्रकार की जीव हानि नहीं हुई। इस प्रकार बड़ा हादसा होने से फायर सर्विस टीमो ने 45 मिनट में आग को तत्परता बुझाया तथा आग को फैलने से रोका। व्यवसायिक संस्थानो के स्वामियों से मुकेश कुमार मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा विशेष अपील की गई कि व्यवसायिक संस्थानो मे अग्निशमन सुरक्षा मानको का कड़ाई से अनुपालन करते हुये ही संचालन करें। विद्युत उपकरणो/वायरिंग से आग लगने की संभावना सर्वाधिक रहती है, का विद्युत सुरक्षा विभाग से ऑडिट कराते हुये विद्युत वायरिंग कटे-फटे व कमजोर न रखे जाए तथा ऐसे संस्थान का निर्माण विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत कराते हुये ही संचालन करे व स्वीकृत मानचित्रो की ऑक्युपेन्सी के विपरीत व्यवसायिक संस्थानो का संचालन करने व व्यावसायिक स्थल गोदाम भवनो मे आवासीय प्रयोग करने पर अपना तथा अपने परिवार की जान जोखिम में बिल्कुल भी न डाले।


बांदा : आग बुझाते कर्मी ।

## तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**बांदा।** मछली पकड़ने गए युवक का शव दो दिन बाद तालाब में उतराता पाया गया। लोगों ने देखा तब सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नदवारा गांव निवासी 30वर्षीय जितेंद्र उर्फपप्पू पुत्र हरप्रसाद दो दिन पहले मछली पकड़ने गया था। देर शाम तक जब वह वापस नही लौटा तो घरवालो ने उसकी खोजबीन किया। सोमवार की सुबह उसका शव घर के समीप बने तालाब में उतराता ग्रामीणो ने देखा तो परिजनो को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि वह गुजरात में रह कर मजदूरी करता था। वह एक पखवारा पहले गांव आया था। वह दो दिन पहले मछली पकड़ने गया था। मिर्गी का दौरा पड़ जाने से वह तालाब में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक दो भाईयो में बड़ा था। वह अपने पीछे पत्नी पूनम के अलावा दो पुत्र छोड़ गया

## दुस्साहस बालू माफिआओं ने एसडीएम की गाड़ी को घेर लिया रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा ।** बालू माफिया ने दुस्साहसिक कदम उठाते हुए एसडीएम की गाड़ी को घेर लिया।सरकारी गाड़ी में लाठी डंडे पटकते हुए पकड़े गए बालू के दो ट्रकों को छुड़ाने की कोशिश की कामयाबी न होने पर एसडीएम के चालक के ऊपर जानलेवा हमला किया।पुलिस ने चार नामजद आरोपियों सहित 30 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस की रविवार की रात उपजिलाधिकारी अपने गार्डों के साथ बोलेरो जीप से अवैध खनन व अवैध परिवहन की जांच करने निकले थे।इनकी गाड़ी के चालक कामता प्रसाद मिश्रा निवासी महुआ थाना गिरवा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि रात में खुरहण्ड रोड पर बालू भरे दो ट्रक पकड़ कर एसडीएम ने खुरहण्ड पुलिस चौकी में खड़े करा दिए थे।इसके बाद जांच करने जरर गांव के मोड़ पर पैगम्बर पुर में खड़े थे रात में पौने ग्यारह बजे 6 चार पहिया वाहनों में ललित गुप्ता आदि अपने 25 से 30 अज्ञात साथियों के साथ मौके पर पहुचे।हाथों में हॉकीए डंडे और जैक की राड लिए थे सभी ने एसडीएम की गाड़ी को घेर लिया।गालियां बकते हुए उनकी गाड़ी में डंडे ठोकने लगे।बताया है कि उसने ऐसा करने से मना किया तो उसका कालर और हाथ पकड़ कर गाड़ी से खींचकर नीचे जमीन पर पटक दिया।एसडीएम के ऊपर पकड़े गए ट्रकों को छोड़ने का दबाव बनाने लगे ट्रकों को छोड़ने से मना करने पर सभी उनकी गाड़ी के चारो ओर घूमने लगे साथ ही गाड़ी में लाठी डंडे पटक कर भय का माहौल पैदा कर दिया।चालक ने आरोप लगाया है कि उसे जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर जैक की राड से सिर पर हमला किया जिसमें वह बाल बाल बच गया है।गिरवा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आपराधिक कानून;शनशोधनद्ध अधिनियम 1932 सहित आधा दर्जन आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## आपराधिक प्रवृत्ति के तीन लोगों को जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिलाबदर

हमीरपुर। जनपद को अपराध मुक्त व भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से जनपद के अपराधिक प्रवृत्ति के तीन लोगों पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शिकंजा कसते हुए कड़ी कार्रवाई का क्रम जारी रखा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जनपद के आपराधिक किस्म के तीन व्यक्तियो पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की सुसंगत धाराओ के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर की कार्रवाई की है। इन ताबड़तोड़ कार्यवाहियों को देखते हुए जनपद के अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।
उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत बीरपाल ऊर्फ वीरपाल पुत्र हरचरन राजपूत, निवासी ग्राम कैंथा थाना राठ जनपद हमीरपुर, लखन राजपूत पुत्र हरचरन निवासी ग्राम कैंथा थाना राठ जनपद हमीरपुर, दृग सिंह ऊर्फ दृगपाल सिंह राजपूत पुत्र बृजपाल निवासी ग्राम कैंथा थाना राठ जनपद हमीरपुर के खिलाफजिलाबदर की कार्रवाई की गई है। जिलाबदर किए गए इन तीन लोगों को जिलाधिकारी ने 6 माह के लिए जनपद हमीरपुर से निष्कासित किया है तथा आदेश दिए है कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश न करे। जनपद से बाहर जहां वह निवास करेगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देगे।
वहां पर किसी प्रकार शस्त्र या हथियार लेकर नहीं चलेगे। इस आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को एक-एक लाख रुपए की दो प्रतिभूतियों एवं इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करना होगा। आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक के माध्यम से संबंधित प्रभारी निरीक्षक को प्रेषित की गयी है। जिलाधिकारी ने इन तीन प्रकरण में पाया कि इन सभी की गतिविधियां समाज के लिए हानिकारक है तथा उनकी ख्याति दुःसाहसी एवं समुदाय के लिए खतरनाक प्रवृत्ति की है।

## हर व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिए जिससे प्रथ्वी पर शुद्ध हवा पानी मिले : डीएम

**हमीरपुर।** श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर वन विभाग हमीरपुर के द्वारा कुरारा ब्लाक के अन्तर्गत जखेला ग्राम में मार्कण्डेय ऋषि तपोभूमि स्थान पर आयोजन किया गया। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के एक महान नेता और राष्ट्रवादी थे। उन्होने भारतीय समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने के लिए कई कार्य किए। 23 जून 1953 को उनका बलिदान दिवस है। जब उन्होंने जम्मू और कश्मीर में भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए अपना जीवन अर्पित किया। उनका चरित्र अत्यधित प्रेरणदायक और समर्पित था। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, कुरारा ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, मण्डल प्रभारी विशेष नायक, मण्डल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि अंकित सिंह, क्षेत्रीय बनाधिकारी हमीरपुर डीएन पाण्डेय, उप क्षेत्रीय बनाधिकारी हमीरपुर तौहीक खान, जिला परियोजना अधिकारी हमीरपुर नमामि गंगे धीरेन्द्र सिंह व समस्त स्टाफएव गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय बनाधिकारी ने सभी को शुद्ध वायु को पाने के लिए वृक्ष लगाने को प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय बनाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुऐ क्षेत्रीय बनाधिकारी हमीरपुर डीएन पाण्डेय ने बताया कि हर व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिए। जिससे प्रथ्वी पर शुद्ध हवा पानी मिले। आइए हम सब मिलकर संकल्प लें कि हर व्यक्ति पेड लगायेगा और उसकी देखभाल करेगा। ताकि आने वाले समय में आगे की पीढियों को शुद्ध हवा/पानी मिल सके। इसी कम में श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर सन्देश देते क्षेत्रीय बनाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया व सीनरी संप्रेम भेंटकर सम्मानित किया।

## भाजपाईयों ने मनाई जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि



चित्रकूट ब्यूरोः भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपाईयों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म छह जुलाई 1901 में कलकत्ता के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। डॉ मुखर्जी महान शिक्षाविद, चिंतक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। डॉ मुखर्जी 33 वर्ष की अल्पायु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इसके बाद डॉ मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर में राजनीति में प्रवेश किया। 1953 में जब वह जम्मू-कश्मीर राज्य की सीमा पर बिना परमिट के प्रवेश कर रहे थे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और जेल में उन्हें प्रताणित किया गया, जिससे 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गयी। इसके बाद से जम्मू में बीजा खत्म हुआ। कहा कि डॉ मुखर्जी ने अपने जीवन का एक-एक पल देश और समाज के लिए समर्पित किया। सभी कार्यकर्ताओं को उनके बलिदान को याद करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि जब पूरे देश में कांग्रेस की सरकार थी, तब डॉ मुखर्जी ने जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट में मंत्री रहे, किन्तु वैचारिक मतभेद के कारण उन्होंने पद को महत्व नहीं देते हुए इस्तीफा दे दिया। डॉ मुखर्जी के त्याग और तप के कारण ही भाजपा आज इस ऊंचाई तक पहुंच पायी है।
पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में दो निशान, दो विधान, दो संविधान का विरोध किया और अन्त तक इसका विरोध करते हुए अपना बलिदान दे दिया। पूर्व सांसद रमेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने 35(1) और धारा 370 का आजीवन विरोध करते हुए अपना बलिदान दे दिया। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने यह दोनों धाराएं खत्म कर डॉ मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विपुल प्रताप सिंह ने किया।
इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चन्द्रप्रकाश खरे, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, भाजपा नेता गुलाब पटेल, जगदीश गौतम, हेमन्त प्रताप सिंह, रणबीर सिंह चौहान, हरिओम करवरिया, बृजेश पांडेय, मनोज तिवारी, हीरो मिश्रा, बाबूलाल पटेल, प्रेमलाल बाल्मीकि, राजेश्वरी द्विवेदी, रवि गुप्ता, राकेश कोल, ओमप्रकाश मिश्र, राजा मिश्रा, श्रवण पटेल, लवलेश निषाद, गोलू गर्ग, द्रोणाचार्य द्विवेदी, मुन्ना लाल प्रजापति, फूलचंद्र राजपूत, दीपक द्विवेदी, सोनू खंगार, राधे परिहार आदि मौजूद रहे।

## दबंग पूर्व प्रधान के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो आमरण अनशन करने को मजबूर होगा पीड़ित

स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा। गांव के दबंग व्यक्ति के द्वारा लगातार परेशान करये हुए पीड़ित को जान माल की धमकी दी जा रही है। साथ ही आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद दबंग के के विरुद्ध कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई।अफसरों के रवैया से नाराज पीड़ित ने आमरण अनशन की चेतावनी दे दी। मिली जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के पुकारी गांव का रहने वाला गणेश प्रसाद पुत्र शंकर लाल ने बीते कई बार स्थानीय और जिले के अधिकारियों की चौखट में पहुंच गांव के पूर्व प्रधान राजा उरमालिया द्वारा किए जा रहे जबरन अत्याचार की शिकायत की थी।दिए गए शिकायत पत्र में राजा उरमालिया द्वारा जानबूझ कर उसके दरवाजे में अपने घर से पाइप डालकर पानी की निकासी कर पीड़ित के दरवाजे में कीचड़ करने की बात कही थी।साथ बताया कि मना करने पर दबंग लगातार जान माल की धमकी और आए दिन गाली गलौच करता है।पीड़ित गणेश प्रसाद दबंग के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए तहसील अधिकारियों सहित जिले के अफसरों को कई बार लिखित रूप से अवगत करवा चुका है।लेकिन अभी तक दबंग पूर्व प्रधान राजा उरमालिया के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही समस्या का समाधान किया गया।पीड़ित जिलाधिकारी को पत्र देकर कार्यवाही की बात कही।साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया और दबंग के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो वह आमरण अनशन को मजबूर होगा ।

### शक्ति धाम में भागवत कथा कल से

**इटावा।** महिला चुंगी प्रकाशनगर स्थित शक्ति धाम मैरिज होम में कल आषाढी अमावस्या यानी 25 जून बुधवार से भागवत कथा का श्री गणेश हो रहा है जो 1 जुलाई को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी। कथारसिक हरिदास विनोद कुमार द्विवेदी ने श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह की आयोजक रेनू अग्रवाल के हवाले से बताया कि कल 25 जून बुधवार को कलश यात्रा के उपरांत सर्वतोभद्र गौरी गणेश और नवाद में पूजन के साथ ही औरैया से पधारे कथावाचक अंकुश तिवारी के मुखारविंद से भागवत कथा पर संगीत में ढंग से व्याख्यान शुरू होगा।

# जिला सहकारी बैंक के 12 डायरेक्टर निर्विरोध



**फर्रूखाबाद।** जिला सहकारी बैंक के मुख्य गेट पर विक्ट्री का निशान दिखाते पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार सांसद मुकेश राजपूत विधायक सुशील शाक्य डायरेक्टर चुने गए प्रदीप सिंह और शंकर सिंह

■ 30 जून को जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष का होगा चुनाव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** जिला सहकारी बैंक संचालक मंडल के लिए निर्वाचन अधिकारी के सामने भारतीय जनता पार्टी के 12 प्रत्याशियों ने डायरेक्टर पद के लिए नामांकन दाखिल किये उनके सामने किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया लिहाजा सभी निर्विरोध हो गए हैं ।

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे सहायक निर्वाचन अधिकारी जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार सिंह के समक्ष फतेहगढ़ स्थित जिला सहकारी बैंक परिसर में बृजेश कुमार भास्कर दत्त द्विवेदी अरविंद कुमार कुलदीप गंगवार प्रदीप कुमार श्रीमती सुधा राजेश त्रिपाठी दिनेश चंद्र लक्ष्मी देवी रामेंद्र सिंह अशोक कुमार वर्मा नरेश चंद्र ने नामांकन दाखिल किये। उनके सामने किसी भी ने नामांकन दाखिल नहीं किया सभी निर्विरोध हो गए हैं ।

जिला सहकारी बैंक में पहला मौका है जब प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के किसी भी प्रत्याशी ने इसमें भाग नहीं लिया लंबे अरसे से समाजवादी पार्टी का बैंक के अध्यक्ष पद पर कब्जा था पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव बैंक के लगातार 44 वर्ष तक अध्यक्ष रहे थे। इस दौरान सांसद मुकेश राजपूत विधायक सुशील शाक्य विधायक नागेंद्र सिंह राठौर जिला प्रभारी शिव महेश दुबे भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा रमला राठौर समेत भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# जाति पूछकर कथावाचक से मारपीट कर सिर के बाल मुडवाये

■ पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया
■ कथावाचकों से महिलाओं के पैर छुलवाये

इटावा। दबंगों ने कथा कहने पहुंचे कथावाचक की चोटी काट दीण् मारपीट के बाद उनका पूरा सिर मुंडवा दियाण् हारमोनियम भी तोड़ दियाण् इसके बाद महिला यजमान के पैरों पर नाक रगड़वाईण् कथावाचक के साथी को भी मारपीट कर घायल कर दियाण् उसका भी सिर मुंडवा दियाण् बताया जा रहा है कि कथावाचक यादव जाति के हैंण् वह ब्राह्मणों के गांव में कथा करने पहुंचे थेण् सपा सांसद जितेंद्र दोहरे भी विवाद में कूद पड़े हैंण् उन्होंने एसएसपी से शिकायत कीण् एसएसपी के आदेशानुार बकेवर थाना प्रभारी भूपेन्द्र सिंह राठी ने आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्जकर चार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना पर एएसपी देहात श्रीशचंद्र व सीओ अतुल प्रधान तथा बकेवर थाना प्रभारी भूपेन्द्र सिंह राठी ने गांव पहुंचकर लोगों से जानकारी की।

मामला बकेवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव का हैण् कथावाचक का आरोप है कि यादव होने की वजह से उनके साथ मारपीट की गईण् घटना 21 जून की हैण् घटना के दो वीडियो भी सामने आए हैण् इनमें से एक 1 मिनट 1 सेकेंड का जबकि दूसरा 32 सेकेंड का हैण् इनमें कथावाचक और उनके साथी के साथ युवक दबंगई करते दिखाई दे रहे हैंण् वीडियो में कथावाचक और उनके सहयोगी का सिर मुंडवाते काफी लोग नजर आ रहे हैंण् ये वीडियो सोशल मीडियो पर भी शेयर किए गए हैंण् मामला ब्राह्मण और यादव जाति से जुड़ा होने के सियासी लोग भी खुलकर सामने आने लगे हैं। कथावाचक मुकुट मणि सिंह यादव सिविल लाइन इलाके के जवाहरपुरा राजा का बाग में रहते हैंण् वे मूल रूप से कानपुर के रहने वाले हैंण् उनके साथी संत सिंह यादव औरैया के अछल्दा जबकि तीसरे साथी श्याम कठेरिया इटावा के बकेवर के रहने वाले हैंण् मुकुट मणि सिंह ने बताया कि वह भागवत कथा कहते हैंण् 21 जून से 27 जून तक दादरपुर गांव में उन्हें कथा कहने के लिए बोला गया थाण् बुकिंग पाठक बाबा के माध्यम से गांव निवासी पप्पू बाबा ने कराई थीण् कथावाचक का आरोप है कि कथा के पहले दिन शाम को भोजन करते समय पप्पू बाबा ने मुझसे मेरी जाति पूछीण् इस पर मैंने उन्हें बताया कि मैं यादव बिरादरी से हूंण् इस पर उन्होंने मेरे दलित होने का आरोप लगा दियाण् इसके बाद कई युवकों ने उन्हें घेर लियाण् पप्पू बाबा कहने लगे कि ब्राह्मणों के गांव में भागवत पाठ करने की हिम्मत कैसे कीण् दबंगों ने गाड़ी से उन्हें जबरन बाहर खींच लियाण् जोर जबरदस्ती में उनका कुर्ता फट गयाण

दबंगों ने गालियां देते हुए ट्रिमर से मुकुट मणि सिंह यादव की चोटी काट दीण् बाद में उनका सिर भी मुंडवा दियाण् आरोप है कि पप्पू बाबा के साथ अतुलए डीलरए मनीष और 50 अज्ञात लोगों ने गालियां दींण् लात.घूसोंए जूतों और चप्पलों से पीटाण् गांव की भीड़ के सामने सिर मुंडवा दियाण् इसके बाद परीक्षित महिला यजमान के पैरों पर नाक भी रगड़वाईण् उनके साथ मारपीट भी कीण् इसके बाद कथा वाचक के सहयोगी संत सिंह के साथ भी दबंगों ने मारपीट कीण् उनका भी सिर मुंडवा दियाण् हारमोनियम भी तोड़ दियाण् कथा वाचक का आरोप है कि दबंगों ने मेरे 25 हजार रुपये और एक सोने की चेन छीन लिएण् इसके बाद बेइज्जत करके गांव से भगा दियाण् मेरा सारा सामान अभी भी उनके कब्जे में हैण् पीड़ित कथावाचक ने अतुलए मनीषए पप्पू बाबा और डीलर आदि के नाम पुलिस को बताए हैंण् इनके खिलाफकोतवाली में नामजद एप्लिकेशन दी गई हैण् पीड़ितों ने इटावा एसएसपी को मामले को भी जानकारी दीण् आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की हैण् दो जातियों के बीच का मामला होने के कारण घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया हैण् इटावा से सपा सांसद जीतेंद्र दोहरे सपा कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से मिलने पहुंचेण् उन्होंने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग कीण् कहा कि ऐसी ऐसी घटनाओं से समाज बंट जाता हैण् दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिएण् एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बकेवर थाना प्रभारी को तत्काल आरोपियों के खिलाफएफ्अ ईआर दर्ज करने के निर्देश दिएण् उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगीण् जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगीण् उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगीण् सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने बताया भागवताचार्य और उनके सहयोगियों के साथ जो व्यवहार किया गयाए वह अमानवीय हैण् यह संविधान के भी खिलाफभी हैण् सांसद ने कहा कि एसएसपी से मिलकर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की गई हैण् पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो सपा इस मुद्दे को संसद में उठाएगी। पकड़े गए अभियुक्तों में आशीष तिवारी पुत्र राजीव कुमार तिवारीए उत्तम अवस्थी पुत्र प्रदीप अवस्थीए प्रथम दुबे उर्फ मनु दुबे पुत्र सयश कुमार दुबेए निक्की अवस्थी पुत्र बृजेश अवस्थी निवासीगण ग्राम दादरपुर थाना बकेवर आदि है।

# एसपी ने किया कार्यालय का निरीक्षण अभिलेखों के रख-रखाव के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की साफसफाई व्यवस्थाए अभिलेखों के रख.रखाव एवं रजिस्टरों की अद्यतन स्थिति का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय की साफसफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभिलेखों का उचित ढंग से रख.रखाव किया जाए और समय.समय पर अद्यतन किया जाए ताकि किसी भी आवश्यक जानकारी की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कार्यालय में आने वाले फरियादियों के साथ उचित व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद एसपी आरती सिंह ने कहा कि जनविश्वास बनाए रखने के लिए पुलिस व्यवस्था को चुस्त.दुरुस्त रखना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से समय.समय पर निरीक्षण किए जाते हैंए ताकि कार्य प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

# भाजपा ने बलिदान दिवस मनाया

इटावा। राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्यायए महान शिक्षाविद्ए प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सिचाई विभाग गेस्ट हाउस में जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहानए सदर विधायक सरिता भदौरिया जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता सहित समस्त मंचस्थ अतिथिगणों ने डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके उन्हें याद किया एवं अपनी श्रद्धासुमन अर्पित की। एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने संविधान में चोरी छिपे धारा 370 को जोड़ने का कुत्सित कार्य किया था तो उसका विरोध डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था। सदर विधायका सरिता भदौरिया ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मनाती है तथा इस दिन भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद करता है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए 5 अगस्तए 2019 को जम्मू.कश्मीर से धारा 370 को हटा कर देश पर लगे कलंक को धोने का काम किया है। संचालन पूर्व जिलामंत्री बासु चौधरी ने किया। संगोष्ठी में पूर्व सांसद रघुराज शाक्यए प्रेमदास कठेरियाए निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूतए पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरीए डॉण् रमाकांत शर्माए अजय धाकरेए कार्यक्रम संयोजक देवप्रताप भदौरियाए जिलामहामंत्री प्रशांत राव चौबेए जिलाउपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाहए शिवकिशोर धनगरए जिलामंत्री जितेंद्र गौड़ए राहुल राजपूतए ममता कुशवाहाए डॉण् ज्योति वर्माए कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्यए पूर्व पंचायत अध्यक्ष सौरभ दीक्षितए विरला शाक्यए अवधेश चतुर्वेदीए प्रमिला पालीवालए अनुग्रह सेंगर सहित जिलापदाधिकारीए मंडल अध्यक्षए मोर्चा अध्यक्षए वरिष्ठ नेतागण सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सरकार की ओर से झूठे मुकदमों के भय से सपा ने जिला सहकारी बैंक चुनाव का किया बहिष्कार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** समाजवादी पार्टी ने जिला सहकारी बैंक के चुनाव का बहिष्कार किया है साथ ही आरोप लगाया कि पार्टी ने सरकार की अराजकता तथा लोकतांत्रिक प्रणाली में पुलिस का वेजा दुरुपयोग कर विपक्षी दलों के प्रत्याशियों पर झूठे मुकदमे लगाए जाने के विरोध में इस चुनाव में भाग नहीं लिया है ।

सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से ज्यादा किसी भी दल ने काम नहीं किया और इन सभी संस्थाओं पर समाजवादी पार्टी के लोगों ने एक लंबे समय से कार्य किया है और आम आदमी को न्याय दिलाया है उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता और चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों पर सरकार की ओर से पुलिस ने दबाव बनाया ताकि कोई भी इस चुनाव प्रक्रिया में भाग ना ले सके ।

श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रणाली ही सर्वोपरि है लेकिन जब इस प्रक्रिया में किसी को भाग नहीं लेने दिया जाएगा तो वह घोर अराजकता है उन्होंने पिछले विधान परिषद चुनाव का भी उदाहरण दिया कि सपा प्रत्याशी को नामांकन करने से रोका गया और मारपीट की गई इसी तरह पिछले जिला सहकारी बैंक चुनाव में अराजकता कर बैंक परिसर में तोड़फोड़ की गई थी।

# संगीत मन को मुग्ध और आत्मा को तृप्त कर देता है-रामावतार शर्मा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद ।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था कलार्पण की ओर से विश्व संगीत एवं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विचार एवं संगीत गोष्ठी का आयोजन किया गया ।



शहर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में आयोजित विचार एवं संगीत गोष्ठी में कला साहित्य और संगीत की त्रिवेणी आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन को याद किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाज सेवी संजय गर्ग राम अवतार शर्मा इंदुए राम मोहन शुक्ल डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर दिया ।

कार्यक्रम में लोकजीवन में संगीत का महत्व पर परिचर्चा हुई इसी के साथ युवा बाँसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक ने बाँसुरी वादन की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा इंदु ने कहा संगीत जीवन जीने की कला को सिखाता है संगीत मन को मुग्ध और आत्मा को तृप्त कर देता है वह मानवीय विकारों को दूर करता है संगीत जीवन में एक औषधि का काम करता है ।

आचार्य कंचन जी एक श्रेष्ठतम संगीतकारए थे वह सभी बाध्य यात्रों को बजाने में निपुण थे पंडित ललन पिया और हाजी बिलायत की खोज उन्होंने ही की थी फर्रूखाबाद की ठुमरी और फर्रूखाबादी घराना विश्व प्रसिद्ध है । कंचन जी अच्छे साहित्यकार एक चित्रकार और नाटककार थे ।

रुद्राक्ष पाठक ने कहा कि संगीत मात्र मनोरंजन का साधन नहीं है। यह मार्ग साधन से समाधि का है।

रुद्राक्ष की बाँसुरी सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। युवा बाँसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक को संगीत साधना के लिए सम्मानित किया गया ।

अध्यक्ष डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया संचालन रह गौरव पाण्डेय ने किया ।

संयोजक दिलीप कश्यप राम मोहन शुक्ल ने व्यवस्था संभाली।

# हॉकी मैच फाइनल में जाफरी की टीम ने सिविल लाइंस को हराया



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष में स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में पुरुष व महिला हॉकी मैच का आयोजन किया गया।

सात साइड हॉकी प्रतियोगिता में प्रथम मैच में सिविल लाइन ने हाथी खाना को 3.0 से विजय प्राप्त की दूसरे मैच में जाफरी ने भूसा मंडी को 5.1 से पराजय दी फाइनल मैच सिविल लाइंस तथा जाफरी के मध्य खेला गया जिसमें जाफरी की टीम ने सिविल लाइंस को 7.1 से मात दी

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह यादव तथा जिला ओलंपिक संघ फर्रूखाबाद के अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे सचिव अवनींद्र कुमार फर्रूखाबाद हॉकी के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन संयुक्त सचिव सुरेंद्र यादव तथा उपाध्यक्ष अफजल अहमद खान व पिंटू यादव तथा हॉकी कोच सत्यम मिश्रा उपस्थित रहे।

सभी मैचो में अंपायर की भूमिका में प्रिया कठेरिया तथा अंजलि कठेरिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर एक नज़र

### कटेखेड़ा में भागवत कथा सुनने पहुंचे शिवपाल सिंह

**इटावा।** ब्लॉक क्षेत्र जसवंतनगर के ग्राम पंचायत सरायभूपत कटेखेड़ा में ग्रामवासियों के नेतृत्व में बैठी भागवत कथा को मुख्य अतिथि के रूप में सुनने पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व केबिनेट मंत्री एवं जसवंतनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव का पूर्व प्रधान स्वर्गीय फतेह सिंह यादव के पुत्र सुभाष यादव पुजारीए प्रधानपति सत्यवीर यादवए परीक्षित जगदीश यादवए यज्ञपती साहूकार डॉण् गिरीश यादव ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जैनपुर नागर प्रधान उर्मिला यादव और सराय भूपत प्रधान वीना यादव ने शॉल उड़ाकर सम्मानित किया।

इस दौरान शिवपाल सिंह यादव ने कथावाचक विनय शास्त्री को बधाई देते हुए कहा कि इस देश प्रदेश की सरकार अच्छी नहीं है प्रदेश में दिनों दिन मंहगाई चरम पर बढ़ती जा रही हैए किसान परेशान हैए मजदूर बेरोजगार है और दिनों दिन अत्याचार बढ़ते जा रहे पुलिस प्रशाशन गरीबों पर अत्याचार कर रही है। उन्होंने कहा अगर सरकार अच्छी होती तो किसान और मजबूत होता तो हमारे क्षेत्र में भागवत कथा और होती। इस दौरान सपा नेता सतेंद्र यादवए सौरभ यादवए नीरजए विनती रामए डॉण् गिरीश यादवए आशारामए अजेंद्र सिंह गौरए श्यामवीर यादवए कुलदीपए रामगोपाल यादवए राहुल दुबेए विकाश शाक्यए आलोक शाक्यए सूरजपाल कठेरियाए पूर्व प्रधान हीरालाल जाटवए दंगल सिंह चौहानए अखलेश पंडितए रवि यादव मौजूद रहे।

### प्रधानाचार्य द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कौशल विकास मिशन की प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की योजनावार समीक्षा की गई। बैठक का शुभारंभ जिला समन्वयक नोडल प्रधानाचार्य डॉण् राजकुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। प्रोजेक्ट प्रवीण में कार्यरत दो संस्थाएँ संकल्प विकास समिति एवं लेट शिवबालक राम स्वर्वकार स्मृति शिक्षा प्रसार संस्थान द्वारा संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों की गुणवत्ता जांच कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। योजनांतर्गत नारायण कॉलेज हेल्थकेयर सेंटर के प्रशिक्षणरत लाभार्थियों को जिला अस्पतालए महिला अस्पताल एवं सैफई मेडिकल कॉलेज में ऑन जॉब ट्रेनिंग हेतु निर्देश दिये गये। फ्लैक्सी पार्टनर बनाने हेतु जीएमडीआईसी के साथ बैठकर इंडस्ट्री चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतमए जीएमडीआईसीए समाज कल्याण अधिकारीए जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दिगंबर जैन मंदिर की मनी द्वितीय वर्षगांठ

**इटावा।** शहर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन समवशरण मन्दिर एसडी फील्ड की द्वितीय वर्षगांठ का कार्यक्रम आनन्द निर्विघ्न सम्पन्न हुआए सर्व प्रथम श्री जी का नित्यअभिषेकए शान्तिधारा की गई इसके बाद तीर्थंकर शान्तिनाथ जी के मस्तिष्क पर 108 मन्त्रोचारण के साथ 108 कलश से महाकलशाभिषेक किया गया इस यादगार अवसर पर बड़ी तादाद में भक्त सम्मलित हुए। जून 2023 को मन्दिर जी में बेदी प्रतिष्ठाए शिखर पर कलशारोहण व मन्दिर की शुध्दि व प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न हुआ था सभी भक्तों ने परस्पर एक दूजे को बधाई दी। सुमन जैन ने अपने उदगार इस प्रकार व्यक्त किए हम सभी भक्त लाये है चौत्यालय से श्री जी को निकाल केए इस मन्दिरए बेदी व भक्तो पर दृष्टि बनायें रखना सायंकाल श्रीजी की भक्ति के साथ महाआरती की गई। जिसमें मंदिर कमेटी के पदाधिकारी व पुजारी चक्रेश जैनए दिलीप जैन टिक्कल जैनए आदि महिलाएं मौजूद रही।

### समर कैंप बच्चों के विकास में सहायक-बीके नीलम

**इटावा।** ब्रह्माकुमारीज की सिविल लाइन शाखा पर संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका जगदंबा सरस्वती के 60वे स्मृति दिवस पर रति कला अकादमी गाडी पुरा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन विविध प्रतियोगिताओं के साथ संपन्न हुआ केंद्र प्रभारी बीके नीलम ने अपने आशीर्वचन उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों में परस्पर स्नेह भावना बुद्धिमत्ता और एकाग्रता का विकास होता है। ड्राइंग प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन स्प्रिंगिल पब्लिक स्कूल की मुकुल अग्रवाल ने निभाई। उन्होंने कहा कि बच्चों में आज की कला सीखने की रुचि आगे के अध्ययन में रेखाचित्र बनाने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्य अतिथि विष्णु अग्रवाल एवं बीके प्रीति ने बच्चों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट प्रदान किए। रति कला अकादमी की डायरेक्टर रति अग्रवाल ने सभी आए हुए अतिथियों का बैज और पटके द्वारा स्वागत किया। कला प्रतियोगिता शिशु वर्ग कनिष्ठ मध्य और वरिष्ठ चार वर्गों में आयोजित की गई एवं सभी में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर शिवा कुमार के निर्देशन में बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में रेनू अरोड़ाए मोरश्रीए दीप्ति वर्माए राजेश्वरीए संगीता जैनए मिताली जैन एवं अनेक अभिभावकों ने भाग लिया।

### चुम्बकीय चिकित्सा के विषय में जानकारी दी

**इटावा।** ई.बायोटोरियम प्रवक्ता विवेक नायक ने अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा एवं समाज उत्थान समिति के सयुक्त तत्वाधान में केके इन्टर कालेज में बैडिमिंटन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को उत्तम स्वास्थ के लिए चुम्बकीय चिकित्सा के विषय में जानकारी देते हुए प्राकृतिक रेर अर्थ नियोडिमियम के चुम्बक की पॉवर का प्रदर्शन कियाए जिसे देख वहाँ पर उपस्थित बच्चे और अभिभावकों ने आश्चर्य चकित होकर तालियाँ बजायी।

विवेक नायक प्रवक्ता ई वायोटोरियम प्राण् लिण् ने सभी बैडमिंटन खिडियों की अच्छे स्वास्थ के लिए अच्छी डायट को लेने के साथ ही बताया कि प्राकृतिक रेर अर्थ नियोडिमियम चुंबकों का शरीर के। भीतरी इलेक्ट्रो मैग्नेटिक क्षेत्र में ण्बदलाब लाने में उपयोग किया जाता है जिससे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। डॉण् हरीशंकर पटेल ने कहा चुम्बकीय चिकिसा का कोई साइड इफेक्ट नही होता है इसलिए हमारे पूर्वज प्राकृतिक चुम्बकीय चिकित्सा का प्रयोग करते थे। इस अवसर पर इन्जी राजेश कुमार वर्माए जावेद अन्सारी ने बताया कि मेरा यूरिक ऐसिड बढ़ने के कारण जोड़ों में अत्याधिक दर्द होता था लोगों ने जिस जिस डॉक्टर को बताया सभी को दिखाया लेकिन जब तक दर्द की गोली खाते तभी तक असर रहता था। अब मै चुम्बकीय चिकित्सा से स्वस्थ हूँ। इस अवसर पर डॉण् स्नेहलताए उमरॉव प्रधानाचार्यए अभिराज व अभिभावक उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो बकरियों की मौत

भरथनाए इटावा। आकाशीय बिजली गिरने के कारण खेतों में घास चर रही करीब एक दर्जन से अधिक बकरियों में से तीस हजार रूपये कीमती दो बकरियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि अन्य बकरियों सहित पशुपालक मामूली रूप से चोटिल हुए।

क्षेत्र के समाजसेवी रानू यादव ने बताया कि रविवार की सांय पौने पाँच बजे विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सालिमपुर के ग्राम डडियन निवासी पशुपालक गजपत पुत्र स्वण् राम सिंह अपनी करीब एक दर्जन से अधिक बकरियों को लेकर खेतों पर घास चराने गया था। इसी बीच करीब तीस हजार रूपये कीमती दो बकरियां घास चरते.चरते खेत में खडे पेड के नीचे पहुँच गई। तभी आकाशीय बिजली उन दोनों बकरियों के ऊपर गिरने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य बकरियों सहित पशुपालक मामूली रूप से चोटिल हो गये। आकाशीय बिजली गिरने का दृश्य देखते ही आसपास खेतों पर कृषि कार्य कर रहे कृषक घटनास्थल की ओर दौड पडे और उन्होंने पशुपालक का शरीर सहलाकर घरेलू गतिविधियों से सही किया। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है।

### मंगल मिलन आज

इटावा। प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग आज मंगलवार 24 जून को शाम 6 बजे से साबितगंज स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर पर आयोजित किया जा रहा है। संयोजक देवेश शास्त्री ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया कि वे समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# इस बार दिल्ली में होगी आरएसएस के प्रांत प्रचारकों की बैठक

## सरसंघचालक मोहन भागवत सहित आरएसएस का पूरा शीर्ष नेतृत्व करेगा तीन दिवसीय बैठक में शिरकत

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** आम तौर पर हर वर्ष जुलाई महीने में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के प्रांत प्रचारकों की सबसे बड़ी बैठक इस बार राजधानी दिल्ली में संघ के नवनिर्मित भव्य कार्यालय 'केशव कुंज' में आयोजित होने जा रही है। आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने उक्त घोषणा करते हुए बताया है कि अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारक बैठक इस वर्ष आगामी आषाढ़ शुक्ल नवमी, दशमी एवं एकादशी यानी दिनांक 04 से 06 जुलाई के बीच आयोजित होगी जिसमें सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार और अतुल लिमये के साथ ही सभी अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख, सह प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य हिस्सा लेने वाले हैं। इसके अलावा इस बैठक में देशभर के सभी प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक के साथ ही आरएसएस के सभी अनुषांगिक संगठनों के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री भी भाग लेंगे। बताया गया है कि संघ के सांगठनिक नजरिए से बेहद महत्वपूर्ण इस तीन दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत आगामी 28 जून को ही दिल्ली आ रहे हैं।

हालांकि आरएसएस की हर साल आयोजित होने वाली तीन सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बैठकों में गिनी जानेवाली इस अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का इस बाद दिल्ली में आयोजन होने को लेकर सबकी निगाहें इस पर टिकी हुई हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि इस बैठक के दौरान जब संघ का पूरा शीर्ष नेतृत्व दिल्ली में मौजूद रहेगा तब लंबे समय से अटक रहे भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन की उलझन को भी सुलझाया जाएगा और किसी एक नाम पर सहमति बना ली जाएगी। आरएसएस की ओर से औपचारिक तौर पर बैठक के एजेंडे के बारे में जानकारी देते हुए सुनील आम्बेकर ने कहा है कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के के बाद पूरे देश में अप्रैल, मई एवं जून महीने में संघ के विभिन्न स्तरों के प्रशिक्षण वर्ग पूर्ण हुए हैं जिसके बाद सांगठनिक समीक्षा और भावी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के हर साल की तरह इस साल भी यह महत्वपूर्ण रुटीन बैठक आयोजित हो रही है। आम्बेकर ने बताया कि देश भर में संघ की संगठन रचना में कुल 11 क्षेत्र एवं 46 प्रांत हैं जहां हालिया दिनों में संपन्न हुए संघ के प्रशिक्षण वर्गों के वृत्तांत एवं समीक्षा, शताब्दी वर्ष के निर्धारित विविध कार्यक्रमों की योजना का क्रियान्वयन और अगले एक साल के दौरान होने वाले सरसंघचालक के विभिन्न प्रवासों की योजना सरीखे विषयों पर इस बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही इस बैठक में आगामी विजयादशमी यानी 02 अक्टूबर से प्रारंभ होकर अगले वर्ष यानी 2026 की विजयादशमी 2026 तक के दौरान संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों, योजनाओं और गतिविधियों की अंतिम रूपरेखा भी तय की जानी है।

# कोतवाली में ताजियेदारों की बैठक आयोजित



**चुनार (मिर्जापुर)।** सोमवार को चुनार कोतवाली में मुहर्रम पर्व के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी मंजरी राव की अध्यक्षता में ताजियेदारों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्राधिकार सुश्री मंत्री राव ने कहा कि जो ताजिए पहले से उठाए जा रहे थे वही ताजी उठाए जाएंगे ताजिया की लंबाई पूर्व की भांति ही रहेगी उसमें किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य ने कहा कि सभी ताजिए शांतिपूर्ण ढंग से निकल जाना चाहिए और किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो प्रशासन हर मदद के लिए तैयार है। इस दौरान भूषण मौर्य नायब तहसीलदार कल्पना, चेयरमैन मंसूर अहमद,चंद्रहास गुप्ता,अभिलाष राय,जेई जलकल अभियंता सौरभ प्रकाश सिंह, सफाई निरीक्षक लालमणि यादव, अपराध निरीक्षक सत्येंद्र यादव,कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण कुशवाहा, अदलपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह,उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण राजेश रमन राय , हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह,विनय राय, सुमित सिंह , कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह, यासीन राइन,अख्तर भाई,करतार सिंह कुशवाहा, मिर्जापुर सरकार हुसैन, अशफाक अहमद, गयासुद्दीन, सहित मुस्लिम समुदाय के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तहसील मुख्यालय लालगंज में अग्निशमन केंद्र का निर्माण कार्य शुरू

**हलिया (मिर्जापुर)।** तहसील मुख्यालय लालगंज में अग्निशमन केंद्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। रविवार को खजुरी में अग्निशमन केंद्र के निर्माण के लिए नींव की खोदाई का काम शुरू हो गया।12 करोड़ की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र से लालगंज और हलिया क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।अग्निशमन केंद्र परिसर में आवासीय भवनो का निर्माण भी किया जाएगा। जिनमें केंद्र के कर्मचारियों का आवास के साथ ही कार्यालय का निर्माण किया जाएगा।परिसर में पानी की आपूर्ति के लिए पहले ही बोरिंग कराई जा चुकी है। चाहार दिवारी का भी निर्माण किया जाएगा।इस केंद्र की स्थापना को लेकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों से लंबे समय से मांग उठती रही। आग लगने की घटनाओं के दौरान मिर्जापुर या अन्य सुदूर केंद्रों से दमकल की गाड़ियों के देर से पहुंचने के कारण लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ता था।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** महान राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट शिक्षाविद्, जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा सीखड़ मण्डल मे शुरू किये गए भारतीय जनता पार्टी रूपी बटवृक्ष के जड़ रूपी पुरातन कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल के विदापुर ग्राम मे भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व महामंत्री विकास पति त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हाल जाना और उनको सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर मारकंडे सिंह, भूपनारायन पांडेय (कलऊ गुरु),कार्यक्रम संयोजक शिव प्रसाद द्विवेदी, नीरज पांडेय, दिनेश मिश्र, प्रत्युष त्रिपाठी, शिवम पाण्डेय, सुनील पाल,शिवम पांडेय, ज्ञानधर शुक्ला, सुरेंद्र पांडेय, आशुतोष पांडेय, गौरव पांडेय, शीतला प्रसाद मिश्रा,धीरज सिंह, जवाहर लाल पाण्डेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देवा फाउंडेशन के सामने रेलवे ट्रैक के पास 55 वर्षीय व्यक्ति का दोनों बांह कटा शव मिला



**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के टमलगंज मुहल्ले के देवा फाउंडेशन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक एक अज्ञात व्यक्ति का शव दोनों बाह कटे रात्रि 11.30 बजे रेलवे फोर्ड मैन जितेंद्र कुमार ने स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। सूचना पर हलका इंचार्ज राजेश रमन राय घटना स्थल पर मय फोर्स पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर रात्रि पहचान कराते रहे। सुबह से मृतक कि पहचान नहीं हो सकी। हल्का इंचार्ज राजेश रामण राय ने बताया की मृतक सफेदशर्ट पहना है, सफेद गंजीव ब्लू कलर का लोवर कत्थई कलर का चड्डी पहन रखा है।

## करंट लगने से बेटे की मौत, मां बहन गंभीर रूप से घायल

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चचरी मोड कॉलोनी में अशोक साहनी की बेटी अन्नू साहनी सुबह 10 बजे कपड़ा धोकर डारे पर डाल रही थी डारे में करंट आने से उसी में सट गई। मां राजपति देवी अपनी बेटी को बचाने गई वह भी करंट की चपेट में आ गई। बेटा अभिषेक कुमार साहनी दोनों को चिपके हुए देखा तुरंत किसी तरह उन्हें खींच वह नीचे फर्श पर गिर गया। जिस घर के लोगों ने चुनार चचरी मोड हॉस्पिटल में पहुंचा जहां डॉक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। मां बेटी को मिर्जापुर के लिए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया दोनों का इलाज चल रहा है। मृतक आईआईटी किया हुआ था जो मुंबई में कपड़े की दुकान पर काम करता था। कल रविवार को ही मुंबई से घर आया हुआ था। आज उसकी सुबह मौत हो गई।मृतक अपने मां-बाप का चार बेटियों में इकलौता बेटा था।

## सड़क पर गिर कर बाइक सवार घायल प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गाँव में सोमवार को तीन बजे दिन बाइक से जा रहे चालक को अचानक चक्कर आ जाने पर सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीछे बैठे साथी एंबुलेंस को सूचना दी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गहरी चोट होने कारण ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गंजरिया गांव निवासी गंगेश्वर प्रसाद मिश्र(40) अपने साथी सुनील कुमार मिश्रा व लवलेश मिश्रा के साथ हलिया बाजार से एक दुकान पर नाश्ता करके वापस घर की तरफ जा रहे थे।जैसे ही दुकान से 500 मीटर आगे हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के हथेड़ा मोड़ के पहले पहुंचे की चालक को अचानक चक्कर आ कर सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया पीछे बैठे साथियों ने एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## अदवा नदी में मछली पकड़ रहे लोग वन विभाग की टीम देखकर भागे

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के अदवा नदी में सोमवार को जाल डालकर मछली पकड़ रहे लोग वन विभाग की टीम को देखकर भागे वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से नदी नालो में मछली पकड़ने वाले लोगो को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा है की अगर नदी नालो में मछली पकड़ने की सूचना मिलती है तो मछली पकड़ने वाले शिकारियों को पकड़कर उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

## 15 लाख के बकायेदार की भूमि को राजस्व टीम ने किया कुर्क

**चुनार (मिर्जापुर)।** सोमवार को तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा 15 लाख के बकायेदार विनोद सिंह पुत्र गिरिजा सिंह निवासी भाईपुर खुर्द की भूमि को कुर्क करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार गरिमा सिंह,संग्रह अमीन अमर ज्योति,बृज किशोर शर्मा, सतीश चंद्र,वीरेंद्र इत्यादि राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

मेरी पुत्री खुश्बू का सुकन्या खाता है जो खूश्बू नाम से है तथा आधार कार्ड मे नाम अंशिका देवी है खुश्बू उर्फ अंशिका देवी दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है उसे दोनो नाम से जाना पहिचाना जाता है। शिवनाथ सिह पुत्र जयनारायण सिह ग्राम रामपुर टप्पेवान पोस्ट छतरसा जिला कानपुर देहात।(40)

सी.आर.-617/K-40

**सूचना**

मैने सपरिवार अपने पुत्र राहुल निगम व पुत्रवधू प्रीती निगम के क्रियाकलापो से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है उनके किसी कृत्यों व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार ना होगा। श्रीमती राजेन्द्र कुमारी निगम पत्नी स्व. वीरेन्द्र कुमार निगम नि. 1005, चन्द्रनगर लाल बंगला कानपुर नगर।(41)

सी.आर.-617/K-41

**अदालती सूचना**

न्यायालय नायब तहसीलदार (सचेण्डी) कानपुर नगर
वाद सं. 509/2024
धारा 34 मौजा चचेण्डी–सचेण्डी I
तहसील व जिला कानपुर नगर
धरमवीर सिंह बनाम श्रीमती रामदुलारी देवी

नोटिस– आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें सुनवाई हेतु तारीख पेशी 26.06.2025 नियत है। यदि उपरोक्त वाद में आपको कुछ कहना है तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि में प्रातः 10.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। आपके हाजिर न होने पर यह समझा जायेगा कि उपरोक्त वाद में आपको कोई आपत्ति नही है। अतः एकपक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

1.धरमवीर सिंह पुत्र स्व. राम चरन सिंह भदौरिया निवासी 117/एन–एम (84) काकादेव कानपुर नगर 2. श्रीमती रामदुलारी देवी पत्नी स्व. रामचरन सिंह भदौरिया निवासी 117/एन–एम (84) काकादेव कानपुर नगर दि. 23.06.2025 आज्ञा से, नायब तहसीलदार (सचेण्डी) कानपुर नगर।

सी.आर.-617/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय नायब तहसीलदार (सचेण्डी) कानपुर नगर
वाद सं. 229/2024
धारा 34 मौजा कटरा घनश्याम
तहसील व जिला कानपुर नगर
धरमवीर सिंह बनाम श्रीमती रामदुलारी देवी

नोटिस– आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें सुनवाई हेतु तारीख पेशी 26.06.2025 नियत है। यदि उपरोक्त वाद में आपको कुछ कहना है तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि में प्रातः 10.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। आपके हाजिर न होने पर यह समझा जायेगा कि उपरोक्त वाद में आपको कोई आपत्ति नही है। अतः एकपक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

1.धरमवीर सिंह पुत्र स्व. राम चरन सिंह भदौरिया निवासी 117/एन–एम (84) काकादेव कानपुर नगर 2. श्रीमती रामदुलारी देवी पत्नी स्व. रामचरन सिंह भदौरिया निवासी 117/एन–एम (84) काकादेव कानपुर नगर दि. 23.06.2025 आज्ञा से, नायब तहसीलदार (सचेण्डी) कानपुर नगर।

सी.आर.-617/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय सहा. कले. प्र. श्रे./उप जिलाधिकारी अकबरपुर कानपुर देहात
वाद सं. 5196/2024
सतीश चौहान बनाम शिवप्यारी आदि
धारा 116 अधिनियम 2006 ग्राम धरऊ तहसील अकबरपुर जनपद कानपुर देहात
तारीख पेशी 24.06.2025

बनाम–प्रिया सिंह पत्नी धीरेन्द्र सिंह नि. यू.पी.एस.आई.डी.सी. जैनपुर अकबरपुर कानपुर देहात

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत 116 यू.पी. आर.सी. एक्ट दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.06. 2025 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबेदही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 04.06.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-617/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर
परिवाद सं. 747 सन् 2023

श्रीमती गीता उम्र 28 वर्ष लगभग पत्नी अभिषेक उमराव पुत्री महावीर निवासिनी 44 अमौली आंशिक –1 थाना चांदपुर तहसील बिन्दकी फतेहपुर उ.प्र. वर्तमान पता एच–1593 केशवपुरम कल्यानपुर कानपुर नगर मो. 7785973374..प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम– अभिषेक उमराव 28 वर्ष लगभग पुत्र संतोष कुमार निवासी पता–ए/18 शकुन नगर सिविल लाइन्स थाना कोतवाली फतेहपुर उ.प्र. ...विपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 125 सी. आर.पी.सी. थाना महिला थाना कानपुर नगर

वादिनी ने आपके विरूद्ध धारा 125 जाब्ता फौजदारी प्रार्थना पत्र वास्ते दिलाने गुजारा प्रतिमाह दाखिल किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 01.08.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिएसम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 23.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुन्सरिम प्रथम पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर

सी.आर.-617/K-CN

**उत्तर मध्य रेलवे**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर-इटावा रेल मार्ग पर मालनपुर - गोहद रोड़ रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेलवे अंडर पास संख्या 24 (रेलवे किमी. 1253/6-7) को अनुरक्षण कार्य हेतु दिनांक **24.06.2025** से **23.09.2025** तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने-जाने हेतु **1.0 Km** दूर मालनपुर स्टेशन की तरफ स्थित अंडर पास 23 का उपयोग किया किया जा सकता है।

**वरि. मण्डल अभियंता/ उत्तर/झाँसी**

1089/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी सं. 04121/04122 सूबेदारगंज - चर्लपल्ली सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04121 सूबेदारगंज - चर्लपल्ली | | | गाड़ी संख्या - 04122 चर्लपल्ली - सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 15:50 | सूबेदारगंज | 10:00 | ..... |
| 16:58 | 17:00 | फतेहपुर | 08:18 | 08:20 |
| 18:05 | 18:10 | गोविन्दपुरी | 07:15 | 07:20 |
| 19:18 | 19:20 | पुखरायाँ | 05:13 | 05:15 |
| 19:58 | 20:00 | उरई | 04:38 | 04:40 |
| 22:10 | 22:15 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 03:15 | 03:20 |
| 00:20 | 00:25 | बीना | 00:20 | 00:25 |
| 02:20 | 02:25 | रानी कमलापति | 21:20 | 21:25 |
| 04:00 | 04:05 | इटारसी | 19:35 | 19:40 |
| 09:00 | 09:05 | नागपुर | 13:25 | 13:30 |
| 13:05 | 13:10 | बल्हारशाह | 10:15 | 10:20 |
| 14:09 | 14:10 | सिरपूर कागजनगर | 09:29 | 09:30 |
| 14:59 | 15:00 | मंचिर्याल | 08:24 | 08:25 |
| 15:30 | 15:31 | पेद्दपल्ली | 07:49 | 07:50 |
| 16:43 | 16:45 | काजीपेट | 06:38 | 06:40 |
| 20:00 | ..... | चर्लपल्ली | ..... | 04:30 |

• **सूबेदारगंज से** गाड़ी संख्या 04121, प्रत्येक गुरूवार, **दिनांक** : 26.06.25 से 31.07.25 तक • **चर्लपल्ली से** गाड़ी संख्या 04122, प्रत्येक शनिवार, **दिनांक** : 28.06.25 से 02.08.25 तक

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी : 07, स्लीपर श्रेणी : 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 02

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1083/25(AS)

**विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये गाड़ी संख्या 04153/04154 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी संख्या 04153/04154 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04153 कानपुर सेंट्रल - कोलकाता | | | गाड़ी संख्या - 04154 कोलकाता - कानपुर सेंट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| सोम, गुरू | प्र. 13:00 | कानपुर सेंट्रल | आ. 04:30 | बुध, शनि |
| 14:00 | 14:02 | फतेहपुर | 02:18 | 02:20 |
| 15:55 | 16:00 | प्रयागराज जं. | बु.,श. 01:05 | 01:10 |
| 17:55 | 17:57 | मिर्ज़ापुर | 22:38 | 22:40 |
| 19:40 | 19:50 | पं. दीनदयाल उपा. जं. | 20:40 | 20:50 |
| 21:00 | 21:02 | सासाराम | 19:48 | 19:50 |
| 21:20 | 21:22 | डेहरी ऑन सोन | 19:15 | 19:17 |
| 22:35 | 22:40 | गया | 18:10 | 18:15 |
| 23:50 | 23:52 | कोडरमा | 16:50 | 16:52 |
| मं.,शु. 00:35 | 00:37 | पारसनाथ | 16:18 | 16:20 |
| 00:45 | 00:47 | गोमो | 15:58 | 16:00 |
| 01:40 | 01:45 | धनबाद | 15:30 | 15:35 |
| 02:50 | 02:55 | आसनसोल | 13:52 | 13:57 |
| 03:30 | 03:32 | दुर्गापुर | 13:19 | 13:21 |
| 04:56 | 04:58 | बर्धमान | 12:20 | 12:22 |
| आ. 07:50 | मंगल, शुक्र | कोलकाता | मंगल, शुक्र | प्र. 10:45 |

**कानपुर सेंट्रल से:-** गाड़ी संख्या 04153, प्रत्येक सोमवार व गुरूवार, दिनांक 03.07.2025 से 14.08.2025 तक। **कोलकाता से:-** गाड़ी संख्या 04154, प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार, दिनांक 04.07.2025 से 15.08.2025 तक।

**गाड़ी संरचना:-** सामान्य श्रेणी- 04, स्लीपर श्रेणी- 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1085/25(A)


## आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उपरिया गांव में आकाशीय बिजली कि चपेट में आने से पशु पालक की भैस की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे पशु पालक ने दैवीय आपदा से क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक को सूचना दिया है जिससे पशु पालक को दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति मिल सके। थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी चीनी गुप्ता की दुधारू भैस सिवान में खुटे में बंधी हुई थी की गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर भैस की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पशु पालक ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक कमलेश कुमार को सूचना दिया है जिससे पशु पालक को दैवीय आपदा राहत कोष से हुई क्षति का क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जा सके। इस संबंध में पशु पालक ने बताया की आकाशीय बिजली गिरने से पचास हजार रूपये की दुधारू भैस की मौत हो गई है। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल सहित पशु चिकित्सक व ग्राम प्रधान को सूचना दिया गया है जिससे दैवीय आपदा से हुई क्षति की क्षतिपूर्ति दैवीय आपदा राहत कोष से मिल सके।

## कृषक कॉपरेटिव फाउंडेशन किसान सेवा के संचालन के लिए कैबिनेट मंत्री को सौंपा पत्र



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया वार्ड नंबर एक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल ने रविवार को कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को पत्र सौपकर कोटाघाट में वर्षो से बंद चल रहे कृषक सेवा केंद्र के संचालन शुरू कराने की मांग किया है। दिए गए पत्र में बताया है की विकास खंड हलिया के कोटा शिव प्रताप सिंह में कृषक कॉपरेटिव फाउंडेशन कृषक सेवा केंद्र इफको खाद एवं बीज कृषि रसायन बिक्री केंद्र खुलवाने के संबंध में किसान भाई लोगो को एक वर्ष से खाद एवं बीज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है जिससे किसानो को खेत में बीज एवं खाद डालने को परेशानिया हो रही है। पूर्व में वर्ष 2019 में बंद होने पर आपके द्वारा पुनः चालू करवाया गया था लेकिन वर्ष 2024 से फिर बंद पड़ा हुआ है। बंद पड़े कृषक सेवा केंद्र के संचालन की मांग किया है।


**नीलामी सूचना**

अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग कानपुर देहात की रिपोर्ट एवम खण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार संविलियन विद्यालय जैता पुर में स्थित जर्जर कक्षा कक्ष संख्या एक की नीलामी दिनांक 30 जून 2025 को विद्यालय परिसर में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करे। **प्रधानाध्यापक** संविलियन विद्यालय जैता पुर संदलपुर कानपुर देहात।

सी.आर.-617/K

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विश्वकर्मा नगर सहकारी आवास समिति लि. कानपुर की भूमि स्थित मौजा सनिगवॉ की सम्पूर्ण भूमि लगभग 2 हेक्टेयर का एकमुस्त/टुकड़ो में विक्रय किया जाना है क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था/कम्पनी अपनी दरें बन्द लिफाफे में समिति कार्यालय में दि. 28.06.2025 तक डाक द्वारा अथवा सीधे प्रस्तुत कर सकते है। प्रबन्ध कमेटी द्वारा अधिकतम दर दाता, को विक्रय पर विचार किया जायेगा। सचिव श्री विश्व कर्मा नगर सह. आ. समिति लि. 573 सफीपुर प्रथम रामादेवी कानपुर–7

सी.आर.-617/K

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

## 'ईरानी फौज तय करेगी जवाबी कार्रवाई का वक्त'



**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका ने देश के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करके 'कूटनीति

### यूएन में ईरान ने अमेरिका पर लगाए कई आरोप

के रास्ते बंद करने का फैसला किया', अब उसके हमलों पर जवाबी कार्रवाई का वक्त, तरीका और इसका पैमाना क्या होगा इसके बारे में फैसला सेना करेगी।
संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावनी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहा कि ईरान ने अपने तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमलों के बाद कहा कि 'ईरान ने युद्धोन्मादी अमेरिकी शासन को बार-बार चेतावनी दी थी कि वह इस दलदल में न फंसे।' उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करके 'कूटनीति के रास्ते बंद करने का निर्णय लिया' तथा अब ईरान की सेना यह निर्णय करेगी कि जवाबी कार्रवाई कब की जाएगी और इसकी प्रकृति कैसी होगी तथा इसे कैसे अंजाम दिया जाएगा। ईरानी राजदूत ने कहा, 'हम सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।' इरावनी ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पश्चिम के 'घृणित कृत्य' कराने में और अमेरिकी विदेश नीति को 'हाईजैक' करने में सफल हो गए और कहा कि इससे अमेरिका एक और निराधार युद्ध में फंस गया है। इरावनी ने कहा कि ईरान के विदेश मंत्री ने इस सप्ताह कई यूरोपीय समकक्षों के साथ बातचीत की थी लेकिन 'अमेरिका ने कूटनीति के रास्ते बंद करने का फैसला किया।'

## ईरान में हमला कर अपने घर में ही घिरे डोनाल्ड ट्रंप




**वॉशिंगटन।** ईरान और इजरायल के युद्ध में अमेरिका के शामिल होने पर न्यूयॉर्क समेत कई बड़े शहरों में ट्रंप प्रशासन का विरोध हो रहा है। रविवार

### अमेरिका में सड़कों पर उतरे लोग

### इजरायल के खिलाफ भी गुस्सा निकाला

को ट्रंप प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए लोगों ने ईरान के खिलाफ लॉन्च किए गए ऑपरेशन मिडनाइट हैमर का विरोध किया। इस ऑपरेशन के जरिए अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोर्डो, इस्फहान और नतांज को निशाना बनाया था। हमले के बाद ट्रंप ने कहा था कि हमारी तरफ से यह हमला वैश्विक शांति के लिए था। ट्रंप के इस फैसले का वैश्विक राजनीति में भले ही ज्यादा विरोध न हो लेकिन अमेरिका शहरों की सड़कों पर हजारों लोग इसका विरोध करने के लिए उतर आए। मैनहट्टन की मुख्य सड़कों पर फिलिस्तीनी झंडे को लेकर और ईरान में युद्ध बंद करो के नारे लगाते हुए लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। एक प्रदर्शनकारी ने अपने हाथ में एक पोस्टर ले रखा था, जिसमें लिखा था, हम आपको अमेरिका को वैश्विक युद्ध में नहीं घसीटने देंगे। इस प्रदर्शन के दौरान लोगों के बीच में इजरायल को लेकर गुस्सा भी देखने को मिला। लोगों ने इजरायल की आलोचना करते हुए कहा कि उसने पहले से ही गाजा में अपने अमानवीय हमले जारी रखे हैं और अब उसने ईरान के खिलाफ भी संघर्ष को भड़का दिया है।

**पाकिस्तान की नई गीदड़भभकी**

## सिंधु समझौते के लिए जंग लड़ेंगे : बिलावल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल समझौते पर गीदड़भभकी दी है। पाकिस्तान की संसद नेशनल

### छीनेंगे छह नदियों का पानी

असेंबली में बोलते हुए बिलावल भुट्टो ने कहा कि इस समझौते को यदि भारत ने लागू नहीं किया तो हम एक और जंग के लिए तैयार हैं। बिलावल भुट्टो ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को पहुंची गहरी चोट पर भी झूठ बोलते हुए कहा कि हमने इस जंग में जीत हासिल की है। इसके साथ ही बिलावल ने कहा कि हम सिंधु समझौते के लिए जंग को तैयार हैं और भारत से वे तीन नदियां भी छीन लेंगे, जिनका पानी इस्तेमाल करने की परमिशन उन्हें है। बिलावल ने कहा, भारत ने कहा कि सिंधु समझौता खत्म हो गया है। उन्होंने इसे होल्ड पर डाल दिया है, लेकिन यह गैर-कानूनी है। सिंधु जल समझौता तो वर्ल्ड बैंक ने कराया था और उस पर धमकी देना संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के खिलाफ है और भारत इसे खत्म नहीं कर सकता। यदि भारत ने इसे खत्म किया तो फिर हम एक जंग और लड़ेंगे। उस जंग के नतीजे में हम भारत से वे तीन नदियां भी छीन लेंगे, जो भारत के पास हैं। फिर हमारे पास तीन नदियों का नहीं बल्कि 6 नदियों का पानी रहेगा। पाकिस्तानी नेता ने कहा कि यदि हमें जंग के लिए मजबूर किया गया तो फिर हम जानते हैं कि हमारी एयरफोर्स और सेना बहुत मजबूत है। भारत के सामने दो विकल्प हैं- या तो वे सिंधु जल समझौते को मान लें और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार अमल करें। यदि वह नहीं मानते हैं और सिंधु के पानी पर बांध या नहरें बनाते हैं तो फिर पाकिस्तान जंग करेगा और हम 6 नदियों का पानी अपनी अवाम को दिलाएंगे। भारत ने यह कोशिश की है कि दहशतगर्दी का इलजाम पाकिस्तान पर लगा दे। इस मामले में भी भारत हार गया है।

## ईरान की सबसे खतरनाक मिसाइल है खुर्रमशहर-4

**तेहरान।** अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान ने रविवार को इस्राइल पर हमले किए। इन हमलों में ईरान ने अपनी

### इराक युद्ध में भी हो चुकी है इस्तेमाल

सबसे शक्तिशाली और बड़ी मिसाइल खुर्रमशहर-4 का इस्तेमाल किया। ईरान ने 40 मिसाइल दागकर इजरायल को काफी नुकसान पहुंचाया। इस मिसाइल को इराक के खिलाफ युद्ध में भी इस्तेमाल किया गया था। अपनी परफॉरमेंस की वजह से यह अब दुनियाभर में उत्सुकता का विषय बन गई है। ईरान ने खुर्रमशहर-4 मिसाइल का नाम ईरानी शहर खोर्रमशहर के नाम पर रखा है। इसे 1980 के दशक में हुए ईरान-इराक युद्ध में भी इस्तेमाल किया गया था। इसे खेइबर मिसाइल के नाम से भी जाना जाता है। खेइबर से एक यहूदी किला है और जो अब सऊदी अरब में है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बताया कि अमेरिकी हमलों के बाद इस्राइल पर दागी गई 40 खुर्रमशहर-4 मिसाइल की रेंज दो हजार किमी है। साथ ही यह 1500 किलो तक पेलोड लेकर जा सकती है। ईरानी सरकारी टीवी पर दिखाए गए मिसाइल के फुटेज में दावा किया गया कि यह ईरान की सबसे बड़ी मिसाइल है।

## एक नज़र

### ईरान के समर्थन में यमन भी जंग में कूदा

**सना।** अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जारी युद्ध में अब ईरान को मध्य पूर्व से एक और देश का खुला समर्थन मिला है। यमन ने आधिकारिक तौर पर इस युद्ध में शामिल होने का ऐलान कर दिया है। यमनी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरीअ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही तीसरे विश्व युद्ध की आशंका और बढ़ गई है। ईरान और इजरायल के बीच 13 जून को शुरू हुए युद्ध में अब यमन भी आधिकारिक रूप से शामिल हो गया है। यमनी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरीअ ने कहा, यमन अब आधिकारिक रूप से अमेरिका और इजरायल के खिलाफ युद्ध में प्रवेश कर चुका है। अपने जहाजों को हमारी समुद्री सीमा से दूर रखें। यमन सेना का यह बयान ईरान पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद आया है। बीते दिनों अमेरिकी सेना ने 'ऑपरेशन मिड-नाइट हैमर' के तहत ईरान के परमाणु ठिकानों फोर्दो, इस्फान और नतांज को निशाना बनाते हुए युद्ध को एक नए स्तर पर ला दिया है। इसके अलावा सोमवार को इजरायली सेना ने भी फोर्दो परमाणु साइट पर हवाई हमला किया।

### दक्षिण कोरिया : 64 साल बाद चुना गया रक्षा मंत्री

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में 64 साल बाद इतिहास रचते हुए राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने देश के रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी एक आम नागरिक को सौंपी है। राष्ट्रपति ली ने पांच बार के सांसद और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता आह्न ग्यू-बैक को देश का नया रक्षा मंत्री नामित किया है। इससे पहले यह पद हमेशा सेना के रिटायर्ड जनरलों के हाथों में ही रहा है। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब देश के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन समेत कई शीर्ष सैन्य अधिकारी आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। ये अधिकारी पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल के कार्यकाल के दौरान देश में मार्शल लॉ लागू करने में शामिल बताए जा रहे हैं। योन पर बगावत के आरोप हैं और उन्हें राष्ट्रपति पद से हटा दिया गया है।

### उल्टा न पड़ जाए ईरान पर हमलों का ट्रंप का दांव

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले करके ट्रंप बेशक अपनी बड़ी जीत का दावा कर रहे हैं, लेकिन यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति पर ही भारी पड़ सकता है। ईरान पर हमले करने के बाद ट्रंप ने इजरायल के प्रति अमेरिकी समर्थन को खुले तौर साझा कर दिया है, लेकिन यह ट्रंप के लिए कूटनीतिक मुश्किलें खड़ी करने वाला है। अब पूरी दुनिया की निगाहें ईरान के पलटवार पर टिकी हुई हैं। ईरान के सामने भी कई चुनौतियां हैं। अगर वह अमेरिकी हमलों का जवाब देता है, तो युद्ध बढ़ेगा। ईरान ऐसा नहीं करता है तो उसके वैश्विक समर्थन पर असर पड़ सकता है। देखने की बात यह है कि कैसे यह ईरान के लिए जीत का मौका है और ट्रंप पर यह दांव उल्टा पड़ सकता है? अमेरिका ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे। इन हमलों में ईरान के फोर्डो, इस्फहान और नतांज परमाणु स्थलों को निशाना बनाया गया था। इसके बाद ट्रंप ने कहा था कि ईरान को शांति स्थापित करनी चाहिए। ऐसा करके ट्रंप ने ईरान के पाले में गेंद फेंक दी है। अब अगर ईरान अमेरिकी हमलों का जवाब देता है तो ट्रंप कहानी बनाएंगे कि हमने युद्ध शुरू नहीं किया है और ईरान पर जवाबी हमले करेंगे।

### ट्रंप की निगाह ईरान में सत्ता परिवर्तन पर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) रात ईरान के तीन परमाणु ठिकानों- फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर सटीक हमले किए। इन हमलों के बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को ईरान में सत्ता परिवर्तन का संकेत दिया। साथ ही उन्होंने ईरान को पुनर्जीवित करने की वर्तमान नेतृत्व की क्षमता पर सवाल उठाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, सत्ता परिवर्तन शब्द का उपयोग करना राजनीतिक रूप से सही नहीं है, लेकिन अगर वर्तमान ईरानी शासन ईरान को फिर से महान बनाने में असमर्थ है, तो सत्ता परिवर्तन क्यों नहीं होगा? उनका कहना है, 'मेक ईरान ग्रेट अगेन'।

### कई देश ईरान को परमाणु हथियार देने के लिए तैयार

**मॉस्को।** रूस के पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पुतिन के खास दिमित्री मेदवेदेव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक और युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया। मेदवेदव ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ट्रंप शांतिदूत बनकर आए थे, लेकिन उन्होंने अमेरिका को एक नए युद्ध में झोंक दिया है। मेदवेदेव ने ये भी लिखा कि कई देश हैं, जो अपने परमाणु हथियार ईरान को देने के लिए तैयार हैं। हालांकि मेदवेदेव ने उन देशों का नाम नहीं लिया। पूर्व रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि इस्राइली जनता लगातार हमले के डर में जी रही है और इस्राइल में जगह-जगह बम धमाके हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान पर हुआ अमेरिका का हमला न सिर्फ ईरान को और मजबूत बनाएगा बल्कि पूरी दुनिया में ईरान के लिए समर्थन बढ़ेगा।


## अमेरिकी नागरिक दुनियाभर में यात्रा के दौरान सावधानी बरतें

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए दुनियाभर में कहीं भी यात्रा को लेकर यात्रा सलाह (ट्रैवल एडवायजरी) जारी की है। अमेरिका की

### अमेरिका ने जारी की ट्रैवल एडवायजरी

यह सलाह ऐसे समय जारी की गई है, जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर शनिवार देर रात हमले किए। जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की बात कही है। अमेरिका के विदेश विभाग ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि दुनियाभर में सावधानी रखें: ईरान और इस्राइल के बीच जारी संघर्ष के चलते पश्चिम एशिया में हालात खराब हैं और वहां एयरस्पेस भी बंद है। ऐसे में विदेशों में अमेरिका या अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ प्रदर्शन हो सकते हैं। विदेश विभाग की सलाह है कि अमेरिकी नागरिक दुनियाभर में कहीं भी यात्रा कर रहे हैं तो सावधान रहें और जो भी यात्रा संबंधी दिशा-निर्देश हैं, उन्हें ध्यान से पढ़ें। साथ ही जहां जा रहे हैं, वहां सुरक्षा अलर्ट की भी जानकारी लें। अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए सऊदी अरब, तुर्किये, इराक, यूएई और जॉर्डन में भी सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। साथ ही लेबनान न जाने की सलाह दी गई है। यह एडवाइजरी ऐसे समय जारी की गई है, जब शनिवार देर रात अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर हमले किए थे।

## कभी अमेरिकी मदद से ही शुरू हुआ था ईरान का परमाणु कार्यक्रम



**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बम और मिसाइल बरसाकर उन्हें तबाह करने का दावा किया है। अमेरिका का तर्क है कि उसने ऐसा ईरान को

### यही मुद्दा अब बना आन की लड़ाई

परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए किया है। लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि अमेरिका ने ही ईरान में परमाणु कार्यक्रम शुरू कराया था।
ईरान ने 1950 के दशक के अंत में अमेरिका की तकनीकी सहायता से अपने परमाणु कार्यक्रम की नींव रखी। उस समय शाह मोहम्मद रजा पहलवी ईरान के शासक थे। उन्होंने अमेरिका के साथ एक असैन्य परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। 1970 में ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर किया। उसने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को अपनी परमाणु सामग्री घोषित करने की प्रतिबद्धता जताई। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में ईरान के अघोषित परमाणु स्थलों के बारे में जो जानकारी सामने आई उसने विश्व समुदाय की चिंताएं बढ़ा दीं। आईएईए की 2011 की रिपोर्ट में बताया गया कि 2003 तक ही ईरान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में कई गतिविधियों के करीब पहुंच गया था। यह जानकारी सामने आने के बाद ईरान की यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया। यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों को निलंबित किए जाने के बाद ईरान ने यूरोपीय और अन्य अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ फिर बातचीत शुरू की। इसके बाद 14 जुलाई, 2015 को वियना में ईरान और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, रूस और अमेरिका के बीच समझौता हुआ। संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) नामक इस समझौते ने 12 साल के संकट और 21 महीने की लंबी बातचीत के बाद प्रतिबंधों में राहत के बदले ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर महत्वपूर्ण प्रतिबंध लगाए। 2016 में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मुश्किल से हासिल यह समझौता खतरे में पड़ गया। पद संभालते ही ट्रंप ने कहना शुरू कर दिया कि अमेरिका इस समझौते से हट जाएगा। 8 मई, 2018 को अमेरिका इससे अलग हो गया और ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगा दिए।

## ईरान पर हमले से अमेरिकी संसद में घमासान



**न्यूयॉर्क।** ईरान के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अचानक सैन्य हमला अब घरेलू राजनीति में भी भारी हलचल मचा रहा है। ट्रंप ने कांग्रेस की पूरी जानकारी के बिना ईरान के परमाणु

### ट्रंप के एकतरफा फैसले से फंसी रिपब्लिकन पार्टी

ठिकानों पर हमला करने का फैसला लिया, जिससे अमेरिकी संसद में नया विवाद खड़ा हो गया है। खास बात यह रही कि व्हाइट हाउस ने हमले से पहले सिर्फ रिपब्लिकन नेताओं को जानकारी दी, डेमोक्रेट्स यानी विपक्षी पार्टी को लगभग नजरअंदाज ही कर दिया गया। सीनेट डेमोक्रेट नेता चक शूमर को हमले से ठीक पहले औपचारिक सूचना दी गई, जबकि हाउस डेमोक्रेट नेता हकीम जेफ्रीज तक खबर ट्रंप के ऐलान के बाद पहुंची। कांग्रेस की इंटेलिजेंस कमेटी के टॉप डेमोक्रेट जिम हाइम्स ने कहा कि उन्हें हमले की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए मिली, जो बेहद शर्मनाक बात है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ गलत बल्कि असंवैधानिक भी है कि संसद को विदेश नीति जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा का मौका नहीं दिया गया। ट्रंप का यह कदम उनकी ही पार्टी में भी विवाद का कारण बन गया है। हाउस सांसद थॉमस मैसी और डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने मिलकर वॉर पॉवर्स रेजोल्यूशन पेश किया है, जो बिना संसद की मंजूरी के ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग करता है। ट्रंप के इस फैसले को लेकर रिपब्लिकन पार्टी में भी दो धड़े बनते नजर आ रहे हैं। ट्रंप के कट्टर समर्थक भी अब उनसे नाराज दिख रहे हैं।
खास बात यह भी है कि ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ इस अभियान को युद्ध नहीं बल्कि परमाणु कार्यक्रम को रोकने की कार्रवाई बता रहा है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा हम ईरान से युद्ध नहीं कर रहे, हम उसके परमाणु कार्यक्रम से लड़ रहे हैं। दूसरी ओर, ट्रंप ने अपनी ही पार्टी के सांसद थॉमस मैसी पर हमला बोला और उन्हें हारने वाला बताते हुए कहा कि वह उनके खिलाफ ही चुनाव प्रचार करेंगे।
ट्रंप की यह रणनीति फिलहाल रिपब्लिकन पार्टी को असहज स्थिति में डाल रही है। पार्टी के अंदर ही विरोध की आवाजें तेज हो रही हैं। वहीं, डेमोक्रेट्स का आरोप है कि ट्रंप का यह कदम न सिर्फ असंवैधानिक है बल्कि अमेरिका को फिर एक अनिश्चित विदेश नीति के दलदल में धकेल सकता है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह विवाद अमेरिकी राजनीति में और बड़ा रूप ले सकता है।

## बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नुरुल हुदा को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी से पहले नुरुल हुदा को

### भीड़ ने पीटा, बेइज्जत भी किया

भीड़ द्वारा पीटा भी गया। रविवार को लोगों की भीड़ ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नुरुल हुदा के ढाका स्थित आवास पर हमला किया। यह हमला ऐसे वक्त किया गया, जब पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने नुरुल हुदा के खिलाफ चुनाव में धांधली के आरोप में शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद ही भीड़ ने नुरुल हुदा के घर पर हमला किया। ढाका के उत्तरा पश्चिम पुलिस स्टेशन के प्रमुख हफीजुर रहमान ने बताया कि सूचना के बाद हम मौके पर पहुंचे तो भीड़ ने हुदा को घेरा हुआ था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक भीड़ ने हुदा के ढाका के उत्तरा इलाके में स्थित घर पर धावा बोला और उन्हें खींचकर बाहर ले आई। इस दौरान भीड़ ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त को पीटा। सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट में दिख रहा है कि भीड़ ने नुरुल हुदा को पहले जूतों से पीटा और उसके बाद उनके गले में जूतों की माला पहनाई गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नुरुल हुदा को हिरासत में लिया। ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मोहीदुल इस्लाम ने बताया कि हुदा को बीएनपी द्वारा दर्ज शिकायत के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया।

## योग से ज़िंदगी में आया सकारात्मक बदलाव!



योग न केवल तन और मन का संतुलन साधता है, बल्कि जीवन को भी नई दिशा देता है। एण्डटीवी के कलाकार बता रहे हैं कि कैसे योग ने उनकी ज़िंदगी में सकारात्मक बदलाव लाए और उन्हें उम्मीद है कि इससे दूसरे लोग भी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिये प्रेरित होंगे। गीतांजलि मिश्रा, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ÷मेरे लिए योग एक बदलाव की तरह रहा है-खासकर उन मुश्किल पलों में जब मैं भावनात्मक रूप से टूट जाती थी। मैंने अपने रूटीन में 'पश्चिमोत्तानासन' को शामिल किया, जिसने मेरे नर्वस सिस्टम को शांत किया और इमोशनल क्रेविंग्स पर नियंत्रण पाने में मदद की। इसके अलावा 'नाड़ी शोधन प्राणायाम' मेरे लिए एक तरह का रीसेट बटन बन गया है, जिससे मैं तुरंत शांत और स्थिर महसूस करती हूं। योग मेरे लिए सिर्फ एक्सरसाइज़ नहीं, बल्कि एक थेरेपी है जो भीतर से पोषण देती है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा की भूमिका निभा रहे आसिफशेख बताते हैं, ''हमारे प्रोफेशन में मानसिक और भावनात्मक संतुलन, शारीरिक फिटनेस जितना ही जरूरी है। योग मेरे लिए उस संतुलन की डोर बन गया है। 'वृक्षासन' मुझे लंबे शूट्स के दौरान भी ज़मीन से जोड़े रखता है, जबकि 'भुजंगासन' से मेरी रीढ़ मज़बूत हुई है और ऊर्जा भी बढ़ी है-यह मेरा रोज़ाना का पावर बूस्ट है। 'अनुलोम विलोम' मैं कभी नहीं छोड़ता, चाहे शूट पर जाते वक्त कार में ही क्यों न करना पड़े। इससे दिमाग साफ़ होता है और तनाव दूर रहता है। खाने के बाद मैं दस मिनट 'वज्रासन' में बैठता हूं, इससे पाचन में जबरदस्त सुधार हुआ है। इन आसान, लेकिन असरदार अभ्यासों ने मुझे मानसिक रूप से शांत, सतर्क और मजबूत बनाया है। मेरे लिए योग एक साइलेंट स्ट्रेंथ की तरह है-स्क्रीन पर भी और ज़िंदगी में भी।''

## बारिश के मौसम में करें- तूफान का सामना!

इस हफ्ते एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शकों को देखने मिले-ा बारिश का मज़ेदार झमेला! शो के किरदार बारिश का लुत्फ उठाने की कोशिश तो करें-, लेकिन उनका ये प्लान बुरी तरह फेल हो जाए-ा। आखिर क्यों, जानने के लिए हमारे साथ बन रहिए! 'हप्पू की उलटन पलटन' की आ-ामी कहानी के बारे में बताते हुए कटोरी अम्मा का किरदार निभा रहीं हिमानी शिवपुरी कहती हैं,÷दरो-ा हप्पू सिंह (यो-ेश त्रिपाठी) को बारिश के मौसम में -रमा-रम पकौड़ों की तलब ल-ती है और वो राजेश (-ीतांजलि मिश्रा) से उन्हें बनाने की ज़िद करता है। लेकिन राजेश हर बार बारिश के मौसम में पकौड़े बनाने से तं-आ चुकी है और इस बार सख्ती से मना कर देती है। इससे हप्पू का दिल टूट जाता है। इसी बीच थाने में हप्पू के पास एक अजीब शिकायत आती है।'' इधर, 'भाबीजी घर पर हैं' के आ-ामी एपिसोड के बारे में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व -ौड़ ने बताया, ÷अम्माजी (सोमा राठौड़) अं-ूरी भाबी (शुभां-ी अत्रे) को संतान प्राप्ति के लिए एक अनोखा टोटका बताती हैं, जिसमें उसे अपने पति तिवारी जी (रोहिताश्व -ौड़) के साथ बारिश में नाचना होता है! अं-ूरी इस टोटके को पूरा करने के लिए तैयार है। इधर विभूति नारायण मिश्रा (आसिफशेख) इस योजना को सुन लेता है और उसे बि-ाड़ने की ठान लेता है। वह अपने दोस्त रवि दुबे (चयन त्रिवेदी), जो टेम्परेचर डिपार्टमेंट में काम करता है, से कहता है कि जैसे ही बारिश होने वाली हो, उसे तुरंत सूचना दे। लेकिन हर बार जब रवि फोन करता है, विभूति या तो ट्रैफिक में फंस जाता है, या पुलिस के चक्कर में पड़ जाता है, या अस्पताल पहुंच जाता है और जब तक वह आता है, बारिश रुक चुकी होती है! उसकी हर कोशिश पर पानी फिर जाता है। वहीं दूसरी ओर, तिवारी जी को सपना आता है कि अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) उन्हें बारिश में -रमा--रम पकौड़े खिला रही हैं। इसी फैंटेसी में तिवारी बार-बार अनीता से पकौड़े बनाने की मिन्नत करता है, लेकिन हर बार उसका दिल टूटता है। बारिश होते ही अं-ूरी तिवारी को पकड़कर टोटके के लिए खींचना चाहती हैं, और तिवारी हर बार अनीता के पकौड़ों के ख्वाब में -ायब हो जाता है।

## 24 छात्राओं के यौन उत्पीड़न में हिमाचल का शिक्षक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के एक सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया।स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

बाजार दर्पण

